चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 235, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 24 सितंबर 2023

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## हेमंत सोरेन दलालों-बिचौलियों को बचाने में परेशान : बाबूलाल मरांडी

**पश्चिमी सिंहभूम**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शनिवार को चक्रधरपुर की संकल्प सभा में हेमंत सरकार पर जमकर बरसे। मरांडी ने कहा कि पूरा सिंहभूम की जनता डेंगू और मलेरिया से परेशान है लेकिन हेमंत सोरेन दलालों-बिचौलियों को बचाने में परेशान हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार और अपराध चरम पर है। खान खनिज, बालू पत्थर की लूट मची है। हेमंत सोरेन और उनका परिवार नाम बदलकर उरांव, हो मुंडा सभी गरीब आदिवासियों की जमीन लूट रहा। महाजन प्रथा का विरोध करते करते शिबू सोरेन परिवार आज झारखंड का सबसे बड़ा महाजन बन गया है। मरांडी ने कहा कि झारखंड के लोगों को प्रधानमंत्री आवास, छोटे-मोटे निर्माण के लिए नदी से बालू लेने पर पुलिस पकड़ लेती है लेकिन सरकार के संरक्षण में रोज हजारों ट्रक अवैध बालू बंगाल, बिहार, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मुंबई जा रहा लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती। क्योंकि, कमीशन का पैसा हेमंत सोरेन के खाते में जाता है। मरांडी ने कहा कि झारखंड राज्य भाजपा की देन है।

## हरियाणा में तीन करम से अधिक चौड़ाई वाले सभी रास्ते होंगे पक्के

**चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ऐलान किया है कि गांवों और शहरों के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए तीन करम से अधिक चौड़ाई वाले सभी रास्तों को पक्का किया जाएगा। सड़क नेटवर्क को मजबूत करने के लिए 1647 सड़कों में से 1632 सड़कों के टेंडर हो चुके हैं और 1378 सड़कों का काम आवंटित किया जा चुका है। मुख्यमंत्री शनिवार को प्रदेश के सभी जिला उपायुक्तों तथा प्रशासनिक सचिवों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में स्वामित्व योजना, लोक निर्माण विभाग की सड़कों, मेरी फसल मेरा ब्योरा, मंडियों में फसल खरीद सुनिश्चित करने, मुख्यमंत्री घोषणाओं, मेरी माटी-मेरा देश, लिंगानुपात सहित सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं व कार्यक्रमों की समीक्षा की गई।

# 'काशी और संस्कृति एक ही ऊर्जा के दो नाम'

## भविष्य के भारत का एक प्रतीक बनेगा काशी का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम : प्रधानमंत्री




**नई दिल्ली/वाराणसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि ये स्टेडियम केवल ईंट और कंक्रीट से बना एक मैदान नहीं बल्कि भविष्य के भारत का एक प्रतीक बनेगा। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब खेल का बुनियादी ढांचा तैयार होता है, जब इतना बड़ा स्टेडियम बनता है तो खेल ही नहीं स्थानीय अर्थव्यवस्था पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। काशी का ये अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम पूर्वांचल का चमकता सितारा बनेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज क्रिकेट के जरिए दुनिया भारत से जुड़ रही है। नए-नए देश क्रिकेट खेलने के लिए आगे आ रहे हैं। जाहिर है कि आने वाले दिनों में क्रिकेट मैचों की संख्या बढ़ने वाली है। जब मैचों की संख्या बढ़ेगी तो नए स्टेडियमों की जरूरत भी पड़ेगी। तब बनारस का ये अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम इस डिमांड को पूरा करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा, काशी के सांसद के रूप में, मैं यहां पहला अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम बनाने में उनके समर्थन के लिए बीसीसीआई को धन्यवाद देना चाहता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत का पहला बहुस्तरीय खेल परिसर है जो दिव्यांगजनों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है। ये स्टेडियम न सिर्फ वाराणसी बल्कि पूर्वांचल के युवाओं के लिए वरदान जैसा होगा। इस स्टेडियम के पूरा होने पर 30,000 से ज्यादा लोग यहां बैठकर मैच देख पाएंगे। जबसे इस स्टेडियम की तस्वीरें बाहर आई हैं, उन्हें देखकर हर काशीवासी गदगद हो गया है।

### काशी में नई परंपराओं की ये शुरूआत भर है : मोदी



**प्रधानमंत्री ने** सांसद खेल प्रतियोगिता पोर्टल को लांच किया। उन्होंने कहा कि चाहे सांसद खेल प्रतियोगिता हो, सांस्कृतिक महोत्सव हो। काशी में नई परंपराओं की ये शुरूआत है। अब यहां काशी सांसद ज्ञान प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएग। कोशिश यही है कि यहां के इतिहास, समृद्ध विरासत, त्यौहार और खान पान के प्रति जागरूकता और बढ़े। उन्होंने कहा कि उनकी इच्छा है कि यहां अब काशी सांसद टूरिस्ट गाइड प्रतियोगिता का आयोजन हो। पूरी दुनिया में कोई गाइड की बात करे तो काशी के गाइड का नाम सबसे सम्मान से लिया जाए।

**काशी है सर्व समावेशी, यही है इसकी शैक्षणिक सफलता का आधार**

प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के 16 अटल आवासीय विद्यालयों को लोकार्पित करते हुए कहा कि बनारस शिक्षा का एक बड़ा केंद्र रहा है। बनारस की शैक्षणिक सफलता का सबसे बड़ा आधार है इसका सर्व समावेशी स्वभाव। देश दुनिया के कोने कोने से आकर लोग यहां पढ़ाई करते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए 16 अटल आवासीय विद्यालय का लोकार्पण किया गया है। ये भव्य स्कूल, हमारे श्रमिक और समाज के कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए किया गया काम है। इससे उनसे अच्छी शिक्षा और संस्कार मिलेंगे। जिन लोगों की कोरोना में दुखद मृत्यु हो गई उनके बच्चों को यहां निशुल्क पढ़ाया जाएगा।

## कैसे बनना है एक जागरूक जनप्रतिनिधि, पीएम से मिलती है प्रेरणा : योगी



**वाराणसी**

**अभिनव यो**जनाएं कैसे बनाई जाती हैं और फिर उन्हें कैसे क्रियान्वित किया जाता है, ये हम सभी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सीखना चाहिए। जागरूक जनप्रतिनिधि बनने के लिए मोदी हम सबके प्रेरणास्त्रोत हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर हर भारतवासी गर्व की अनुभूति करता है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में आयोजित 16 अटल आवासीय विद्यालयों के उद्घाटन एवं सांसद सांस्कृतिक सम्मेलन के समापन समारोह के दौरान कही। इससे पहले प्रधानमंत्री की मौजूदगी में मुख्यमंत्री ने अटल आवासीय विद्यालय के बच्चों से संवाद कार्यक्रम में भी शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जब भी काशी आते हैं तो देश और दुनिया को कुछ बड़ा देकर आते हैं। इस बार चंद्रयान की अभूतपूर्व सफलता, जी-20 सम्मेलन के जरिए वैश्विक मंच पर भारत की शक्ति और सामर्थ्य का प्रदर्शन, आदित्य एल-वन का सफल प्रक्षेपण और संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का पारित होना महत्वपूर्ण कदम हैं।

समाज के हर तबके के विकास के लिए कार्य योजना बनाना और उसे प्रभावी ढंग से कैसे लागू करना है, यह आपके नेतृत्व क्षमता से हम सब सीखते हैं।

## 'खतरे ग्लोबल हैं तो उससे निपटने का तरीका भी ग्लोबल होना चाहिए'

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री नरें**द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 'अंतरराष्ट्रीय वकील सम्मेलन 2023' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने जनसमूह को भी संबोधित किया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 23 और 24 सितंबर को 'न्याय वितरण प्रणाली में उभरती चुनौतियां' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय वकील सम्मेलन 2023 का आयोजन किया जा रहा है। इसे बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित किया गया है। अंतरराष्ट्रीय वकीलों के सम्मेलन में




पीएम मोदी ने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन वसुधैव कुटुंबकम की भारत की भावना का प्रतीक बन गई है। किसी भी देश के निर्माण में वहां की कानूनी बिरादरी की बहुत बड़ी भूमिका होती है। भारत में वर्षों से न्यायतंत्र भारत की न्याय व्यवस्था के संरक्षक रहे हैं।'

## बीएसपी सांसद दानिश के समर्थन में उतरा विपक्ष, चार पार्टियों ने स्पीकर को चिट्ठी लिखी

**नई दिल्ली**

21 सितंबर को लोकसभा में चंद्रयान पर चर्चा के दौरान बीजेपी सांसद रमेश बिधूड़ी ने बीएसपी सांसद दानिश पर अभद्र टिप्पणी की। जिसको लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। विपक्ष की चार पार्टियां दानिश का समर्थन करते हुए बिधूड़ी पर कार्रवाई की मांग कर रही हैं। लेटर में मांग की गई कि बिधूड़ी के आचरण और टिप्पणियों का मामला संसद की विशेषाधिकार समिति को भेजा जाए और उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए। विपक्षी दलों ने चिट्ठी में कांग्रेस नेता अधीर



रंजन चौधरी का उदाहरण दिया, जिन्हें मानसून सत्र में एक अपमानजनक टिप्पणी के लिए निलंबित कर दिया गया था, लेकिन भाजपा सांसद के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है।

**चिट्ठी में भाजपा सांसद के खिलाफ कार्रवाई की मांग:** स्पीकर को चिट्ठी लिखने वालों में अधीर रंजन चौधरी भी शामिल हैं। उन्होंने लिखा, दानिश अली एक अल्पसंख्यक समुदाय से हैं। उनके खिलाफ असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल किया गया। इससे भी अधिक खेदजनक और क्या होगा कि ये घटना तब हुई जब संसदीय इतिहास के 75 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया जा रहा था। हमारी मांग है कि इस मामले की विशेषाधिकार समिति द्वारा विस्तार से जांच की जाए और दोषी सदस्य रमेश बिधूड़ी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

## नई संसद को मोदी मल्टीप्लेक्स कहना चाहिए: जयराम रमेश



**नई दिल्ली**

कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने शनिवार को संसद की पुरानी और नई इमारत की तुलना की। उन्होंने पुरानी इमारत को बेहतर बताया। उन्होंने कहा कि नई संसद, जिसे बहुत जोर-शोर के साथ लॉन्च किया गया था, वह पीएम मोदी के उद्देश्यों को अच्छी तरह पूरा कर रही है। इसे मोदी मल्टीप्लेक्स या मोदी मेरियट कहा जाना चाहिए। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि नई संसद में कार्यवाही शुरू होने के चार दिन बाद ही संसद के दोनों सदनों और लॉबी तक में मैंने जो देखा उसे संवाद की मौत कह सकते हैं। अगर आर्किटेक्चर से संविधान मर सकता है तो पीएम मोदी संविधान को दोबारा लिखे बिना उसकी हत्या करने में सफल हुए हैं। इसे लेकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस के निचले स्तर के मुकाबले में भी ये बेहद घटिया सोच है। ये और कुछ नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की उम्मीदों का अपमान है। वैसे भी ये पहली बार नहीं है जब कांग्रेस ने पार्लियामेंट विरोधी बात कही है। 1975 में भी उन्होंने ये कोशिश की थी, पर बुरी तरह विफल हुई।

**पुरानी इमारत का दिव्य आभामंडल था, जो नई इमारत में नहीं :** जयराम ने कहा कि नई बिल्डिंग में एक दूसरे को देखने के लिए बाइनोकुलर्स की जरूरत पड़ेगी क्योंकि हॉल छोटे नहीं हैं, वे उतने आरामदायक नहीं हैं।

## हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष ने पीएम मोदी और सीएम खट्टर के लिए आपत्तिजनक शब्द कहे

**चंडीगढ़**

हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री मनोहर लाल को लेकर अपशब्द कहे हैं। उन्होंने शनिवार को एक कार्यक्रम के दौरान एक विवादित बयान दिया। उदयभान ने हरियाणा के मुख्यमंत्री के लिए कहा कि उन्हें पता ही नहीं है कि घर-परिवार क्या होता है। उदयभान के इस बयान पर हरियाणा भाजपा प्रभारी और त्रिपुरा के पूर्व सीएम बिप्लब देब ने कहा है कि हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान की भारत के प्रधानमंत्री के लिए ऐसे शब्द कांग्रेस की विकृत मानसिकता को दर्शाते हैं। उन्होंने लिखा है कि यह है राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान? त्रिपुरा के पूर्व सीएम ने उदयभान के बयान का पोस्ट किया है। साथ ही कांग्रेस पार्टी से इस बयान पर मांफी मांगने को कहा है।

**यमुनानगर में कांग्रेस नेता के घर गए थे उदयभान:** उदयभान यमुनानगर में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉक्टर राजन शर्मा के निवास पर गए थे। वहां इंडिया गठबंधन में इनेलो के शामिल होने को लेकर उन्होंने कहा कि इनेलो हरियाणा में सहारा ढूंढ रहा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि इनेलो भाजपा की टीम है, उसकी सहयोगी है। वह कांग्रेस को कमजोर करना चाहती है।

उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के कुछ सहयोगी दल इनेलो को इंडिया गठबंधन में शामिल करना चाहते हैं. लेकिन जैसे ही इस विषय में कोई चर्चा होगी। हरियाणा कांग्रेस अपने नेतृत्व को जमीनी हकीकत से अवगत कराएगी कि इनेलो का हरियाणा में कोई जन आधार नहीं है।

## फ्यूजन के नाम पर शास्त्रीय संगीत के साथ छेड़-छाड़ होगी मुश्किल

**नई दिल्ली**

भारत के शास्त्रीय संगीत और नृत्य कला की मूल परंपरा को बचाए रखने के लिए अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर कला संबंधों के क्षेत्र में काम करने वाली भारत सरकार की संस्था को भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) ने एक समिति का गठन किया है। भारतीय शास्त्रीय नृत्यांगना और पंडित बिरजू महाराज की प्रमुख शिष्या शाश्वती सेन को इसका निमंत्रक बनाया गया। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के अध्यक्ष विनय सहस्रबुद्धे ने हिन्दुस्थान समाचार के साथ खास बातचीत में बताया कि यह समिति इस बात पर नजर रखेगी कि फ्यूजन नृत्य शैली के नाम पर कहीं उस शास्त्रीय नृत्य और संगीत शैली की मूल भावना के साथ छेड़-छाड़ तो नहीं की जा रही है।

# खालिस्तानी आतंकी पन्नू पर एनआईए का एक्शन

### चंडीगढ़ और अमृतसर की प्रॉपर्टी जब्त की, अब मालिकाना हक सरकार का हुआ

**अमृतसर/चंडीगढ़**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की पंजाब और चंडीगढ़ की प्रॉपर्टी को जब्त कर लिया है। पन्नू प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस का मुखिया है। वह कनाडा और दूसरे देशों से लगातार भारत विरोधी बातें करता रहता है। हाल ही में कनाडा-भारत विवाद में उसने कनाडा में रहने वाले हिंदुओं को भी धमकी दी थी।




**पन्नू अब इन प्रॉपर्टी का मालिक नहीं रहा:** एनआईए की तरफ से अमृतसर के गांव खानकोट में पन्नू की 46 कनाल की प्रॉपर्टी जब्त की गई है। खानकोट पन्नू का पैतृक गांव है। यह एग्रीकल्चर लैंड है। वहीं चंडीगढ़ के सेक्टर 15 उ में पन्नू का घर है। पहले 2020 में इन्हें अटैच किया गया था। अब ठक्अ ने इन्हें जब्त कर लिया। कानूनी तौर पर अब पन्नू इन प्रॉपर्टी का मालिक नहीं रहा। यह प्रॉपर्टी अब सरकार की हो गई हैं।

**2020 में आतंकी घोषित हुआ पन्नू:** भारत सरकार ने 2019 में आतंकी गतिविधियां चलाने के आरोप में गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम यानी वअढअ के तहत पन्नू के संगठन एसएफजे पर बैन लगाया। गृह मंत्रालय ने अपनी अधिसूचना में कहा था कि सिखों के लिए रेफरेंडम की आड़ में एसएफजे पंजाब में अलगाववाद और उग्रवादी विचारधारा का समर्थन कर रहा है। पन्नू पर साल 2020 में अलगाववाद को बढ़ावा देने और पंजाबी सिख युवाओं को हथियार उठाने के लिए प्रोत्साहित करने का आरोप लगा। इसके बाद केंद्र सरकार ने 1 जुलाई 2020 को पन्नू को वअढअ के तहत आतंकी घोषित किया। 2020 में सरकार ने एसएफजे से जुड़े 40 से ज्यादा वेबपेज और यूट्यूब चैनलों को बैन किया।

**पन्नू पर करीब 12 केस, सोशल मीडिया पर करता है भड़काऊ बयानबाजी:** एसएफजे और पन्नू के खिलाफ भारत में करीब एक दर्जन मामले दर्ज हो चुके हैं। इनमें पंजाब में देशद्रोह के तीन मामले भी हैं। पंजाब पुलिस द्वारा तैयार किए गए डोजियर में एसएफजे द्वारा कई वर्षों से सोशल मीडिया पर विभिन्न अलगाववादी पोस्टों के बारे में जानकारी दी गई थी। इनमें वह आतंकियों का समर्थन करता था। पन्नू सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव है। वह पंजाबी भाषा में ऑडियो और वीडियो संदेश जारी करता है। जिसमें वह पंजाबी युवाओं को भारत के खिलाफ भड़काता है।

# गमगीन माहौल में मृतक विजय के परिजनों ने किया दाह संस्कार

## घर से गिरफ्तार कर ले गई कौशांबी पुलिस ने दिखा दिया मुठभेड़, गोली लगने से हुआ था घायल, पुलिस एनकाउंटर पर उठ रहे सवाल, पिता ने लगाई न्याय की गुहार



अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** पुलिस एनकाउंटर व मुठभेड़ की हर घटनाओं पर लोग सवाल खड़े करते हैं। लेकिन कौशांबी पुलिस द्वारा बीते 12 सितंबर को चरवा जंगल में लूट के जिन दो आरोपियों को मुठभेड़ दिखाते हुए गिरफ्तार करने व वाहवाही लूटने का दावा कर रही थी। मुठभेड़ में घायल विजय सोनी (20) पुत्र नारायण सोनी की मौत के बाद उसके परिजनों ने पुलिस के फर्जी मुठभेड़ की कलई खोल दी है। शुक्रवार शाम 8 बजे जब मृतक विजय सोनी का शव उसके घर पहुंचा तो रखकर हंगामा खड़ा कर दिया। परिजन शव का दाह संस्कार करने को राजी नहीं हुए। पूरी रात पैंतिहा गांव में यमुनापार के अधिकांशतः थानों की फोर्स डटी रही। एसीपी मेजा के समझने बुझाने के बाद भी परिजनों ने रात में दाह संस्कार नहीं किया। सुबह एसीपी मेजा विमल किशोर मिश्र ने पहुंच कर परिजनों को कार्रवाई हेतु आश्वस्त किया तब जाकर परिजन दाह संस्कार को राजी हुए। दोपहर 12 बजे विजय सोनी का दाह संस्कार पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में किया गया।

### माता पिता व बहन ने घर अंतरैला से गिरफ्तार कर ले जाने का किया दावा

**कौशांबी।** पुलिस जिस विजय सोनी को चरवा कौशांबी के जंगल में मुठभेड़ में गिरफ्तार करने की वाहवाही लूट रही है। मृतक विजय के परिजनों ने मुठभेड़ व एनकाउंटर को फर्जी होने का दावा किया है। मृतक के पिता नारायण सोनी मां अंजू बहन ज्योति ने दावा किया है कि विजय को कौशांबी पुलिस अंतरैला थाना जवा तहसील मध्य प्रदेश के मेरे घर से बीते 10 सितंबर को गिरफ्तार कर ले गई थी। पुलिस उसे कहां ले गई इसकी भी कोई जानकारी नहीं दी गई। अस्पताल में भर्ती होने के बाद विजय ने किसी के मोबाइल से फोन कर अस्पताल में होने की जानकारी दी। जिसके बाद परिजन अस्पताल पहुंच गए। विजय अस्पताल पहुंचे परिजनों माता पिता बहन को बताया कि पुलिस ने मुझे दो दिन तक यातना देने के बाद 12 सितंबर को भोर में जंगल में ले गई जहां 10 - 12 पुलिस वाले थे कुछ सादे कपड़े में थे तो कुछ ने वर्दी पहन रखी थी। विजय ने बताया था कि जिसने मुझे गोली मारी वह सादे कपड़े में था। बताया था कि गोली लगने बाद भी पुलिस ने मुझे यातनाएं दी थी। जब हालत बिगड़ी तो उसे एस आर एन अस्पताल प्रयागराज में भर्ती करा दिया। गुरुवार को उसके हाथ में लगी गोली का आपरेशन हुआ जिसके अगले दिन उसकी मौत हो गई। परिजनों ने उपचार में भी लापरवाही का आरोप लगाया है। मृतक के पिता नारायण सोनी ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद अंतरैला मध्य प्रदेश थाने में शिकायत कर सीएम हेल्पलाइन पर भी 10सितंबर को बेटे को घर से बिना कुछ बताए गिरफ्तार कर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई है।

**परिजनों ने जहर का इंजेक्शन लगाने की जताई आशंका :**
पुलिस के कथित मुठभेड़ में घायल व मृतक हो चुके विजय सोनी के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर जहर का इंजेक्शन लगाने की भी आशंका जताई है। परिजनों ने मामले की जांच और कार्यवाही करने की मांग की है। फिलहाल मृतक के बारे में ग्रामीण भी ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाई। क्योंकि वह अपराधी किस्म का बताया जाता है। उसके कई साथी भी थे। जो पुलिस की निगरानी से दूर रहते हैं। थाना प्रभारी कोराव विनोद कुमार ने बताया कि हम लोग शांति व्यवस्था कायम रखने दाह ससकार कराने में लगे हैं।

# मदरा-टेला गंगा घाट पर रात के अंधेरे में चलाया जा रहा स्टीमर



चंद पैसों के लिए यात्रियों की जान को जोखिम में डाला जा रहा, प्रशासन मौन

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र के मदरा टेला गंगा घाट पर लोगों को आर-पार की सुगम यात्रा करने के लिए प्रशासन के द्वारा स्टीमर तथा नाव की निःशुल्क व्यवस्था कराई गई हैं। जिससे लोग आसानी से गंगा आर-पार की यात्रा कम समय मे कर सके और उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या से परेशान ना होना पड़े। मेजा क्षेत्र में गंगा आर पार की यात्रा के लिए कहीं पर भी पक्के पुल का निर्माण नहीं कराया गया है। गर्मियों में गंगा नदी पर पांटून पुल का निर्माण किया जाता है और लोग उसी पुल से आवागमन करते हैं जैसे ही बरसात के चलते गंगा नदी में उफान आता है उससे पूर्व ही पाटून पुल को हटा दिया जाता है। और फिर नाव ही मात्र एक सहारा बनता है। वही देखा जाए तो मदरा टेला गंगा घाट पर रात के अंधेरे में सवारियों को ले जा रही स्टीमर से हादसे का भाय बना रहता है। उफनाई गंगा नदी में रात के अंधेरे में नाव किस किनारे लगेगी यह जानकारी नहीं हो पाती। यात्रियों ने सूरज वार्ता प्रतिनिधि को बताया कि स्टीमर पर किसी भी प्रकार की लाइट की व्यवस्था नहीं है लोग अपनी गाड़ियों की हेडलाइट जलाकर आवागमन करते हैं। जबकि कुछ दिन पहले (रक्षाबंधन) यात्रियों से भारी स्टीमर रात के अंधेरे में तकरीबन 2 किलोमीटर बह गई थी। जिससे स्टीमर में सवार यात्रियों में हड़कंप मचा रहा। वहीं अगर समय रहते प्रशासन के द्वारा इस व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया गया तो किसी दिन बड़ा हादसा होने से गुरेज नहीं किया जा सकता।

## न्यूज झरोखा

### पंडालों में विराजे प्रथम पूज्य श्री गणेश, मंदिरों में उमड़ी सुबह से ही आस्था की भीड़



**जारी।** प्रथम पूज्य देव, आराध्य देव गणपति की पूजा के साथ शनिवार को बाल संघ गणेश पूजा कमेटी के आयोजकों द्वारा पांच दिवासीय गणेश महोत्सव शुरू हो गया। ढोल नगाड़ों की धुन पर महिलाएं नाचते गाते हुए गणपति बप्पा मोरिया मंगल मूर्ति मोरया के नारे लगाते हुए गणेश जी की प्रतिमा को पंडाल में स्थापित किया गया और धार्मिक पूजा अर्चना के साथ कई स्थानों पर गणपति बप्पा स्थापित किए गए। श्री गणेश महोत्सव का भव्य आयोजन से चारों तरफ चहल-पहल बनी हुई है ।लोगों में इस पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। जारी बाजार में कई स्थानों पर मंदिर और पांडाल सजाए गए हैं। लोगों ने धार्मिक आस्था के साथ श्री गणेश जी की पूजा अर्चना कर मूर्तियां स्थापित की। और विधि विधान पूर्वक पूजा पाठ की जा रही है।

### छिवकी मे श्री गणेश पूजन महोत्सव का आयोजन



**नैनी।** नैनी छिवकी मे सार्वजनिक श्री गणेश पूजन महोत्सव का आयोजन शनिवार को मूर्ति का स्थापना साथ किया गया। प्रथम दिन शाम को पूजा पाठ के बाद आरती करके प्रसाद वितरण किया गया। आरती होने के बाद पंडाल मे एक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमे आये हुये भक्तों ने श्री गणेश जी का जयकारा लगाया। वही कमेटी के अध्यक्ष अधिवक्ता सुधाकर द्विवेदी ने आये हुये भक्तों को धन्यवाद व्यक्त किया। इस मौके पर विनय द्विवेदी, लकी दूबे, निखिल गुप्ता, शिवम गुप्ता, महेश निषाद, उमेश निषाद, महेन्द्र पटेल, गोपाल, आदित्य निषाद, शनि, अभिषेक साहू, श्री निवासी, गंगा गुप्ता आदि कमेटी के लोग उपस्थित रहे।

### स्वच्छता ही सेवा है के प्रति ब्लाक कर्मियों ने ली शपथ



**करछना।** विकासखंड करछना में शनिवार को खंड विकास अधिकारी के नेतृत्व में सभी ब्लॉक कर्मियों ने स्वच्छता ही सेवा के प्रति शपथ दिलाई गई इस अवसर पर ब्लॉक के सभी पंचायत सचिवों को रोजगार सेवकों को एवं सफाई कर्मियों को यह निर्देशित किया गया कि विकासखंड के समस्त गांवों में ऑफिस कार्यालय में स्वच्छता के प्रति सेवा भाव होना जरूरी है जब हमारा गांव घर स्वयं हम स्वच्छ रहेंगे तो दूसरों के लिए प्रेरित करना हमारा मूल उद्देश्य है स्वच्छता ही सेवा है के प्रति समर्पित होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी धीरेश गुप्ता एडीओ पंचायत रमाकांत पांडे एकाउंटेंट सोनू सिंहा, आवास बाबू बृजेश द्विवेदी, मनीष शुक्ला, सचिव कमल सिंह आशीष सिंह ,दीपेश सिंह, आरती यादव ,कमल सिंह आदित्य पौडवाल, दिनेश श्रीवास्तव, कमला कांत शुक्ला, विनोद कुमार तिवारी ,मनीष कुमार सिंह अमित यादव, महेंद्र कुमार सिंह यादव ,अशोक कुमार संजीव श्रीवास्तव, नागेन्द्र पांडेय प्रधान पनासा सहित बड़ी संख्या में प्रधान पंचायत सचिव एवं ब्लॉक कर्मियों के समक्ष स्वच्छता सेवा भाव की शपथ दिलाई गई

### अभियान चलाकर उत्पाती बंदरों को वन विभाग ने किया कैद



**सहसों।** आम जनमानस को नुकसान पहुंचा रहे एवं बस्तियों में बने घरों में उपद्रव तथा लोगों को घायल करने वाले उत्पाती बंदरों को पकड़ने के लिए वन विभाग ने डब्लू एफ एफ सी टी को सक्रिय करते हुए विभाग द्वारा वन्य जीव संरक्षण के तहत बंदरों को पकड़ने के लिए वाइल्ड लाइफ फोरेस्ट फ्रैंड कंजर्वेशन ट्रस्ट अकारीपुर, सोराँव को सक्रिय किया है। शनिवार को सहसों में कटहे तथा उत्पाती बंदरों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया गया। वन्य जीव विशेषज्ञ वी के टार्जन तथा उनकी टीम द्वारा शनिवार को सहसों बाजार व चौराहे पर बिना किसी नुकसान के यह अभियान चलाया गया। जिसके तहत सहसों बाजार में तथा सहसों चौराहे पर सुरक्षित तरीके से दर्जन भर उत्पाती बंदरों को पकड़ा गया तथा उन्हें ले जाकर जंगलों में छोड़ा। अभियान के विशेषज्ञ टार्जन ने बताया कि यह अभियान चलता रहेगा ताकि इससे हो रहे नुकसान के अलावा लोगों को घायल कर रहे बंदरों से बचाया जा सके।

### सभी शिकायतों का समयबद्ध हो निस्तारण : एसडीएम



**मेजा।** माह के चौथे शनिवार को थाना कोतवाली मेजा में एसडीएम की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया,जिसमे कुल 11 शिकायतें मिलीं।एसडीएम मेजा अमित कुमार गुप्ता ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित को इंगित करते हुए निष्पक्षता पूर्ण समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया।उन्होंने कहा कि सभी सभी शिकायतों के लिए टीम गठित कर एक सप्ताह में निस्तारित कर पीड़ित के मोबाइल पर जानकारी दें।शिकायतों के क्रम में परवा निवासी प्राण नाथ पुत्र भूधर ने विपक्षी द्वारा जबरन पेड़ से फल तोड़ने की शिकायत की, मदरा मुकुंदपुर निवासी बसंती देवी पत्नी हीरामणि ने पीएम आवास के निर्माण को रोकने के संबंध में,मेजा खास निवासी कमला शंकर पुत्र रामयश ने लोहे का दरवाजा चोरी होने,समोगरा निवासी रामधनी पुत्र रामप्यारे ने चकमार्ग पर विपक्षी द्वारा कब्जा करने,सामोगरा निवासी रामधनी पुत्र रामनिहोर ने विपक्षी द्वारा उसकी जमीन पर अवैध कब्जा करने, मदरा मुकुंदपुर निवासी जय प्रकाश पुत्र इंद्रदेव ने विपक्षी द्वारा निर्माण कार्य रोकने के संबंध में,सिंहपुर कला निवासी रामाशंकर पुत्र कृष्णा प्रसाद ने चकमार्ग,शंभू का पूरा निवासी लालजी पांडेय पुत्र रमाशंकर और अजीत कुमार पुत्र लालजी पांडेय ने चकमार्ग पर विपक्षी द्वारा कब्जा करने की शिकायत की।बेदौली निवासी शोभनाथ पुत्र रामदास ने पट्टे की जमीन पर अवैधबकब्ज करने और बिगहनी निवासी आभयशंकर पुत्र स्व.कृष्ण अवतार ने सगे पर जबरन उसके चार कमरों में ताला लगाने की शिकायत की।सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने राजस्व कर्मी के साथ पुलिस टीम गठित कर सभी मामलों को समयबद्ध तरीके से निष्पक्षता पूर्ण निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया।इस मौके पर राजस्व कर्मी के साथ हल्का लेखापाल मौजूद रहे।

### नैनी कोतवाली में थाना समाधान दिवस आयोजन किया गया



**नैनी।** नैनी कोतवाली में थाना समाधान दिवस आयोजन किया गया इस मौके पर एसडीएम करछना राजेश श्रीवास्तव एवं नैनी थाना प्रभारी यशपाल सिंह एवं नैनी थाना के अंतर्गत समस्त चौकी इंचार्ज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा फरियादियों की शिकायतों को सुना गया तथा उनके गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित को लेखपाल कानून को आवश्यक आदेश निर्देश दिये गए।

# उत्तर मध्य क्षेत्र संस्कृतिक केंद्र के कलाकारों ने भोजपुरी गीतों से बांधा समॉ

**नैनी।** नैनी सार्वजनिक गणपति उत्सव मंडल, एवं आभा ग्रामीण विकास सेवा संस्थान द्वारा गणपति मानस पार्क, श्रमिक बस्ती, नैनी में आयोजित सांस्कृतिक गणपति महोत्सव के दोपहर के सत्र में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ जिसमें क्षेत्र के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ विनय तिवारी ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं दवाइयां दी। उन्होंने शिविर का प्रारंभ कार्यक्रम के संयोजक महेश मधुकर मंगरुलकर के रक्तचाप की जांच कर किया। सायंकालीन कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर गणेश केसरवानी ने गणेश जी के पूजन अर्चन से किया` उपस्थित गणपति भक्तों को संबोधित करते हुए महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि वर्षों पहले लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने एवं राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए गणेश उत्सव की शुरूआत की थी। वही काम पिछले 26 वर्षों से महेश मधुकर मंगरुलकर एवं उनकी गणेश उत्सव समिति कर रही है। इसके लिए मैं उन्हें बधाई देता हूं। संबोधन के पश्चात महापौर गणेश केसरवानी ने समिति के पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उत्तर मध्य क्षेत्र संस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज के प्रतिष्ठित भोजपुरी गायक संदीप द्विवेदी, श्रद्धा मलहोत्रा एवं उनकी टीम ने भोजपुरी संध्या की शुरूआत गणेश वंदना से कौ श्रद्धा मल्होत्रा के गीत "घर में पधारो गजानन जी मेरे घर में पधारो" एवं मैया की चुनर उड़ जाए पवन धीरे-धीरे चलो रे" ने वातावरण को भक्तिमय कर दिया। वही संदीप द्विवेदी के गीत रोवले रघुराई एवं चिट्ठी आई है वतन से चिट्ठी आई है ने दर्शकों की आंखें नम कर दीं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मुख्य अतिथि प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी, महेश मधुकर मंगरुलकर, आरके शुक्ला, अनिल विश्वकर्मा, राजकुमार त्रिपाठी, बालकृष्ण मिश्रा, रवि करण सिंह, शिव शंकर दीक्षित, राजकुमार विश्वकर्मा, डॉ संगम लाल विश्वकर्मा, अभिषेक पांडेय, आकाश जायसवाल, पं संजय व्यास, चंद्रकांत मंगरुलकर, सुमन पाठक, आनंद सिंह, अतुल सिंह, रजत दुबे, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, जतिन ठाकुर, राजेश मिश्रा, राजेश सिंह, सचिन तिवारी, दीप प्रताप सिंह, ज्योति मंगरुलकर , सपना गोस्वामी, शालिनी त्रिपाठी, अलका विश्वकर्मा, पुष्पा सिंह, भावना मंगरुलकर, सुलोचना जायसवाल, रेखा श्रीवास्तव, ममता श्रीवास्तव, सरोज सिंह, पिंकी गुप्ता, रिंकी गिरी, मंजू तिवारी ने सहयोग किया।

# सड़क दुर्घटना में भाई की मौत,दो बहन व एक मासूम की हालत नाजुक



अखंड भारत संदेश

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के महरुपुर नेशनल हाईवे सर्विस रोड पर सड़क दुर्घटना में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। वही मोटरसाइकिल पर बैठे दो बहने गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया तथा घायलों को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। प्यागीपुर थाना उतराव निवासी शिव बरन पटेल जो किसानी करता है। उसका बेटा अनूप पटेल उम्र 18 वर्ष जो शुक्रवार अपनी बहन प्रमिला उम्र 24 वर्ष वी प्रीति उम्र 18 वर्ष एक भतीजी परी पुत्री श्याम उम्र 4 वर्ष को अपनी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से लेकर अपने मामा बशौधे थाना बहरिया से सगाई में शामिल होकर घर के लिए वापस आ रहा था। जैसे ही शाम 8:00 बजे के करीब वह महरुपुर नेशनल हाईवे सर्विस रोड पुलिया के पास पहुंचा था कि और पुलिया ही क्रॉस कर रहा था इतने में हंडिया की तरफ आ रही तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक सवार को रौंद दिया।जिसमें मौके पर ही बाइक चालक अनूप पटेल की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं बाइक सवार प्रमिला पटेल,प्रीति व 4 वर्ष की मासूम बच्ची परी दुर्घटना में लहूलुहान हो गई। वही कंटेनर टक्कर मारते हुए सहसों की तरफ तेज रफ्तार से भाग रहा था जहा सर्विस रोड के बगल लगे हरे पेड़ो को रौंदते हुए गायत्री ढाबा के पास जाकर कंटेनर पलट गया तथा अंधेरा का फायदा उठाकर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। वहीं घायल प्रमिला प्रीति परी को एंबुलेंस से बलीपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां तीनों की हालत नाजुक बताई जा रही है। मृतक तीन बहन व दो भाइयों में सबसे छोटा था। वह निमी थरिया स्थित केडी पब्लिक इंटरमीडिएट कॉलेज का इंटर का छात्र था। मृतक अनूप पटेल की मौत से माता सुषमा देवी समेत परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## खड़ी ट्रक में कंटेनर ने मारी टक्कर ड्राइवर घायल




**सोरांव।** शनिवार दोपहर लगभग 3 बजे हडिया कोखराज नेशनल हाईवे पर शिवगढ़ गांव के सामने एक खड़ी ट्रक में कंटेनर ने टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी तेज थी कि कंटेनर ड्राइवर सरफराज 25 साल पुत्र ईशा निवासी हरियाणा बुरी तरह जख्मी हो गया। ग्रामीणों की मदद से सोरांव थाने पर सूचना दी गई। मौके पर पुलिस आई और घायल ड्राइवर को कंटेनर से बाहर निकाला तथा इलाज हेतु सोरांव सीएचसी भेजवा दिया गया। जानकारी के अनुसार एक ट्रक ड्राइवर अपनी गाड़ी हंडिया कोखराज नेशनल हाईवे पर खड़ी करके बगल लगी मछली बाजार में मछली खरीदने आया था। तभी पटना बिहार से लाखों रुपए का चावल लादकर दिल्ली जा रहा एक कंटेनर ने खड़ी ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी तेज थी कि कंटेनर ड्राइवर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। गांव वालों की मदद से सोरांव पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पुलिस आई और घायल हुए ड्राइवर को इलाज हेतु एंबुलेंस से सीएचसी भेज दिए। हालांकि लगभग 2 घंटे क्षतिग्रस्त कंटेनर घटना स्थल पर खड़ी रहने से आवागमन कुछ देर के लिए बाधित रहा जिससे एक लंबा जाम लग गया। लगभग एक घंटे बाद जेसीबी से क्षतिग्रस्त कंटेनर को हटवाया गया। वही ट्रक ड्राइवर मौका पाकर मय ट्रक कानपुर की तरफ फरार हो गया।

## बार एसोसिएशन कोराँव कार्यकारिणी की बैठक संपन्न



**पसना।** नवनिर्वाचित कोरांव बार एसोसिएशन कार्यकारिणी की प्रथम बैठक अध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी की अध्यक्षता में बार कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक का संचालन करते हुए बार के मंत्री विंध्यवासिनी प्रसाद शुक्ल ने उपस्थित कार्यकारिणी सदस्यों से बार एसोसिएशन के आगामी कार्य संचालन हेतु बेहतर तालमेल एवं सुझाव की अपेक्षा की। बैठक में कार्यालय कक्ष की मरम्मत एवं रंगाई पुताई तथा तहसील में अधिवक्ताओं को बैठने के लिए बिजली पंखा और पेयजल की व्यवस्था सुचारू रूप से कराने, अस्वस्थ अधिवक्ताओं को आर्थिक मदद तथा न्यायिक कार्यों में सभी अधिवक्ता बंधुओ के सहयोग, न्यायालयों के नियमित संचालन आदि विषयों पर अध्यक्ष ने कार्यकारिणी सदस्यों से विस्तृत चर्चा की। अध्यक्ष ने सभी अधिवक्ताओं से निवेदन किया कि किसी भी समस्या हेतु सीधे बार कार्यालय में लिखित रूप से सूचना अवश्य दें।बार एसोसिएशन के बैंक खाते के संचालन हेतु अध्यक्ष,मंत्री व कोषाध्यक्ष को संयुक्त रूप से अधिकृत किया गया,साथ ही बार को प्राप्त कोई भी दान,या अन्य राशि बैंक खाते में जमा करने के उपरांत ही खाते के माध्यम से ही लेन देन करने का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ। बैठक में बार के ऑडिटर यादवेंद्र अहीर ने सुझाव दिया कि हर माह के चतुर्थ शनिवार को अधिवक्ताओं की बैठक आहूत हो, व कार्यालय भवन के सामने रोपित पौधों का रख रखाव बेहतर ढंग से हो। बैठक में महेश प्रताप सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष,ज्ञान चंद्र सिंह उपाध्यक्ष, राजेश कुमार शुक्ला कोषाध्यक्ष,संतोष कुमार पांडे उपमंत्री, यादवेंद्र अहीर ऑडिटर,जितेंद्र कुमार चतुर्वेदी सदस्य, कमला शंकर सिंह सदस्य,रत्नेश पाल धनगर सदस्य, लवकुश पाल धनगर सदस्य,अशोक कुमार पांडे सदस्य,आशीष कुमार तिवारी सदस्य, आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मैहर दर्शन के दौरान हार्टअटैक से करछना निवासी अधेड़ की मौत

**करछना।** भडेवरा गांव निवासी रहे और निदेशालय जिला लघु उद्योग केंद्र प्रयागराज सेप्रधान लिपिक के पद से अवकाश प्राप्त रहे लालजी विश्वकर्मा 75 वर्ष का मैहर देवी धाम में दर्शन के पूर्व अचानक दिल का दौडा.पड़ जाने से उनकी मौत हो गई। लालजी विश्वकर्मा अपने इकलौते बेटे प्रभात विश्वकर्मा के सहित पुत्रवधू शिवकली के अलावा अन्य बच्चों के साथशनिवार को मैहर दर्शन के लिए गए थे। और दर्शन करने के लिए जा रहे थे तभी अचानक दिल का दौडा.पड़ जाने से उनकी मौत हो गई । शव घर पहुंचते ही कोहराम मच गया । वहीं देर शाम मनैया गंगा घाट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## चोरों ने दरवाजे की कुंडी काटकर लाखों का सामान किया पार

**जारी।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के बड़गोहना कला गांव में चोरों ने एक घर को बनाया अपना निशाना। शनिवार के बीती रात को विनोद कुमार बिंद पुत्र साधू उर्फ कोहली बिन्द के घर चोरों ने दरवाजे की कुंडी काटकर घर में रखी आलमारी के अंदर से नगदी सहित लाखों रुपये का जेवरात चोरी करके रफू चक्कर हो गए। घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दिया मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी।

## जल जीवन मिशन के अंतर्गत की गई अहम बैठक

**सोरांव।** इलाके के उसरही गांव में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत एक बैठक की गई। जिसमें गांव में बने हुए महिलाओं के समूह के सभी महिला संग गांव के पुरुष मौजूद रहे। तथा बैठक में स्थित मास्टर ट्रेनर प्रभा शंकर शुक्ला एवं प्रशांत शुक्ला ने उपस्थित सभी महिलाओं एवं पुरुषों को शुद्ध जल के बारे में विस्तार से चर्चा परिचर्चा किया। इतना ही नहीं बाहर शौच से फैलने वाली बीमारियों और दूषित जल से होने वाली बीमारियों के रोकथाम उपाय भी बताए। तथा समूह की महिलाओं में कन्याकुमारी, उर्मिला देवी, मंजू देवी, रंजना पटेल, अंजली विश्वकर्मा, कल्पना देवी,योगिता, प्रीती,पुष्पलता देवी, तथा रेखा देवी को मिशन द्वारा प्राप्त किट से जल की गुणवत्ता नापने की विधि भी बताए। तथा यह भी बताएं कि प्रत्येक नलों में पानी की शुद्धता की माप करने के लिए सरकार द्वारा ?20 का अनुदान भी दिया जाएगा। और सरकार इस समय महिलाओं एवं पुरुषों को भी रोजगार देने में तीव्र गति से काम कर रही है। इसीलिए जमीनी स्तर पर हर महिलाओं को कुछ न कुछ रोजगार मिले इसके लिए सरकार आगामी 2024 तक हर घर जल पहुंचाने का उद्देश्य बनाकर लिया है। जिससे सरकार के मिशन को पूरा करने में आसानी रहे इस मौके पर समाज सेवी अवधेश कुमार कुशवाहा, राजेश कुमार कुशवाहा, पंचायत सहायक उर्मिला देवी कुशवाहा, कोटेदार समर बहादुर पटेल, रोजगार सेवक दीपक यादव संग सफाई कर्मी सर्वजीत यादव और दर्जनों महिलाएं एवं पुरुष मौजूद रहे।

# पार्टी के शीर्ष लोगों द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करूंगा : विनोद प्रजापति

## मेजारोड स्थित पटेल गेस्ट हाउस में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का हुआ स्वागत एवं अभिनंदन

अखंड भारत संदेश





**मेजा।** भाजपा के शीर्ष पदाधिकारियों द्वारा मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को प्रयागराज का जिलाध्यक्ष बनाकर जो जिम्मेदारी सौंपी है उस जिम्मेदारी को मैं पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करूंगा। भाजपा सर्वसमाज की पार्टी है जिसमें सबका साथ और सबका विकास निहित है। उक्त उद्गार भाजपा के प्रयागराज जिले के यमुनापार नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति ने शनिवार को मेजारोड स्थित पटेल गेस्ट हाउस में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए ब्यक्त किए। सम्मान समारोह कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी पदाधिकारियो एवं आम जनमानस को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए उन्होंने ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें जातिवाद हम परिवारवाद नहीं है भाजपा सर्व समाज की पार्टी है जिसमें सबका साथ और सब का विकास निहित है श्री प्रजापति ने कहा कि मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को पार्टी ने जिलाध्यक्ष बनाकर जो जिम्मेदारी सौंप है। उस को जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करुंगा साथ ही साथ पार्टी की मजबूत के लिए सर्व समाज के लोगो को एक जूट कर आगामी होने वाले लोकसभा के चुनाव में प्रदेश के मुखिया योगी जी के नेतृत्व मे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने का काम किया जाएगा। उन्होंने उपस्थित सभी पार्टी कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया इसी क्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ला के प्रतिनिधि विनय शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्री प्रजापति से की अगुवाई में पार्टी को न सिर्फ मजूबती मिलेगी बल्कि प्रजापति समाज के साथ साथ अन्य पिछड़ा वर्ग भाजपा के साथ कदम से कदम मिला कर लोक सभा चुनाव पीएम मोदी को पुन प्रधानमंत्री बनाने में अपनी अहम भूमिका अदा करेगा। भाजपा नेता राजू शुक्ला ने कहा कि पार्टी के सिर्फ पदाधिकारियों ने श्री प्रजापति को जिलाध्यक्ष नियुक्त कर एक मिसाल पेश किया है जिससे स्पट होता है कि भाजपा में जातिवाद एव परिवारवाद नही है। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष शिवदत्त पटेल, गुलाब प्रमुख गुरुवार इतनी भोला कोटा गौतम, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र, नगर पंचायत सिरसा चेयरमैन विपिन केशरी उर्फ लखन केशरी, जय शंकर पांडेय, नाथू गुप्ता, जिला मंत्री राजेश पाल, अमरेश तिवारी, पारस नाथ प्रजापति, राजु मणिनाथ तिवारी, आशुतोष प्रजापति, पुष्कर तिवारी, श्याम राज यादव, सुधाकर पांडेय, राकेश पांडेय भगवानदास सविता शर्मा जय सिंह पटेल मनोज गुप्ता मांडवी त्रिवेदी उमाशंकर गांधी तथा नीरज द्विवेदी के अलावा कई अन्य पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कामेश्वर पटेल तथा संचालन विक्रमादित्य मौर्य ने किया।

# गणपति महोत्सव के मंच पर कवियों ने श्रोताओं को खूब गुदगुदाया



**करछना।** सर्वजनिक गणपति सांस्कृतिक महोत्सव नैनी के भव्य मंच पर महोत्सव की पांचवें दिन पहुंचे कवियों ने श्रोताओं को जी भर गुदगुदाया। कार्यक्रम के दौरान अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक सिंह और सेंट्रल एकेडमी ग्रुप के निदेशक एस.के. तिवारी ने कवि, कलाकारों को सम्मानित किया। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि पत्रकार ईश्वर शरण शुक्ला और संचालन चर्चित हास्य कवि अशोक बेशरम ने किया। बांदा से आई युवा कवयित्री आयुषी त्रिपाठी द्वारा प्रस्तुत गणपति और सरस्वती वंदना के उपरांत अशोक बेशरम की कविता- भीख मांगे जो अदाकारी से। बच के रहना तुम उस भिखारी से सुनकर खूब ठहाके लगे। गीतकार जितेंद्र जलज ने-ये दुनिया है बाजार क्या कीजिएगा यहां सब हैं लाचार क्या कीजिएगा, जैसी पंक्तियां पर खूब तालियां बटोरी। रायबरेली से आए वाह-वाह फेम के हास्य कवि संदीप शरारती ने वर्तमान विसंगतियों पर कटाक्ष किया। प्रतापगढ़ के मशहूर युवा कवि लवलेश यदुवंशी ने श्रोताओं में राष्ट्रीय भावना जागृत कर रोमांचित किया। सामाजिक सरोकारों के कवि संतोष शुक्ला समर्थ की -पीपल की बरगद की छांव छू के चला हूं,मैं घर से अपनी मां के पांव छूकर चला हूं जैसी पंक्तियां खूब सराही गईं। हास्य के बवंडर बिहारी लाल अंबर ने लोगों को जी भर गुदगुदाया तो वहीं ईश्वर शरण शुक्ला और आर के शुक्ला की संदेश परत कविताओं में आपसी प्रेम सद्भाव की झलक मिली। आयोजन समिति की ओर से सभी कवियों को प्रशस्ति पत्र वितरित करते हुए पं.महेश मधुकर ने प्रतिवर्ष कवि सम्मेलन की इस परंपरा को अनवरत कायम रहने का संकल्प लिया। अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा ने सभी अतिथियों समेत कवि,कलाकारों के प्रति स्वागत आभार प्रकट किया। इस मौके पर रवि करण सिंह तोमर, राजकुमार त्रिपाठी, सुमित श्रीवास्तव ,आनंद शर्मा, प्रियांशु श्रीवास्तव ,आशीष शर्मा ,रेखा ,सत्यम,ममता ऊषा,ज्योति समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रीय प्रबुद्धजन, स्थानीय श्रोतागण,महिलाएं और बच्चे मौजूद रहे।

## कैम्प में दी गई मरीजों को उचित सलाह एवं निःशुल्क दवाइयां

**सहसों।** युवा डेवलपमेंट वेलफेयर सोसाइटी सहसों के बैनर तले शनिवार को सहसों बाईपास पर निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ डी के पटेल त्वचा एवं चर्म रोग विशेषज्ञ भूतपूर्व चिकित्सक स्वरूप रानी नेहरू हॉस्पिटल प्रयागराज ने त्वचा से संबंधित बीमारियों के बारे में मरीजों को जानकारी प्रदान की तथा उचित सलाह देते हुए कहा कि त्वचा पर बहुत ज्यादा बाजारू कॉस्मेटिक का प्रयोग नहीं करना चाहिए क्योंकि शुरूआत में तो यह चेहरे की चमक बढ़ाती है बाद में झुर्रियां झाइयां जीवन भर पीछा नहीं छोड़ती यदि आपको कोई समस्या है तो चिकित्सक से सलाह लेकर ही किसी क्रीम का इस्तेमाल करें। स्वास्थ्य कैंप में आए हुए लोगों को त्वचा से संबंधित समस्या से ग्रसित लोगों को दवा भी दिया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश केसरवानी ने स्वास्थ्य कैंप में उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था का प्रयास है कि सामाजिक कार्य से जुड़े जो भी कार्य हो वह आम जनमानस तक कितनी आसानी से पहुंच सके यह प्रयास लगातार जारी है। कैंप में मुख्य रूप से फार्मासिस्ट विपिन केसरवानी, अभिषेक केशरवानी, गोलू केसरवानी, मनीष मिश्रा, रवि यादव, पंकज सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# महाकुंभ की ट्रेफिक एडवाइजरी कमेटी की प्रथम बैठक संपन्न

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 के दौरान जनपद प्रयागराज की ट्रैफिक व्यवस्था उत्कृष्ट करते हुए आने वाले श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाने के दृष्टिगत शनिवार को अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर की अध्यक्षता में ट्रेफिक एडवाइजरी कमेटी की प्रथम बैठक मंडल आयुक्त कार्यालय स्थित गांधी सभागार में संपन्न हुई। सर्वप्रथम मेला अधिकारी, महाकुंभ, विजय किरन आनंद ने कुंभ 2019 के अनुभवों को साझा करते हुए उनसे मिली सीख के आधार पर महाकुंभ 2025 हेतु एक कार्य योजना प्रस्तुत की जिसमें आगामी महाकुंभ में पिछले महाकुंभ से डेढ़ गुना भीड के आने की अपेक्षा करते हुए अवगत कराया कि पार्किंग एरिया को 1200 हेक्टेयर से बढ़ाकर 1800 हैकटेयर किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की अपेक्षित भीड में वृद्धि को देखते हुए मेला क्षेत्र को भी 3200-हेक्टेयर से बढ़ाकर 4000 हेक्टेयर किया जाएगा।भारी मात्रा में श्रृद्धालुओं के आगमन के दृष्टिगत एवं ट्रैफिक व्यवस्था के बेहतर प्रबन्ध हेतु आईसीसीसी के कार्यों में भी विस्तार किया जा रहा है। इसमें अस्थायी सर्विलास सिस्टम के अन्तर्गत 676 सीसीटीवी कैमरा (पीटीजेड एवं फिक्स) 12 एएनपीआर कैमरा तथा आर्टीफिशियल इन्टेलीजेंस (ए आई) बेसड उत्कृष्ट भीड प्रबन्धन प्रणाली का प्रयोग किया जाएगा। पार्किंग मैनेजमेंट सिस्टम के अन्तर्गत 120 अस्थाई पार्किंग स्थलों को विकसित किया जा रहा है जिसमें लगभग 720 सीसीटीवी कैमरा तथा एआई बेसड वाहन गिनने की प्रणाली की व्यवस्था भी होगी।विभिन्न स्थलों पर 40 वीएमडी स्क्रीन्स (जिनके माध्यम से इमेज एवं वीडियो मैसेज प्रसारित किये जा सकेंगे), बस स्टेशन एवं रेलवे स्टेशनों पर 126 सीसीटीवी कैमरा, काल सेन्टर की क्षमता को 20 से बढ़ाकर 40 करने, मेला क्षेत्र का गूगल मैप से इन्टीग्रेशन ( जिससे कि मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थलों को गूगल मैप पर देखा जा सकेंगा) तथा 1000 शटल बस चलाने जैसे नये प्रयास भी किए जा रहे हैं। साथ ही इस बार 1300 से बढ़ाकर 2000 टेन्ट की टेन्ट सिटी विकसित करने तथा आईईआरटी के पास एक बडा पार्किंग स्थल भी विकसित करने की योजना है। सिविल एयरपोर्ट की क्षमता वृद्धि भी की जा रही है।बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक से विभिन्न पार्किंग स्थलों / सेटेलाइट टाउन पर की जा रही व्यवस्थाओं, कैमरों को लगाने हेतु स्थानों के चुनाव, पुलिस ट्रेनिंग एवं वर्क प्लान, मेले में शटल बसों के आवागमन की कार्ययोजना, डायवर्जन, कम्युनिकेशन, फायर सेफ्टी, पेडेस्ट्रियल मूवमेंट तथा अन्य ट्रैफिक / सुरक्षा व्यवस्था संबंधी व्यवस्थाओं पर सहमति हेतु नोडल अफसरों को नामित करने का अनुरोध किया गया। मेला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन द्वारा नामित नोडल अफसर इन विषयों पर समन्वय स्थापित करते हुए अपनी संयुक्त सहमति देंगे। बैठक में मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने श्रद्धालुओं के सुविधा के दृष्टिगत विभिन्न प्रमुख स्थलों पर रूट मैप्स लगाने का सुझाव दिया। फायर सेफ्टी के नोडल चीफ फायर आफीसर ने बड़े टेन्टस की 3डी माडलिंग कराते हुए आग लगने की दशा में उन बड़े टेंट से कैसे निकला जा सकता है, इसकी जानकारी वीएमडी के माध्यम से उन परिसरों में लगाने तथा सेना का प्रतिनिधित्व कर रहे कर्नल क्यू ने मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और बेहतर करने के दृष्टिगत ड्रोन के माध्यम से निरन्तर निगरानी करते रहने का सुझाव दिया। पुलिस आयुक्त रमित शर्मा ने बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था बनाने के दृष्टिगत पुराने एवं अनुभवी अफसरों से मार्गदर्शन लेने तथा 112 का इन्टीग्रेशन मेला कन्ट्रोल रूम से कराने का सुझाव दिया। अध्यक्षता कर रहे अपर पुलिस महानिदेशक ने महाकुम्भ की सफलता बेहतर ट्रेनिंग, माक ड्रिल एवं इन्टीग्रेटेड सूचना को बताया।

## अशरफ का गुर्गा आतिन जफर प्रयागराज से अरेस्ट

### बरेली सेंट्रल जेल में अशरफ से कराता था वीआईपी मुलाकात, असद को बचाने के लिए लखनऊ में एटीएम से निकाले थे पैसे



**प्रयागराज।** बरेली सेंट्रल जेल में बंद रहने के दौरान माफिया अशरफ से अवैध मुलाकात कराने के आरोपी आतिन जफर को बरेली पुलिस में गिरफ्तार कर लिया। बरेली पुलिस ने प्रयागराज से शुक्रवार देर रात यह गिरफ्तारी की है। उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। बरेली पुलिस वारंट लेकर प्रयागराज पहुंची, प्रयागराज पुलिस की मदद से उसे बरेली लाया गया। जिसके खिलाफ बरेली के बिथरी चैनपुर थाने में एफआईआर दर्ज है। आज दोपहर उसे बरेली लाया गया, जिससे पुलिस ने पूछताछ की गई।

**सेंट्रल जेल में कराई थी अवैध मुलाकात :** मार्च में बरेली के बिथरी चैनपुर में अशरफ, इसके साले सद्दाम, लल्ला गद्दी, आतिन जफर, जेल अधिकारियों व सिपाहियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। आरोप था कि वह जेल में अशरफ को वीआईपी ट्रीटमेंट दिलवाते थे।इसके बाद से ही जफर फरार चल रहा था। जबकि लल्ला गद्दी और अन्य आरोपी बरेली जेल में हैं। बरेली जेल के तीन सिपाही भी अवैध मुलाकात कराने के मामले में जेल जा चुके हैं। वही सेंट्रल जेल के अधीक्षक समेत पांच अधिकारियों को शासन ने निलंबित कर दिया था। अतीक और अशरफ की प्रयागराज में हत्या हो चुकी है।

**बरेली पुलिस को भी तलाश:** इस मामले में कोर्ट ने आतिन जफर और गुड्डू मुस्लिम का गैर जमानती वारंट जारी किया। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए एसएसपी बरेली घुले सुशील चंद्रभान ने दो टीमें भेजी थी। पहले एक दरोगा टीम के साथ वारंट तामील कराने प्रयागराज पहुंचे। इसके बाद दूसरी टीम प्रयागराज के लिए रवाना की गई। दरोगा ने जब वारंट चस्पा किया और वहां से लौट आए। इसके बाद दूसरी टीम ने आतिन जफर को पकड़ लिया। बरेली पुलिस आतिन जफर को देर रात बरेली के लिए लेकर रवाना हुई। 24 फरवरी 2023 की रात 9 बजे लखनऊ में असद के एटीएम से रुपये निकालने में आतिन जफर की फोटो कैद हुई थी। प्रयागराज में इसी दिन 24 फरवरी को ही उमेशपाल की गोलियां और बम बरसाकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस को गुमराह करने के लिए असद ने अपना मोबाइल और एटीएम लखनऊ में छोड़ा। जिससे पुलिस उसकी लोकेशन ट्रेस नहीं कर सके। उमेशपाल हत्याकांड के बाद अतीक के बेटे असद को बचाया जा सके। वहीं अशरफ के साले सद्दाम और गुड्डू मुस्लिम की तलाश में यूपी पुलिस के अलावा एसटीएफ भी लगी हुई हैं।

## न्यूज झरोखा

### नव नियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति का नगर पंचायत कार्यालय कोरांव पर हुआ स्वागत



**कोरांव।** शनिवार को नगर पंचायत कार्यालय कोरांव पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष यमुनापार प्रयागराज विनोद कुमार प्रजापति का स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। नगर पंचायत कोराव के अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने पुष्प गुच्छ देकर नव नियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत किया। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने अध्यक्ष की ओर से एक बड़ी माला पहनाकर कोराव के प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत किया। नगर पंचायत कार्यालय कोराव पर कार्यक्रम के बाद जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नरसिंह केसरी के आवास पहुंचे। जहां पूर्व चेयरमैन के द्वारा भी नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग का विकास कर रही है। हर वर्ग के हक व अधिकार की लड़ाई लड़ रही है। जिसका नतीजा है कि हर वर्ग के लोग भारतीय जनता पार्टी के साथ आज खड़े हैं। नगर पंचायत कार्यालय कोराव के कार्यक्रम के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नरसिंह केसरी के आवास पहुंचे जहां पूर्व अध्यक्ष के द्वारा भी जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान भारतीय किसान संघ काशी प्रांत के मंत्री भोला सिंह के अलावा कई कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे। नगर पंचायत कार्यालय के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुधाकर पाण्डेय, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सविता, जिला महामंत्री राजेश शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख मेजा के प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र, आनंद केसरी मुन्ना सराफ, जिला उपाध्यक्ष राजेश्वरी तिवारी, शशि द्विवेदी, गणेश मिश्र, विधानसभा कोरांव के सभी मण्डल अध्यक्ष, तुलसी दास राणा, राजकुमार केशरी सभासद, अनूप केशरी, विष्णु केशरी, विजय केशरी, मंगला केशरी प्रदीप केशरी उमाशंकर, डबलू, श्यामबाबू सचिन इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

### योगी सरकार शिक्षा के उन्नयन और विकास के लिए बेहतर काम कर रही है- संजीव पांडेय



**प्रतापपुर।** प्राथमिक विद्यालय पयागपुर में समाजसेवी संजीव पांडेय की तरफ से शनिवार को 150 स्कूली छात्र-छात्राओं को पानी की बोतल, टाई, बेल्ट और मोजे का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए संजीव पांडेय ने कहा कि समाज का जो संपन्न वर्ग है शैक्षणिक विकास के लिए उसे अपना योगदान देना चाहिए यह हमारी नैतिक सामाजिक जिम्मेदारी भी बनती है।संजीव पांडेय ने कहा कि राज्य की योगी सरकार शिक्षा के उन्नयन और विकास के लिए बेहतर काम कर रही है। इस दौरान पयागपुर विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ अनुरेश त्रिपाठी ने उपस्थित लोगों से कहा कि योगी सरकार ने शिक्षा के विकास में अहम भूमिका निभाई है। लेकिन हमारा सामाजिक दायित्व भी बनता है कि स्कूलों में अपना सहयोग दें। हम समाजसेवी संजीव पांडेय के आभारी है कि उन्होंने स्कूल को स्मार्ट बनाने में अपनी भूमिका निभाई है पूर्व में उनकी तरफ से काफी सहयोग मिला। विद्यालय में कई काम कराएं हैं। भदोही और प्रयागराज जनपद की सीमा में स्थित पयागपुर विद्यालय सामुदायिक सहयोग और विकास के लिए अपनी अलग पहचान रखता है। शिक्षा विभाग के 19 बिंदुओं को संतृप्त करने में त्रिपाठी के प्रयासों की अहम भूमिका है। ग्राम प्रधान सुरेश पांडेय और सुरेश मौर्य, बृजेश मिश्र के साथ शिक्षक कमलेश पांडेय, मोरारजी पांडेय, संदीप मिश्र, आलमवीर ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में दीपक सोनकर, राकेश यादव, रविकांत, सत्येंद्र पटेल सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## रंगदारी के मामले में सपा नेता गणेश यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**झूंसी।** पुलिस ने रंगदारी के मामले में भूमाफिया व थाने के हिस्ट्रीशीटर सपा नेता गणेश यादव को शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गणेश यादव पर हाईकोर्ट के एक अधिवक्ता ने रंगदारी व धमकी का मामला दर्ज कराया था। अल्लापुर के रामानंद नगर निवासी केश कुमार तिवारी हाई हाईकोर्ट में अधिवक्ता है। उन्होंने भूमाफिया झूंसी के हवेलिया निवासी गणेश यादव के खिलाफ रंगदारी व धमकी का मामला दर्ज कराया था आरोप है कि गणेश यादव अपने गैंग के लोगों के साथ उसकी जमीन पर अवैध कब्जा कर रंगदारी मांग रहा है पीड़ित ने दो लाख दिया भी है जिसके बाद भी उसे धमकी मिल रही थी। केश कुमार तिवारी की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर गणेश यादव को गिरफ्तार का शनिवार को जेल भेज दिया। गणेश यादव पर सरायइनायत में आठ व झूंसी थाने में दो मुकदमे पहले से ही दर्ज है। पुलिस ने गुंडा की भी कार्रवाई की थी और 2 साल पहले पीडीए ने गणेश यादव के मकान व मार्केट पर बुलडोजर चला कर ढहा दिया था। 2016 में बहादुरपुर ब्लाक प्रमुख चुनाव के दौरान हुए बवाल में भी गणेश यादव का नाम सामने आया था जिसे पुलिस ने गणेश यादव को मौके से ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। थाना अध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि गणेश यादव के करीबियों की भी कुंडली खंगाली जा रही है उनपर भी जल्द कार्यवाही को जाएगी। वही पुलिस टीम में शामिल थाना अध्यक्ष उपेंद्र प्रताप सिंह नवीन कुमार सिंह धर्मेंद्र कुमार यादव हेड कांस्टेबल राजेश कुमार रहे शामिल

## पीडीए ने 70 बीघा जमीन पर कराए गए अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कराया



**झूंसी।** पीडीए ने कनिहार गांव में अभियान चलाकर 70 बीघा में कराए गए अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कराया। पीडीए के जोनल अधिकारी संजीव कुमार के नेतृत्व में घंटो चली कार्यवाही के दौरान हड़कम्प मचा रहा। कनिहार गांव में संजय साहू उर्फ मुसई महराज, आलोक मिश्रा एवं रईश उर्फ पिंटू ने करीब 70 बीघा जमीन में अवैध प्लाटिंग की गई थी। शिकायत मिलने पर शनिवार को पीडीए की टीम दो बुलडोजर के साथ पहुंचकर पूरी प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय अवर अभियंता बीएन सिंह सहित पीडीए की पवर्तन टीम के साथ पुलिस मौजूद रही।

## युवक ने खुद से बना लिया फर्जी नियुक्ति पत्र

### जौनपुर के युवक ने माध्यमिक शिक्षा परिषद का बनाया था फर्जी लेटर पैड, सचिव का हस्ताक्षर भी किया स्कैन

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के नाम से एक युवक ने फर्जी नियुक्ति पत्र बना लिया। इतना ही नहीं इस तरह का खेल करने वाले युवक ने परिषद के सचिव दिब्यकांत शुक्ल का हस्ताक्षर स्कैन करके उस फर्जी नियुक्ति पत्र पर लगा दिया। इस फर्जी नियुक्ति पत्र में राजीव रतन सिंह पुत्र संजय सिंह की नियुक्ति पब्लिक इंटर कॉलेज केराकत, जौनपुर में क्लर्क पद पर किए जाने की बात लिखी गई है।युवक जौनपुर जनपद के बीरमरपुर गांव का निवासी है। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्यकांत शुक्ल को जब इस फ्राड की जानकारी हुई तो उन्होंने उसके बारे में खोजबीन शुरू कराई। सचिव की ओर से सिविल लाइंस थाने में संबंधित आरोपी के खिलाफ ऋक्र्कदर्ज कराने का प्रयास किया गया लेकिन यहां पुलिस ने मुकदमा नहीं लिखा। सचिव ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि इस मामले की शिकायत वह शासन से भी करेंगे।

## चपरतला गांव में अज्ञात कारणों से युवक ने लगाई फांसी

**मेजा।** मेजा के चपरतला गांव में अज्ञात कारणों से एक युवक ने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह जब परिजनों को जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया और रोना-पीटना मच गया। पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची इलाकाई पुलिस ने कमरे का दरवाजा खोलकर शव बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के चपरतला गांव निवासी अशोक कुमार (30) पुत्र साहब लाल बिंद शुक्रवार की शाम खाना-पीना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह जब करीब नौ बजे तक वह नहीं उठा तो परिवार के लोग कमरे में झांककर देखा तो पैरों तले जमीन खिसक गई। वह फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। अगल-बगल के लोग इकट्ठे हो गए और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची मेजा पुलिस ने कमरे का दरवाजा खोलकर शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वह दो भाईयों में छोटा था। मृतक अशोक की पत्नी मायके गई थी। सूचना पर वह रोती-बिलखती पंहुची। उसको एक पुत्र व दो पुत्रियां हैं। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## सचिव पद से एडीओ पंचायत अधिकारी बने आदित्य पौडवाल



**करछना।** विकास खंड करछना में वर्षों से सचिव के पद पर कई ग्राम पंचायतों में कार्य कर चुके सचिव आदित्य कुमार पौडवाल को शासन द्वारा सचिव पद से प्रमोशन कर एडीओ पंचायत अधिकारी के पद पर प्रोन्नति किए जाने विकास खंड करछना के ब्लाक कर्मियों खंड विकास अधिकारी के कार्यालय पर एक बैठक करके आदित्य कुमार पौडवाल को फूल माला पहनाकर खुशी खुशी विदाई की वही साथियों का साथ छूटने पर भावुक साथियों ने एक दूसरे को गले लगाया इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी धीरेश गुप्ता, एकाउंटेंट सोनू सिन्हा, मनीष सिंह, कमल सिंह, संजीव श्रीवास्तव, दीपेश सिंह, आशीष सिंह अमित यादव, आरती यादव, एडीओ पंचायत रमाकांत पांडे,राम सकल, , मनीष शुक्ला,धर्मराज पटेल प्रधान कचरी, विपिन कुमार, दिनेश श्रीवास्तव प्रधान प्रतिनिधि सोनाई, ब्रजेश द्विवेदी आवास बाबू, दुष्यंत प्रताप सिंह, अतुल मिश्रा, महेंद्र कुमार यादव, अशोक कुमार, सुनील कुमार प्रधान कैथी,राज कुमार पटेल प्रधान महोरी रीवा, चंद्र प्रकाश तिवारी,कमला कान्त शुक्ला, बडेलाल पटेल, सहित ब्लाक कर्मी मौजूद रहे।

# अटल आवासीय विद्यालय कोरांव का लोकार्पण

### अभिभावक गण अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए प्रेरित करें : विजय विश्वास पंत

**अखंड भारत संदेश**




**कोरांव।** प्रयागराज मंडल के प्रयाग्राज के बेलहट कोराव में स्थापित अटल आवासीय विद्यालय के लोकार्पण कार्यक्रम में मंडल के आयुक्त विजय विश्वास पंत,डीएम नवनीत चहल,सीडीओ गौरव कुमार विधायक गुरु प्रसाद मौर्य एमएलसी निर्मला पासवान, नगर प्रमुख प्रयागराज गणेश केसरवानी, चेयरमैन कोरांव ओम केसरी, एसडीएम कोरांव अविनाश यादव, डीएलसी राजेश मिश्र आदि ने लोकार्पण समारोह में हिस्सा लिया।

कार्यक्रम को मंडलायुक्त श्री पंत ने संबोधित करते हुए कहा कि माननीय पीएम और सीएम ने श्रमिकों के बच्चों को उनके उज्वल भविष्य के लिए यह विद्यालय एक वरदान है। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षा दीक्षा के लिए यहां रहने को विवश करें। जिससे वे पढ़ लिख कर बड़े अधिकारी बनें। उन्होंने बच्चों के साथ सेल्फी भी ली पौध रोपड किए। डीएम नवनीत चहल ने विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, एमएलसी पासवान, नगर प्रयागराज महा पौर गणेश केशरवानी, सीडीओ गौरव कुमार ने भी समारोह को सबोधित किया। बच्चों के उज्वल भविष्य हेतु बच्चों और अभिभावकों को टिप्स दिए। इसके अलावा भाजपा गंगापार की अध्यक्ष कविता पटेल, श्रमिक यूनियन लीडर भोलानाथ त्रिपाठी, शैलेश अवस्थी, विधायक पुत्र संतोष कुमार कोल, बबुआन डुवेडी, सांसद प्रतिनिधि राजेश त्रिपाठी, तुलसी दास राना पूर्व ब्लॉक प्रमुख, प्रधान बेलहत रमाकांत सिंह पटेल तथा श्रम विभाग के मंडल स्तर के सभी अधिकारी कर्मचारी प्रिंसिपल एस चंद्रा आदि रहे।

## पत्रकारों प्रधानों का प्रतिनिधि मंडल डीएम आयुक्त से मिला

अखिल भारतीय प्रधान संगठन के मंत्री अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे पत्रकार ने ग्राम प्रधानों पत्रकारों के साथ डीएम नवनीत चहल को पांच सूत्रीय मांग पत्र दिया। जिसमे अल्हवा में कोटेदार और उसके पुत्र द्वारा दस सितंबर को मार्ग निर्माण कार्य के समय प्राण घातक हमला किए जाने पर एफआईआर दर्ज न किए जाने की शिकायत की गई। जिस पर डीएम ने पुलिस आयुक्त प्रयागराज द्वारा कोरांव पुलिस को कारवाई के लिए आदेशित किए जाने का अश्ववाशन दिया।

## नैनी स्टेशन रोड चौड़ीकरण में राहत का मौखिक आश्वासन

**नैनी।** नैनी स्टेशन रोड पर लेप्रोसी मिशन तिराहा से मेवालाल बगिया तिराहा तक चौड़ीकरण नोटिस पर व्यापारियों तथा निवासियों ने इंदिरा भवन स्थित प्राधिकरण कार्यालय पर पहुंचकर जवाब दाखिल किया इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद व अध्यक्ष राकेश जायसवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मंडल सचिव तथा जोनल अधिकारी से मिलकर प्रभावित लोगों की समस्याओं से अवगत कराया। बताते चलें कि कुंभ मेला 2025 के मद्देनजर नैनी स्टेशन रोड पर कहीं एक और तो कहीं दोनों और 24 मीटर तक ध्वस्तीकरण हेतु चिन्हीकरण किया गया है, इससे व्यापारियों में खलबली तथा नाराजगी व्याप्त है उनके सामने जीवन यापन की विकट समस्या पैदा हो गई है। प्रभावित तमाम व्यापारी तथा निवासी क्षेत्र के पार्षद व अध्यक्ष राकेश जायसवाल के नेतृत्व में प्रयागराज विकास प्राधिकरण के सचिव तथा जोनल अधिकारी से मिले। तमाम लोगों के बीच पांच लोगों के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता में पीडीए सचिव तथा जोनल अधिकारी ने चिन्हित माप में कुछ रस राहत देने का मौखिक आश्वासन दिया, इसी दौरान टेलिफोनिक वार्ता में पीडीए उपाध्यक्ष ने भी राहत हेतु शीघ्र बैठक की बात कही। प्रतिनिधिमंडल में पार्षद व अध्यक्ष राकेश जायसवाल बैजनाथ गुप्ता राजेश यादव एडवोकेट तिवारी धर्मेंद्र धर्मराज पटेल संजय जयसवाल मोनू जायसवाल मुन्ना शर्मा दिनेश केसरवानी बबलू केसरवानी रमेश विश्वकर्मा मनीष केसरवानी धर्मेंद्र दिनेश गुप्ता सूरज गुप्ता आदि लोग शामिल रहे इसके अतिरिक्त सैकड़ो व्यापारी अपनी बात तथा नोटिस का जवाब देने हेतु उपस्थित रहे।

## मेजा खास के बोलन धाम में दो दिवसीय बोलन मेला आज से

**मेजा।** मेजा खास के बोलन धाम में लगने वाले दो दिवसीय मेले की तैयारी पूरी कर ली गई है। मेला मैदान में झूलों ने डेरा डाल दिया है। मेले में आसपास क्षेत्र और दूरदराज से हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर शिव को जलाभिषेक कर मन्नतें मांगेंगे। आयोजक रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अमित कुमार यादव और निर्देशक तौलन प्रसाद पटेल,सह निर्देशक सुधीर गुप्ता ने बताया कि हर साल हरतालिका तीज के बाद पड़ने वाले रविवार और सोमवार को दो दिवसीय मेले का आयोजन रविवा को सुबह से सोमवार की शाम तक किया जाएगा। ग्राम के बुजुर्गों का कहना है कि वर्षों से मेला लगता आ रहा है। रामलीला संरक्षक लालजी मिश्र,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व पूर्व ब्लॉक प्रमुख मेजा जंगीलाल गुप्ता बताते हैं कि मेले में दूरदराज से हजारों की संख्या में ग्रामीण अपने परिवार के साथ पहुंचकर मेले का आनंद लेते हैं व जमकर खरीदी-बिक्री करते हैं।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम रघुनन्दन प्रसाद पुत्र स्व राम सेवक कुशवाहा ग्राम बरियावा पोस्ट खंदेवरा जनपद कौशाम्बी का निवासी हूं सरकारी कागजात में मेरा नाम रघुनन्दन प्रसाद कुशवाहा है इस नाम को सही माना जाए।

## कार्यालय ग्राम पंचायत निरिया, वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/2023-24 **टेण्डर/कोटेशन** दिनांक 23-09-2023

**SLWM/** मनरेगा/ पंचम राज्य वित्त/15 वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत **निरिया** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन/प्राक्लन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 24-09-2023 से दिनांक 10-10-2023 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं । नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 10-10-2023 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 10-10-2023 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नांकित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस. टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर भी उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य में उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | योजना | अनुमानित लागत लाख में | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा/कम्पोस्ट पिट 8 नग | SLWM | 0.18 | 6 माह |
| 2. | सामुदायिक नाडेप | SLWM | 0.30 | 6 माह |
| 3. | सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग | SLWM | 1.5 | 6 माह |
| 4. | कचरा वाहन/ई-रिक्शा | SLWM | 1.6 | 6 माह |
| 5. | एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन | SLWM | 4.43 | 6 माह |
| 6. | हैण्डपम्प पर सोकपिट | SLWM | 2.5 | 6 माह |
| 7. | नाली मरम्मत 300 मीटर | SLWM | 4.00 | 6 माह |
| 8. | अन्य कार्य (सफाई किट, स्लोज आदि | SLWM | 1.00 | 6 माह |

**अमृत लाल**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत निरिया**
**वि0 ख0 करछना प्रयागराज**

**मनीष सिंह**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत निरिया**
**वि0 ख0 करछना प्रयागराज**

## कार्यालय ग्राम पंचायत मछहर उर्फ पुरवा, वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/2023-24 **टेण्डर/कोटेशन** दिनांक 22-09-2023

**SLWM/** मनरेगा/ पंचम राज्य वित्त/15 वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत **मछहर उर्फ पुरवा** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन/प्राक्लन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 23-09-2023 से दिनांक 10-10-2023 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं । नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 10-10-2023 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 10-10-2023 कार्यालय अवधि में समय 3. 30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नांकित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर भी उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य में उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | योजना | अनुमानित लागत लाख में | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र | SLWM | 5.5 | 6 माह |
| 2. | कचरा वाहन (साइकिल रिक्शा/ई-रिक्शा) | SLWM | 1.6 | 6 माह |
| 3. | व्यक्तिगत खाद गड्ढा/ कम्पोस्ट पिट | SLWM | 0.40 | 6 माह |
| 4. | सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा/कम्पोस्ट पिट | SLWM | 0.13 | 6 माह |
| 5. | सामुदायिक नाडेप/ वर्मी कम्पोस्टिंग | SLWM | 1.00 | 6 माह |
| 6. | सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोकपिट/व्यक्तिगत सोक पिट | SLWM | .70 | 6 माह |
| 7. | हैण्डपम्प पर सोकपिट/व्यक्तिगत सोकपिट | SLWM | 1.60 | 6 माह |
| 8. | नाली मरम्मत 300 मीटर | SLWM | 4.00 | 6 माह |
| 9. | अन्य कार्य | SLWM | 1.00 | 6 माह |

**श्रीमती राजकुमारी**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत मछहर उर्फ पुरवा**
**वि0 ख0 करछना प्रयागराज**

**मनीष सिंह**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत मछहर उर्फ पुरवा**
**वि0 ख0 करछना प्रयागराज**

# नारी वंदन अधिनियम पारित होने पर साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में मना जश्न

## महाविद्यालय की छात्राओं ने प्रस्तुत किया नृत्य नाटिका

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** साकेत गर्ल्स पी0जी0 कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा नारी वन्दन अधिनियम 2023 के पारित होने के अवसर पर साकेत गर्ल्स पी0जी0 कॉलेज में एक जश्न का माहौल रहा।



नृत्य नाटिका प्रस्तुत करती साकेत गर्ल्स पीजी कालेज की छात्राएं।

छात्राओं ने एक नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर प्रथम भारतीय महिला डॉ0 आनन्दी जोशी के डॉक्टर बनने की विषम दूरह यात्रा का महाविद्यालय की छात्राओं दीपिका सिंह, अदिति मिश्रा, नेहा सिंह, तनु सरोज, मानसी सरोज, सलोनी, मुस्कान, सौम्या श्रीवास्तव, साक्षी विश्वकर्मा, सलोनी मिश्रा, कौशिकी, सायमा, स्नेहा, अंजलि मिश्रा, गुड़िया सिंह, जयती शुक्ला, रोहिणी यादव, खुशी पाण्डेय एवं विभूषिता मिश्रा द्वारा मंचन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 नीलिमा श्रीवास्तव ने बताया कि प्रथम महिला विद्यालय की स्थापना सावित्री बाई फूले ने करके जिस नारी सशक्तिकरण की शुरूआत की थी आज हमारे प्रधानमंत्री ने उस यात्रा को लक्ष्य तक पहुँचाया है। मुझे विश्वास है कि इसको मूर्त रूप लेने में जो विधिक कठिनाईयां है उसे प्रधानमंत्री जी निश्चित तौर पर दूर करेगें और महिलाएं अपनी विधानसभा और अपनी संसद में स्वयं नीति निर्धारित करेगी; तब हमें यह एहसास होगा कि हम स्वयं के नियन्ता और विधाता है। महिलाओं की ये दूसरी आजादी है अभी तक हम दूसरों के द्वारा बनाये गये नियमों का पालन करते थे, अब हम अपने कानून स्वयं बनाएंगे। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की छात्राओं नेहा, सलोनी, मुस्कान, सौम्या, कौशिकी, स्नेहा द्वारा प्रस्तुत साई वन्दना, सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत द्वारा किया गया। कायक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों इकाईयों के कार्यक्रमाधिकारी राहुल मिश्रा, अजमत अंली एवं डॉ0 सरिता सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनन्त प्रकाश शुक्ला एवं कु0 सायमा बानो द्वारा एवं कार्यक्रम में डॉ0 अनीता पाण्डेय ने आगन्तुकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# पूर्व विधायक ने मरीजों को बांटा जीवन रक्षा दवा किट

## सेवा पखवाड़ा के तहत सीएचसी गौरा में लगा स्वास्थ्य शिविर

**अखंड भारत संदेश**



मरीज को जीवन रक्षा दवा का किट देते पूर्व विधायक धीरज ओझा।

**प्रतापगढ़।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत शनिवार को पूर्व विधायक अभय कुमार उर्फ धीरज ओझा ने रानीगंज विधानसभा क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौरा में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ करते हुए केंद्र एवं प्रदेश सरकार की स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं, उसके महत्व एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

इस दौरान उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य बीमा के लाभार्थियों को निशुल्क उपचार हेतु गोल्डेन कार्ड एवं टीबी तथा अन्य मरीजों की जीवन रक्षा हेतु दवा की निशुल्क किट वितरित करते हुए कहा की आज जहां प्रधानमंत्री मोदी जी की दूरदर्शी सोंच के चलते ही आर्थिक रूप से कमजोर एवं समाज के अंतिम पायदान पर खड़े प्रत्येक व्यक्ति को 5 लाख रुपए तक का निशुल्क उपचार मिल रहा है वही मुख्यमंत्री राहत कोष से भी लोगो को गंभीर बीमारी के उपचार हेतु अधिकाधिक अनुदान भी मिल रहा है। अब तो मध्यम वर्गीय पात्र गृहस्ती वाले परिवारों को भी आयुष्मान भारत योजना से आच्छादित कर स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया जाएगा। टीबी एवं पोलियो जैसी घातक बीमारियों के रोकथाम तथा जड़ से उन्मूलन में लोगों के सहयोग से सफलता हासिल हुई है। लोगो को नजदीकी एवं उच्च गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य सुविधा हेतु केंद्र व प्रदेश सरकार के संयुक्त प्रयास से प्रदेश के अधिकांश जिलों में न केवल मेडिकल कॉलेज खुल रहे है बल्कि उच्च स्तरीय स्वास्थ्य संस्थानों तथा संसाधनों में भी इजाफा हुआ है। इस दौरान पूर्व प्रमुख गौरा राकेश सरोज, अधीक्षक डा. ओ.पी.सिंह, भाजपा नेता विनोद शुक्ल, संदीप तिवारी, अंगद मौर्या, सुमित पांडेय एवं ललित मिश्र समेत सैकड़ों की संख्या में आम जनमानस उपस्थित रहा।

## घर से स्कूल के लिए निकली हाई स्कूल की छात्रा अचानक हुई गायब

**परियावां, प्रतापगढ़।** जनपद के नवाबगंज थाना क्षेत्र के कडरौ निवासी हाई स्कूल की छात्रा सेजल पाल पुत्री पप्पू पाल (15) वर्षीय 22 सितंबर को सुबह घर से साईकिल लेकर स्थानीय वीरेंद्र सिंह स्मारक इंटर कालेज जनवामऊ के लिए निकली जो स्कूल की छुट्टी होने पर वापस घर न पहुंचने पर परिजन लोग सेजल पाल को पता करने स्कूल पहुँचे तो वहाँ पर पता चला कि सेजल आज स्कूल नही आई जिससे परिजन लोग किसी अनहोनी की अशंका से भयभीत होने लगे और आस पास व रिश्तेदारी मे ढूढ़ने लगे। सेजल की साईकिल स्कूल के निकट थाना क्षेत्र के केरावडीह मोड़ पर पाल की दुकान पर खड़ी मिली। दुकानदार ने बताया कि सेजल साईकिल खराब होने की बात कहकर खड़ी करके चली गई थी। अब कहां गई? यह बात नही मालूम है। सेजल की साईकिल मिलने के बाद परिजनो मे हड़कंप मचा हुआ है। सेजल का पता न चलने पर पिता पप्पू पाल पुत्र मैकूराम कडरौ निवासी ने घटना की तहरीर नवाबगंज पुलिस को दिया। पुलिस ने घटना की तहरीर मिलने पर प्रथम सूचना रिपोर्ट अज्ञात के खिलाफ दर्ज करके जाँच पड़ताल मे जुटी हुई है।

## संसद में भाजपा सांसद का असंसदीय एवं असोचनीय अभद्र आचरण काला अध्याय : प्रमोद तिवारी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने संसद के विशेष सत्र में बीजेपी सांसद रमेश बिधूड़ी के बसपा सांसद दानिश अली के विरूद्ध संसद के भीतर असंसदीय तथा अमर्यादित एवं असोचनीय अभद्र टिप्पणी तथा गालीगलौज पर तीखी प्रतिक्रिया जतायी है। उन्होने कहा कि बीजेपी सांसद ने जिस तरह से बसपा सांसद की आड में पूरे देश के अल्पसंख्यकों के खिलाफ शर्मनाक बयान दिया है वह भारतीय संसद के इतिहास में अब तक का सबसे काला अध्याय है। उन्होनें भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि बिधूड़ी का बयान इसलिए आश्चर्यजनक नही है क्योकि नए संसद भवन में सरकार ने संविधान की जो प्रतियां बांटी उसमें से पहली बार पंथनिरपेक्ष तथा समाजवाद शब्द को स्वतः विलुप्त कर दिया। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि संसद की अपनी गरिमा हुआ करती है और सभी सदस्यों को संसदीय तथा असंसदीय शब्दों की सूची इसीलिए मिला करती है कि वह संसदीय भाषा और गरिमा को लोकतंत्र के पवित्र मंदिर में हर कीमत पर संरक्षित रख सकें। शनिवार को यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से जारी विज्ञप्ति में उन्होनें कहा कि असलियत देश समझ रहा है कि पंचायतीराज का कानून प्रभावी बनाकर कांग्रेस ने ही महिलाओं को देश में सबसे पहले निर्वाचित प्रतिनिधि के रूप में सशक्तीकरण की सौगात दी।

# डीएम व एसपी ने मातहतों की कसी नकेल, सार्वजनिक सम्पतियों पर मिले अवैध कब्जे तो खैर नहीं

## थाना समाधान दिवस में फरियादियों की हुई सुनवाई, समीक्षा में दिये गये सख्त निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** डीएम ने सार्वजनिक सम्पत्तियों पर अतिक्रमण को लेकर शनिवार को यहां थाना समाधान दिवस में मातहतों की जमकर नकेल कसी। डीएम का तेवर देख राजस्वकर्मियों की घिग्घी बंध आयी। वहीं जिले के कडक मिजाज एसपी ने भी पुलिसकर्मियों को शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली पर कड़वी नसीहत दी।

लालगंज में थाना समाधान दिवस के तहत एसडीएम लालधर सिंह यादव तथा सीओ रामसूरत सोनकर शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। इसी बीच अचानक जिले के डीएम संजीव रंजन तथा एसपी सतपाल अंतिल समाधान दिवस में आ धमके। डीएम और एसपी करीब आधे घण्टे तक कोतवाली में फरियादियों को एक एक कर समस्याओं के बाबत संवाद करने लगे। नये डीएम संजीव रंजन का तेवर थाना समाधान दिवस में पहली बार ही सख्त दिखा।

डीएम ने समाधान दिवस में मौजूद लेखपालों व राजस्वकर्मियों से साफ कहा कि वह तत्काल भूमि सम्बन्धित विवाद तथा सार्वजनिक सम्पत्तियों की सुरक्षा से जुड़े अलग अलग रजिस्टर तैयार करें। डीएम ने कहा कि हर कीमत पर सार्वजनिक सम्पत्तियों पर से अवैध कब्जा मुक्त दिखना चाहिए। डीएम ने सख्त लहजे में नकेल कसते हुए कहा कि सार्वजनिक सम्पत्तियों पर अतिक्रमण की शिकायत मिली तो सम्बन्धित राजस्वकर्मी के साथ जिम्मेदार अफसर की भी अब खैर न होगी। उन्होनें धारा-67 वन के तहत लेखपालों को तहसीलदार द्वारा निस्तारित मामलों में फौरन अमल करने को कहा। फसल के बाद डीएम ने धारा चैबीस की भी कार्रवाई मुस्तैदी से संचालित कराए जाने के निर्देश दिये।

डीएम संजीव रंजन ने जमीनी मामलों में तहसील स्तर पर होने वाली कार्रवाईयों का ब्यौरा रोज आख्या के साथ उपलब्ध कराए जाने के भी निर्देश दिये। समाधान दिवस में एसपी सतपाल अंतिल का भी तेवर पहले की तरह तल्ख ही दिखा। एसपी ने सीओ तथा लालगंज कोतवाल को भी आडे हाथों लेते हुए कहा कि अपराध से जुडे मामलों में कार्रवाई में विलम्ब के लिए वह जिम्मेदार को बेहिचक दण्डित करेंगे। एसपी का भी चढ़ा तेवर पुलिसकर्मियों में उनकी कोतवाली में मौजूदगी तक बेचैनी में देखा गया। समाधान दिवस में चौबीस शिकायतें आयीं। जिलाधिकारी और एसपी ने पेड़ सम्बन्धी एक विवाद का तत्काल निस्तारण कराया। इनमें सर्वाधिक शिकायतें राजस्व की ग्यारह तथा पुलिस की नौ व विकास से जुडी चार रहीं।

इसके बाद डीएम व एसपी सांगीपुर थाने भी पहुंचे। यहां भी डीएम और एसपी ने आधे घंटे तक एक एक कर फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई की। सांगीपुर थाने में पन्द्रह शिकायतों मे से डीएम व एसपी की मौजूदगी में तीन शिकायतों का निस्तारण कराया गया। डीएम व एसपी के साथ एसडीएम तथा सीओ की भी मौजूदगी रही। उदयपुर में थानाध्यक्ष निकेत भारद्वाज ने शिकायतों की सुनवाई करते हुए पांच में से दो का निस्तारण कराया। लीलापुर में सीआरओ राकेश कुमार ने शिकायतों की सुनवाई की। यहां सात शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व की तीन टीमों का सीआरओ ने गठन कराया। समाधान दिवस में तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह व प्रभारी निरीक्षक सुभाष यादव ने सीआरओ को वांछित सूचनाएं दी।

# केसरवानी समाज की बैठक में 50 लोग बने नये सदस्य

## केसरवानी समाज के नगर पदाधिकारियों की जल्द ही घोषणा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर केसरवानी समाज व नगर महिला केसरवानी समाज के पदाधिकारियों की एक बैठक केसरवानी समाज के संगठन मंत्री सतीश चंद्र केसरवानी के आवास पर आयोजित की गई जिसमें आने वाले चुनाव में भाग लेने के लिये 50 लोगों ने केसरवानी समाज की सदस्यता ली।



केसरवानी समाज की बैठक में मौजूद पदाधिकारीगण।

इसके उपरान्त नगर केसरवानी समाज के गठन के लिये प्रदेश से आए पदाधिकारियों के समक्ष आपस में चर्चा हुई जिस पर प्रदेश अध्यक्ष तीरथराज केसरवानी ने आश्वासन दिया कि केसरवानी समाज की एकता के लिये जल्द ही नगर के पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी। इसके उपरान्त आए सभी प्रदेश पदाधिकारियों को माला पहनाकर तथा शाल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बता दें कि प्रदेश अध्यक्ष के अलावा प्रदेश महामंत्री प्रमील केसरवानी, अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य महासभा के संरक्षक शिव कुमार वैश्य व महासभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष व उत्तर प्रदेश केसरवानी वैश्य सभा के संरक्षक सतीश चंद्र केसरवानी के प्रति विशेष रुप से सम्मान प्रकट किया गया। बैठक में मुख्य रुप से लखन बाबा केसरवानी, राजेन्द्र कुमार केसरवानी, सतीश चंद्र केसरवानी, सुरेश चंद्र केसरवानी, ओमजी केसरवानी, अरुणा केसरवानी, उमा केसरवानी, पुष्पा केसरवानी, शिमला केसरवानी, सुकन्या केसरवानी, प्रिया केसरवानी, श्रद्धा केसरवानी, तनु केसरवानी, श्वेता केसरवानी आदि लोग मौजूद रहे।

# श्री रामलीला समिति के अध्यक्ष बने संजय खंडेलवाल

## विपिन गुप्ता गुप्ता, दिनेश सिंह संयोजक व रोशनलाल उमरवैश्य बने संरक्षक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** श्री रामलीला समिति प्रतापगढ़ की एक बैठक गोपाल मंदिर में समिति के संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में इस वर्ष होने वाले रामलीला, दशहरा, भरत मिलाप को संपन्न कराने की रूपरेखा बनी तथा निम्न पदाधिकारी को दायित्व सौपा गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, मंत्री विपिन गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता एवं संयोजक दिनेश सिंह दिन्नू व संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, संरक्षक श्याम शंकर सिंह को सर्वसम्मति से पदाधिकारी बनाया गया एवं अध्यक्ष संजय खंडेलवाल को पूरी टीम का गठन करने का दायित्व दिया गया।



श्रीरामलीला समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण।

बैठक में कई प्रस्ताव भी पारित किए गए जिसमें सभी राम भक्तों ने एक स्वर से कहा कि इस बार जो चैकिया निकाली जाएं वह सनातन धर्म को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करने वाली हो। डांस वाली चैकियो पर सभी दलों से अनुरोध किया जाएगा कि वह इन पर रोक लगाए। संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य ने सभी पदाधिकारीयो का माल्यार्पण कर सभी से अपनी जिम्मेदारी निभाने का अनुरोध किया एवं सभी पदाधिकारी एवं दलों के पदाधिकारी व राम भक्तों से अपील की इस बार कलात्मक चैकिया जो भी निकले वह सनातन धर्म को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करने वाली हो यह सभी से अनुरोध है। बैठक में आभार ज्ञापन संरक्षक श्याम शंकर सिंह द्वारा किया गया। बैठक में संजय खंडेलवाल, विपिन गुप्ता, मनीष गुप्ता, श्याम शंकर सिंह, आशीष जायसवाल, प्रदीप केसरवानी, छेदीलाल, जितेश कुमार, अमन गुप्ता, सूरज कुमार, मनीष रावत, दीपेंद्र कुमार, विनय केसरवानी, राकेश कुमार, रविंद्र कुमार, राजेश खंडेलवाल, ओम कृष्णा पांडे, अभिषेक कश्यप, राज गुप्ता, अतिरेक कश्यप, यशु शर्मा, प्रिंस सोनी, अभिषेक गौतम, विवेक कुमार, वेंकटेश, शिवम गुप्ता, केशव गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## बाइक से गिरने पर महिला की मौत, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाइक असंतुलित होने से महिला की गिरने से मौत हो गयी। मौत की खबर घर पहुंची तो परिजनों में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के अर्जुनपुर के देवापुर निवासी रामलखन की पत्नी मंशाईन उर्फ केसरी 52 पडोस के साथ शनिवार को कलुआपुर रिश्तेदारी गयी हुई थी। वहां से वापस घर लौटते समय गांव के समीप अचानक बाइक असंतुलित होने से वह गिर गयी। महिला को गंभीर चोटें आ गयी। आननफानन में घायल महिला को लोग लालगंज ट्रामा सेण्टर इलाज को लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मृतका अपने पीछे पुत्र मनोज व विनोद तथा संतोष व पुत्रियां रन्नो व मंजू को निराश्रित छोड़ गयी है। परिजन मृतका के शव को लेकर अस्पताल से घर चले गये। घटना के बाबत लालगंज पुलिस ने अनभिज्ञता जतायी है।

# एमडीपीजी कालेज में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में सम्मानित हुए प्रोफेसर्स, प्रोफेसरों ने व्यक्त किये अपने-अपने विचार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** हिंदुस्तानी अकादमी उत्तर प्रदेश प्रयागराज तथा मुनीश्वर दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रतापगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन शनिवार को अपने-अपने विचार किए। इस संगोष्ठी में प्रोफेसर नरेंद्र मिश्र अध्यक्ष आधुनिक भारतीय भाषा विभाग, इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय ओपन विश्वविद्यालय नई दिल्ली को मुनीश्वर दत्त साहित्य रत्न सम्मान दिया गया तथा प्रोफेसर संजीव कुमार दुबे गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय गुजरात को विद्या शंकर पांडे साहित्य भूषण सम्मान दिया गया। डॉ रामचंद्र शुक्ल साहित्य शिखर सम्मान



प्रोफेसर को सम्मानित करते आयोजकगण।

प्रोफेसर शिव प्रसाद शुक्ल, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, तथा डॉ.राम चन्द्र शुक्ल साहित्य शिखर सम्मान सर्वे सिंह को दिया गया। महाविद्यालय परिवार ने प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार मिश्र को पंडित विद्या शंकर पांडे साहित्य भूषण सम्मान तथा प्रोफेसर राजीव मालवीय को पंडित विद्या शंकर पांडे साहित्य भूषण सम्मान,प्रोफेसर ओंकार नाथ द्विवेदी को पंडित विद्या शंकर पांडे साहित्य भूषण सम्मान दिया गया। प्रोफेसर नरेंद्र मिश्रा ने राम का अन्तरराष्ट्रीय प्रदेश में हिंदी और राम के संबंधों को निर्धारित किया। डॉक्टर राकेश पांडे ने इंडोनेशिया, जावा, सुमात्रा कंबोडिया, श्रीलंका, फिजी, मॉरीशस आदि देशों में राम की कथाओं का विशिष्ट परिदृश्य बताया। डॉ0 राकेश बी दुबे ने राम और भारतीय संस्कृति में अंतर्मन पर प्रकाश डाला । धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर उषा तिवारी ने दिया। इस अवसर पर प्रोफेसर किरण मिश्रा, प्रोफेसर सुधांशु त्रिपाठी, प्रोफेसर राधा कृष्णा दुबे, प्रोफेसर गीता शुक्ला, प्रोफेसर अरविंद मिश्रा, प्रोफेसर अरुण कुमार श्रीवास्तव, प्रोफेसर राजीव मालवीय, प्रोफेसर ओंकारनाथ द्विवेदी तथा शिक्षक संघ इकाई के डा विपिन कुमार, डॉ0 जयराम त्रिपाठी, डॉक्टर रेखा मिश्रा, डॉक्टर शैलेश कुमार पांडे, डॉक्टर अभिषेक सिंह, डॉक्टर अरुण कुमार वर्मा, डॉक्टर अरुण कुमार मिश्रा, डा0 मुक्ता वर्मा इत्यादि उपस्थित रहे। संगोष्ठी का संचालन डा0 संजय कुमार दुबे ने किया।

# कानून मंत्रालय द्वारा संविधान की प्रस्तावना प्रति बांटने पर कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

## जिला कांग्रेस कमेटी के परिसर में बैठक कर जताई नाराजगी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग प्रतापगढ़ के चेयरमैन दानिश माबूद के नेतृत्व में कानून मंत्रालय द्वारा नई संसद भवन के उद्घाटन समारोह में दुर्भावनापूर्ण बदलाव कर संविधान की प्रस्तावना की प्रति बांटने के संदर्भ में राष्ट्रपति भारत गणराज को संबोधित ज्ञापन प्रभारी जिलाधिकारी प्रतापगढ़ को सौंपा गया इसके उपरांत एक आवश्यक बैठक जिला कांग्रेस कमेटी के प्रांगण में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दानिश माबूद ने किया तथा संचालन वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष शाहिद अली सिद्दीकी ने किया।



प्रभारी जिलाधिकारी को ज्ञापन देते कांग्रेसी।

बैठक को संबोधित करते हुए दानिश माबूद ने कहा कि नई संसद भवन के उद्घाटन समारोह में भारत जलाओ पार्टी (बी०जे०पी०) द्वारा जानबूझकर संविधान की आत्मा कहे जाने वाले प्रस्तावना से समाजवादी और पंथनिरपेक्ष शब्द हटाकर लोकतंत्र की आत्मा पर हमला किया है, जिसको किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संचालन कर रहे शाहिद अली ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा एक उद्देश्य संकल्प प्रस्तुत किया गया था जिसमें संविधान के निहित सिद्धांतों को निर्धारित किया गया था जो संविधान सभा द्वारा अंगीकृत कर 26 नवंबर 1949 में संविधांन की प्रस्तावना बन गया। ज्ञापन देने में मुख्य रूप से इरफान खान, आरिफ खान, सुहैल अंसारी, शाद सिद्दीकी, फरीद आलम, मो0 नदीम, असलम खान, वेदान्त तिवारी, रूकनुद्दीन खान, शादाब राइन, सलीम अहमद, खुशनूद अहमद, मो० उबैद, नदीम अन्सारी, अबूशामा, अबरार अहमद, रब्बानी खान आदि उपस्थित रहे।

# हाईमास्ट पोल से टकराया डीसीएम ड्राइवर व क्लीनर की हुई मौत

**कानपुर से प्रयागराज जा रहा डीसीएम सैनी कोतवाली क्षेत्र में हुआ दुर्घटनाग्रस्त**

अखंड भारत संदेश



**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के गुलामीपुर के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक डीसीएम सड़क किनारे लगे हाईमास्ट लाइट के पोल से टकरा गया। हादसे में डीसीएम ड्राइवर व क्लीनर की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।हादसे की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे के बाद यातायात सामान्य करने में पुलिस को क्रेन की मदद लेनी पड़ी।

जानकारी के मुताबिक एटा जनपद के रहने वाले धन्यपाल उम्र 59 वर्ष पुत्र साल्वे पेशे से डीसीएम चालक हैं। गाड़ी पर धन्यपाल के साथ उनका क्लीनर सुरजीत पाल उम्र 23 वर्ष पुत्र इंद्रपाल रहता था बताया जा रहा है कि चालक धनपाल शनिवार की सुबह कानपुर से डीसीएम में मॉल लादकर प्रयागराज के लिए निकले थे सुबह में कौशाम्बी होते हुए तेज रफ्तार से प्रयागराज जा रहे थे। इसी बीच उनका डीसीएम सैनी कोतवाली के गुलामीपुर स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगे हाईमास्ट के पोल से टकरा गई।टक्कर लगने के समय गाड़ी की रफ्तार का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि ड्राइवर का केबिन चकनाचूर हो गया और ड्राइवर का मृत शरीर केबिन व हाईमास्क पोल के बीच लटका हुआ पुलिस को मिला। इसी तरह क्लीनर का भी शव गाड़ी के केबिन में फसा मिला। जोरदार टक्कर के चलते दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई हादसे के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छतिग्रस्त वाहन को सड़क के किनारे कर शवों को बाहर निकाला। इस दौरान सड़क के एक तरफ के यातायात को कुछ देर के लिए बंद करना पड़ा।सैनी कोतवाली पुलिस ने परिजनों को सूचित कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।



## डीएम एसपी ने कोखराज थाने में सुनी जन समस्याएं

**समाधान दिवस में लगी रही फरियादियों की भीड़ नहीं हुआ एक भी मामले का निस्तारण**

**कोखराज कौशाम्बी।** समाधान दिवस पर जिलाधिकारी सुजीत कुमार व पुलिस अधीक्षक ब्रजेश श्रीवास्तव कोखराज थाना पहुँचे और मौके पर फरियादियों की समस्याओं को सुना इस दौरान समस्याओं के समाधान के लिए थाने में फरियादियों की भीड़ लगी रही 10 मामले अधिकारियो के सामने पहुंचे लेकिन एक भी मामले का निस्तारण मौके पर नहीं हो सका है जमीन से जुड़े मामलों पर सख्ती के साथ निस्तारण कराने व विवादित स्थल पर पुलिस बल के साथ राजस्व कर्मी लेखपाल कानून गो को मौके पर जा कर तत्काल निस्तारण कराने का निर्देश डीएम एसपी ने दिया है फरियादियों की समस्या सुनने के बाद डीएम एसपी ने समाधान दिवस रजिस्टर का मुआयना किया और बिना निस्तारण किए मामलों से सम्बंधित लेखपाल को जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाई और तत्काल मामलों को निस्तारण करने का निर्देश दिया इस मौके पर एसडीएम सौम्य मिश्रा सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा एसओ कोखराज विनोद कुमार मौर्य लेखपाल लोकनाथ पांडेय,देवेंद्र सिंह,मानसिंह,पूनम मौर्य साधना सिंह,आदि लोग उपस्थिति रहे।

## न्यूज झरोखा

### दानपुर में मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन



**महेवाघाट कौशाम्बी।** सरसॅवा ब्लॉक के ग्राम पंचायत दानपुर में शुक्रवार को प्रधान सुमित कुमार रैना के नेतृत्व में हर घर यही संदेश मेरी माटी मेरा देश'अभियान के तहत गांव में अमृत कलश व हाथ में तिरंगा लेकर वंदे मातरम के नारे के साथ ग्राम प्रधान गांव में घूमे प्रधान सहित अन्य लोगों ने घर-घर पहुंचकर कलश में मिट्टी व अक्षत एकत्रित किया। समूह की महिलाओं ने भी भाग लिया पूरा गांव देशभक्ति में डूब गया वंदे मातरम के नारे से वातावरण गूंज रहा था ग्राम प्रधान सुमित कुमार रैना ने कहा कि हमारे देश के वीर सपूतों ने भारत की आजादी दिलाने में आहम भूमिका निभाई थी जवानों की शहादत के बलबूते ही हम सब आज भारत के हर नागरिक खुली हवाओं में चैन की सांस ले रहे हैं इस दौरान मंडल महामंत्री भाजपा वच्चूलाल चौधरी, पंचायत मित्र संतलाल, पंचायत सहायक सुरेंद्र गौतम, कोटेदार कुलदीप, सफाई कर्मी रोशन, सुमानी सरोज, सदस्य अरविंद कुमार पाल, समूह सखी राजकुमारी प्रजापति बीडीसी मनोज समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### भारोत्तोलन में पहली बार कौशाम्बी से राज्य स्तर पर जाएंगे चार छात्र छात्राएं



**कौशाम्बी।** प्रयागराज के करछना में स्थित राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में आयोजित हुई मण्डलीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में जनपद कौशाम्बी के धर्मा देवी इण्टर कॉलेज की सोनम देवी, सुलेखा देवी ,राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय कोइलहा की शकुन व चौधरी दिरगज सिंह इण्टर कॉलेज सैयादराजेपुर के राज कुशवाहा ने अपने प्रतिद्वंद्वी से ज्यादा वजन उठाकर आगामी 01 से 04 अक्टूबर बिजनौर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए है जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ सच्चिदानंद यादव व खेल सचिव श्यामलाल ने इस उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### नेशनल इंटर कॉलेज में खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन



**भरवारी कौशांबी** चायल संभाग में खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी में शनिवार को किया गया जिसमें फाइनल मुकाबला बालक वर्ग अंडर 14 एवं अंडर-19 नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी एवं सरदार पटेल इंटर कॉलेज सराय अकिल की टीम के बीच हुआ जिसमें नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी विजयी घोषित हुई बालिका वर्ग में फाइनल मुकाबला पंडित जगन नारायण इंटर कॉलेज रामदयालपुर एवं तिलक इंटर कॉलेज कनैली के बीच हुआ जिसमें पंडित जगन्नारायण इंटर कॉलेज रामदयालपुर विजयी घोषित हुई विजई खिलाड़ियों को विद्यालय के प्रबंधक रवि नारायण तिवारी एवं प्रधानाचार्य कलीम अहमद ने प्रमाण पत्र देकर छात्रों को सम्मानित किया विजई खिलाड़ियों को विद्यालय के शिक्षक भुवनेश्वर कुमार तिवारी लेफ्टिनेंट पंकज कुमार अजय कुमार भारती श्रीमती माया तिवारी भारत लाल शर्मा करुणेश कुमार त्रिपाठी संतोष सिंह यादव गंगा प्रसाद राजेश कुमार यादव अवधेश कुमार यशपाल यादव आदि लोगों ने बधाई दिया

### भाजपा नेत्री ने मरीजों को वितरण किया फल



**कौशाम्बी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में दीपा श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष भाजपा ने सेवा पखवाड़ा में कडा सीएससी पहुंचकर मरीजों का हाल-चाल लेकर मरीज को फल वितरण किया भारतीय जनता पार्टी की नेता दीपा श्रीवास्तव क्षेत्र की जनता के दुख सुख में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनती है फल वितरण के दौरान सीएससी अधीक्षक डॉक्टर सऊद अहमद आदि लोग मौजूद रहे

### किराया देने के बाद कोल्ड स्टोर में किसानों का सड़ गया आलू

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के कनपुरवा में स्थित एक कोल्ड स्टोरेज में कोल्ड स्टोरेज मालिकानों के लापरवाही से तमाम किसानों का आलू सड़ गया है जिससे किसानों का बड़ा नुकसान हुआ है लेकिन उसके बाद भी किसानों से जबरिया आलू का किराया वसूला जा रहा है और किसानों का रखा गया सुरक्षित आलू उन्हें स्टोर मालिक द्वारा वापस नहीं दिया जा रहा है कोल्ड स्टोर में सड़े आलू को बाहर फेंक दिया गया है जिससे दुर्गन्ध उठ रही है और इलाके में बीमारी महामारी फैलने की आशंका है दुर्गन्ध के चलते लोगों का खेत खलियान और रास्ते से आना जाना मुहाल हो गया है लेकिन उसके बाद भी कोल्ड स्टोरेज के मालिक के कारनामों को फूड इंस्पेक्टर ने गंभीरता से लेकर स्टोर संचालक पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही नहीं की है आखिर किसानों द्वारा रक्खा गया सुरक्षित आलू स्टोर संचालक से किसानों को कैसे वापस मिलेगा किसान परेशान है लेकिन उसकी सुनने वाला कोई अधिकारी तैयार नहीं है।

## ट्रिपल मर्डर केस

### विवादित जमीन पर बने अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

**गिराए गए दो दर्जन अवैध निर्माण पर मृतक परिवार ने उठाए सवाल**

**कौशाम्बी।** संदीपनघाट थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर गांव में प्रशासनिक लापरवाही के चलते जो जमीन तीन लोगों की हत्या का कारण बनी उस जमीन पर अवैध निर्माण को गिराने शुक्रवार को तहसील के अधिकारी बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंचे हैं दो दर्जन लोगों के अवैध निर्माण को तहसील प्रशासन द्वारा ध्वस्त कर दिया गया है लेकिन मृतक परिवार ने तहसील प्रशासन की कार्यवाही पर सवाल खड़े कर दिए हैं विवादित जमीन पर बने अवैध निर्माण पर एसडीएम और सीओ चायल के नेतृत्व में बुलडोजर की कार्यवाई शुक्रवार को शुरू कर दी गई है,दो दर्जन अवैध निर्माण को ढहाए जाने की कार्यवाई प्रशासन ने कर दी है पीएसी और भारी मात्रा में पुलिस बल के साथ प्रश्सनिक अधिकारी बुलडोजर से अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की कार्यवाई में जुटे हुए है। एसडीएम दीपेंद्र यादव और सीओ योगेंद्र कृष्ण नारायण के नेतृत्व में दो जेसीबी मशीन से अवैध निर्माण को ढहाया गया है एसडीएम चायल दीपेंद्र यादव ने बताया कि अवैध निर्माण की सूचना पर यह कार्यवाई की जा रही है तिहरे हत्याकांड के आरोपियों के घरों पर अभी कार्रवाई की प्रक्रिया नही हो रही है,प्रक्रिया पूरी होने के बाद आरोपियों के घरों पर भी कार्यवाई की जायेगी।

### फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर गौस के बहु चर्चित तिहरे हत्याकांड के एक आरोपी को फिर पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। बीते 15 सितम्बर को हुए इस जघन्य हत्याकांड से पूरा प्रदेश हिल गया जिससे प्रदेश की राजनीति गरमा गई और कानून व्यवस्था पर भी उंगली उठने लगी हालाकि पुलिस द्वारा मामले को बहुत ही गम्भीरता से लेते हुए आठ आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जयकरन यादव पुलिस की गिरफ्त से फरार चल रहा था पुलिस को इसकी तलाश थी शनिवार को संदीपन घाट पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी जयकरन यादव को तेरहमील तिराहे के पास गिरफ्तार कर लिया है आरोपी जिला छोड़कर फरार होने के जुगाड़ में लगा था।

## रैया देह माफी में निकाली गई तिरंगा यात्रा



अखंड भारत संदेश

**ग्राम प्रधान मिठाई लाल ने घर घर जा कर कलश में संग्रह की मिट्टी और अक्षत**

**कौशांबी।** चायल विकास खण्ड क्षेत्र के गांव रैया देह माफी में ग्राम प्रधान मिठाई लाल ने तिरंगा लेकर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम देश के अमर शहीदों एवम स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धांजलि देने की मुहिम में कार्यक्रम आयोजित किया है जिसके तहत घर घर से मिट्टी एकत्रित कर ब्लॉक फिर जिला फिर प्रदेश और उसके बाद कर्तव्य पथ दिल्ली स्थित अमृत वाटिका भेजा जायेगा। सरकार द्वारा मेरी माटी मेरा देश आभियान चलाया जा रहा है। जिसमे सभी ग्राम पंचायतों के प्रधानों, पंचायत सहायक आदि को घर घर जाकर कलश में मिट्टी और अक्षत एकत्र करने का निर्देश प्राप्त हुआ है इसी क्रम में ग्राम पंचायत रैया देह माफी के ग्राम प्रधान मिठाई लाल ने अपने साथ समर्थकों व ग्रामीणों के साथ मिट्टी और अक्षत एकत्र किया ग्राम प्रधान ने देश प्रेम के बारे में लोगों को बताया उन्होंने कहा सभी को एक जुटता प्रेम सद्भाव के साथ मिलजुल कर रहना चाहिए। किसी को भी जाति और धर्म के आधार पर भेद भाव नही करना चाहिए। इस दौरान पंचायत सहायक विवेक कुमार सुनील कुमार, आदित्य कुमार, अशोक कुशवाहा, राम सुरेश, मानसिंह, रामसिंह, शनि , अमित, और ग्राम सभा के तमाम सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

### कलश यात्रा निकालकर कोरीपुर गांव में एकत्रित किया गया अक्षत और मिट्टी



**बैरमपुर कौशाम्बी।** सरसवा विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोरीपुर में शनिवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम प्रधान केशन प्रसाद के नेतृत्व में तिरंगा कलश यात्रा का आयोजन गांव में किया गया तिरंगा कलश यात्रा पूरे गांव में घूमी वंदे मातरम भारत माता की जय के नारे से गांव गूंज रहा था घर-घर पहुंचकर ग्राम प्रधान ने कलश में अक्षत और मिट्टी एकत्रित किया इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार के तिरंगा कलश यात्रा के उद्देश्य के बारे में ग्रामीणों को बताया तिरंगा कलश यात्रा आयोजन के दौरान ग्राम प्रधान केशन प्रसाद, ग्राम पंचायत सचिव राजीव पाल ग्राम पंचायत मित्र राजेश कुमार सिंह ग्राम पंचायत सहायक पारुल त्रिपाठी शिवसागर,नरेंद्र सिंह पटेल ,विमलेश मिश्रा भोला तिवारी सुखराम चौधरी एवम ग्रामवासी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## पूर्ति अफसर के नाम पर प्रत्येक महीने हो रही है बड़ी वसूली

अखंड भारत संदेश

**कोटेदार से एसी और एलईडी लेने वाला विभागीय अफसर कौन!**



**कौशाम्बी।** गरीब कमजोर मजलूम को 2 जून रोटी की व्यवस्था करने के लिए पूर्ति कार्यालय को शासन ने जिम्मेदारी सौंप दी है लेकिन पूर्ति कार्यालय के अधिकारी कोटेदारों से अवैध वसूली में मशगूल है जिससे पूरे जिले की राशन वितरण व्यवस्था चौपट हो चुकी है बताया जाता है कि बड़े अफसर के नाम पर 50 हजार रुपए महीने की भरपाई प्रत्येक विकासखंड क्षेत्र के पूर्ति अधिकारियों को करनी पड़ती है लेकिन इससे अधिक की अवैध वसूली में लिप्त पूर्ति निरीक्षक सहजता से विभागीय अफसर को 50 हजार रुपए महीना देना स्वीकार कर लेते हैं और प्रत्येक महीना तय रकम विभागीय अधिकारी तक पहुंचा दी जाती है सूत्रों की माने तो विभागीय अधिकारियों तक चार लाख महीने की एकजाई प्रत्येक महीने पहुंच रही है जांच और निलंबन की धमकी देकर कोटेदारों से इसके अतिरिक्त लाखो की और वसूली होती है। बीते महीने सिराथू विकासखंड क्षेत्र के एक कोटेदार से एक एसी और एलईडी की डिमांड एक पूर्ति निरीक्षक ने की मजबूर कोटेदार ने एक एसी और एलईडी पूर्ति निरीक्षक तक पहुंचा दी है जो विभाग में चर्चा का विषय बना हुआ है अब सवाल उठता है कि कोटेदार यदि राशन की काला बाजारी नहीं करेगा तो एक एलइडी और एसी अधिकारियों तक कहां से पहुंचाएगा पूर्ति विभाग के अफसर की डिमांड पूरी करने के लिए कोटेदार गरीबों को उनके हक का राशन नहीं देते है आए दिन शिकायतें होती है लेकिन जांच के नाम पर लीपापोती होती है पूर्ति विभाग में बढ़े भ्रष्टाचार का मामला बेहद गंभीर है और योगी सरकार को इस मामले को स्वतः संज्ञान लेकर पूरे प्रदेश के पूर्ति कार्यालय की जांच करा कर भ्रस्ट पूर्ति निरीक्षक और जिला पूर्ति अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज कराकर निलंबित किए जाने की जरूरत है तभी गरीबों को उनके हक का राशन मिल सकेगा।

### कुछ वर्षों में मालामाल हुए वित्त एवं लेखा अधिकारी

**कौशाम्बी।** बेसिक शिक्षा विभाग में तैनात वित्त एवं लेखा अधिकारी के कारनामे से विभाग के लोगों में आक्रोश व्याप्त है पूरे दिन अवैध वसूली इनका फामूर्ला हो गया है तमाम शिक्षक इनके कारनामे से नाराज है बताया जाता है कि कुछ वर्षों के दौरान वित्त एवं लेखा अधिकारी ने अवैध तरीके से अकूत संपत्ति अर्जित की है कुछ समय में आलीशान बंगला लग्जरी कार मोटा बैंक बैलेंस के मालिक वित्त एवं लेखा अधिकारी बन गए हैं शहरों में आलीशान मकान बनाए गए हैं यदि वित्त एवं लेखा अधिकारी की संपत्ति की शासन स्तर से उच्च स्तरीय जांच हुई तो वित्त एवं लेखा अधिकारी की मुसीबत बढ़ाना तय हैं।

### उपकेन्द्र वैशकांटी अन्तर्गत बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**कौशाम्बी।** अधिशाषी अभियंता विद्युत ने बताया कि ग्राम महावा में ट्रान्समिशन लाइन का कार्य करने के लिए 24 सितम्बर को दोपहर 13:00 बजे से 19:00 बजे के मध्य में लगभग 03 से 04 घण्टे आवश्यकतानुसार शट डाउन के कारण 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र वैशकांटी अन्तर्गत विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। मुख्य रूप से ग्राम महावा, दानपुर, चक गुरैनी, कबरहा, बिन्दाव, सदुल्लापुर के साथ 16 ग्राम प्रभावित होंगें, जिससे क्षेत्रवासी विद्युत सम्बन्धी आवश्यक कार्य को शटाडाउन से पहले कर लें।

### दीवार में सेंध कर जेवर लगदी उठा ले गए चोर

**महगाव कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के चायल चौकी अन्तर्गत ग्राम मोहम्मदपुर में बीती रात घर की दीवार में सेंध कर घर से नगदी और जेवर चोर उठा ले गए हैं मामले की सूचना परिजनों ने स्थानीय पुलिस को दिया है खबर लिखे जाने तक घटना का सुराग नहीं लग सका है। जानकारी के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर निवासी प्रेम चन्द्र उर्फ पतली पुत्र बांके लाल के घर में बीती रात अज्ञात चोरों ने घर के नीचे से सेंध लगाकर भीतर घुस गए और घर के अंदर रखा दस हजार नगदी और जेवर उठा ले गए हैं सुबह जब घर में सेंध देखा तो प्रेम चन्द्र के होश उड़ गए और उसने घटना के बारे में परिवार वालो से बताया देखते ही देखते चोरी की खबर पुरे गांव में फैल गई मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई पीड़ित ने चोरी की सुचना नजदीकी पुलिस चौकी चायल में दी तो सुचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

### चाय बिस्कुट में पिलाया जहरीला पदार्थ

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के रामनगर महेशपुर गांव में शनिवार की सुबह संदीप सेन पुत्र मथुरा को चाय नाश्ते के साथ जहरीला पदार्थ दे दिया गया है जिससे उसकी हालत बिगड़ गई है आनन फानन में उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बताई जाती है युवक के परिजनों का आरोप है कि उसकी पत्नी ने चाय नाश्ते के साथ जहरीला पदार्थ दे दिया है।

### निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**करारी कौशाम्बी।** करारी क्षेत्र के बादलेपुर मे शनिवार को सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड चित्रकूट द्वारा विशाल निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 100 मरीजों का निशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया, जिसमें 20 मरीज मोतियाबिंद से पीड़ित मिले जिनको अस्पताल के निजी वाहन द्वारा लेंस प्रत्यारोपण हेतु सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय भेजा गया हैं। निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में निशुल्क दवा वितरण एवं निशुल्क जांच की व्यवस्था रही। सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय से डा विपिन द्विवेदी पुष्पेश मौर्य आदि टीम उपस्थिति रही नेत्र शिविर के प्रमुख आयोजक अरविंद सिंह डा अशोक पटेल ज्ञान सिंह एवम समस्त ग्राम वासी कार्यक्रम में मौजूद रहे

### चक हिगुई गांव पहुँची मोदी वैन

**करारी कौशाम्बी।** मोदी वैन शनिवार को चक हिगुई करारी पहुँची और लोगों को मुक्त में दवाई दिया एवं जांच किया जिससे लोगों में सांसद एवं मोदी सरकार को बधाई दी इस मौके पर कृष्ण मोहन मिश्र ,नजर मोहम्मद आदि लोग मौजूद रहे।

## योगी सरकार से पूछ रही जनता कब तक करेंगे अफसर ड्रामेबाजी!

अखंड भारत संदेश

**आखिर झूठी फोटो और झूठा ड्रामा कर योजनाओं के संचालन की झूठी वाहवाही कब तक अफसर लूटने में लगे रहेंगे**

**तो फिर क्या केवल झाड़ू पकड़कर फोटो खींचकर के शासन को भेजने का निर्देश मुख्यमंत्री कार्यालय ने अफसरो को दिया है**



**कौशाम्बी।** ड्रामेबाजी कर फोटो खींचकर सरकार को गुमराह करने के मामले में अफसर कब तक सफल होते रहेंगे आखिर झूठी फोटो और झूठा ड्रामा कर योजनाओं के संचालन की झूठी वाहवाही कब तक अफसर लूटने में लगे रहेंगे अफसर के झूठे कारनामे पर योगी सरकार कब रोक लगाएगी आम जनता इसका जवाब चाहती है ताजा मामला कौशांबी जिले के नेवादा विकासखंड के मखऊपुर ग्राम पंचायत का है जहां शुक्रवार को ग्राम चौपाल के आयोजन के बाद मुख्य विकास अधिकारी गांव की सफाई करने पहुंचे हैं लेकिन जिस जगह मुख्य विकास अधिकारी सफाई करने पहुंचे हैं वहां दो दिन से दो दर्जन सफाई कर्मियों को लगाकर चार चार बार सफाई करा कर जमीन का एक-एक कण मिट्टी सफाई कर्मियों द्वारा उठा लिया गया है मौके पर पहुंचे सीडीओ ने झाड़ू पकड़ ली दनादन फोटो खीची जाने लगी लोग वीडियो बनाने लगे झाड़ू पकड़कर मुख्य विकास अधिकारी एक कदम भी आगे नहीं बढ़े सरकार के निर्देश पर सफाई करने का मुख्य विकास अधिकारी ढोंग करने लगे तो फिर क्या केवल झाड़ू पकड़कर फोटो खींचकर के शासन को भेजने का निर्देश मुख्यमंत्री कार्यालय ने अफसरो को दिया है। फोटो में साफ दिखाई पड़ रहा है कि केवल ड्रामेबाजी के लिए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा झाड़ू पकड़ा गया है आखिर इतनी ड्रामेबाजी कर यह सरकार को क्या बताना चाहते हैं साफ तौर पर देखिए झाड़ू में गर्दा नहीं है जिस जमीन की सफाई किए जाने की बात की जा रही है वहा गर्दा मिट्टी नहीं है सफाई करने की बात करने वाले मुख्य विकास अधिकारी के जूते में गर्दा नहीं है कपड़े चेहरे चश्मा में गर्दा नहीं लगा है इतना ही नहीं जिस झाड़ू से सफाई किए जाने की बात की जा रही है उस झाड़ू में भी गर्दा मिट्टी नहीं लगा है सफाई करने वाले मुख्य विकास अधिकारी के सिर के बाल और कलम में भी गर्दा मिट्टी नहीं लगे हैं पूरा शरीर कपड़े जूते कलम झाड़ू सबकुछ चमक रहे हैं यह कैसी सफाई व्यवस्था है लेकिन मुख्य विकास अधिकारी झाड़ू लगाने की औपचारिकता कर केवल शासन को झूठी सूचना दे रहे हैं इस औपचारिकता पर तो इन्हें तत्काल निलंबित कर दिया जाना चाहिए। योगी सरकार में यह कैसा स्वच्छता अभियान का मजाक उड़ाया जा रहा है जिस सड़क को चार-चार बार दो दर्जन सफाई कर्मी दो दिन से सफाई कर चुके हो उस सड़क पर झाड़ू पकड़कर सफाई करने का ड्रामा करने मुख्य विकास अधिकारी पहुंच गए ड्यूटी टाइम पर समय बर्बाद करने वाले सीडीओ इससे ज्यादा क्या लापरवाही अनुशासन हीनता करेंगे सफाई के बहाने फोटो खिंचाने की जिम्मेदारी मुख्य विकास अधिकारी को मिली हो तो कौशाम्बी में साफ सफाई कैसे होगी यह बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है जबकि जिले में लगभग 50 करोड़ सालाना सफाई कर्मियों के वेतन में सरकार द्वारा दिया जा रहा है और जिले की अधिकतर गांवों में पूरी तरह से गंदगी बजबजा रही है।

## जिले का दुर्भाग्य 40 करोड़ वेतन देने के बाद सीडीओ को करना पड़ रहा सफाई

अखंड भारत संदेश

**रिश्वत अकेली नहीं आती, देने वाले की बदुआ, मजबूरियाँ, दुःख, वेदना, क्रोध,तनाव, चिंता भी नोटों से लिपटी होती हैं...**

**कौशाम्बी।** कौशांबी जिले की ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई के नाम पर 837 सफाई कर्मचारियों की तैनाती की गई है इन सफाई कर्मचारियों के वेतन के नाम पर प्रत्येक वर्ष जिले में लगभग 40 करोड़ की रकम वितरण की जा रही है लेकिन जिले में साफ सफाई का अभाव है गांव-गांव गंदगी का अंबार लगा हुआ है रोज अधिकारियों से शिकायतें हो रही है आईजीआरएस में भी तमाम शिकायतें हुई है फिर भी गांव गांव की गंदगी दूर नहीं हो सकी है गांव की स्थिति इतनी खराब है की मुख्य विकास अधिकारी को झाड़ू पकड़ के सफाई करने का झंझट उठाना पड़ा है लेकिन सफाई करने पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी भी ड्रामेबाजी तक सीमित रह गए हैं झाड़ू पकड़कर फोटो खींच कर वीडियो बनवाकर मुख्य विकास अधिकारी झूठी वाहवाही लेना चाहते हैं लेकिन उसमें भी सफल नहीं हो सके उनके पूरे कारनामे बेनकाब हो गए हैं जिले में आखिर कब तक अधिकारियों का यह झूठ ड्रामा चलता रहेगा सफाई कर्मियों को वेतन देकर सरकारी खजाने को चपत लगाई जाती रहेगी यह तमाम सवाल जिले के सफाई व्यवस्था पर खड़े हो रहे हैं 837 सफाई कर्मचारियों के सहारे गांव क्षेत्र की सफाई का जिम्मा देने के बाद भी सफाई कर्मचारियों को उनकी ड्यूटी करने के लिए अधिकारी मजबूर नहीं कर पा रहे हैं। बताया जाता है कि तमाम सफाई कर्मचारी अधिकारियों की कार्यालय और आवास में लगे हैं जिससे सफाई कर्मचारियों पर कार्रवाई होती नहीं दिख रही है तमाम सफाई कर्मचारियों को अधिकारियों के कार्यालय और उनके आवास में सम्बद्ध कर दिए जाने से गांव की सफाई व्यवस्था चौपट है।

संपादक की कलम से

# खालिस्तान मुद्दे का विदेश नीति पर प्रभाव

खालिस्तान आंदोलन की जड़ें सिख धर्म में हैं, भारत में जिसके मानने अनुयायियों की संख्या लगभग 230 लाख और दुनिया भर में 30 लाख अतिरिक्त है। सिख धर्म की शुरूआत 15वीं शताब्दी में पंजाब में हुई, जो उत्तरी भारत का एक क्षेत्र था जिस पर उस समय मुगलों का नियंत्रण था। 1699 में, सिख धर्म के नेता, गुरु गोविंद सिंह ने धर्म में महत्वपूर्ण परिवर्तन किये। उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि वह मुस्लिम शासन के अधीन रहने से नाखुश थे और उन्होंने सिख पुजारियों के बीच भ्रष्टाचार देखा था। 1947 में भारत को ब्रिटेन से आजादी मिलने के बाद, कुछ लोगों ने नहीं सोचा था कि इतने सारे अलग-अलग क्षेत्रों वाला देश एक साथ रह सकता है। भारत एकजुट रहने में कामयाब रहा है, लेकिन इसकी एकता के लिए चुनौतियां भी बनी रही हैं। एक महत्वपूर्ण चुनौती खालिस्तान आंदोलन है, जो सिखों के लिए एक अलग देश बनाना चाहता है। 18 सितंबर को केनेडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने दावा किया कि खालिस्तान की आजादी का समर्थन करने वाले कनाडाई सिख नेता की गत जून में की गई हत्या के लिए भारत सरकार के एजेंट जिम्मेदार थे। भारत सरकार किसी भी संलिप्तता से इनकार करता है और केनेडा पर 'आतंकवादियों और अलगाववादियों' को पनाह देने का आरोप लगाता है। कितना गंभीर है खालिस्तान आंदोलन? खालिस्तान आंदोलन की जड़ें सिख धर्म में हैं, भारत में जिसके मानने अनुयायियों की संख्या लगभग 230 लाख और दुनिया भर में 30 लाख अतिरिक्त है। सिख धर्म की शुरूआत 15वीं शताब्दी में पंजाब में हुई, जो उत्तरी भारत का एक क्षेत्र था जिस पर उस समय मुगलों का नियंत्रण था। 1699 में, सिख धर्म के नेता, गुरु गोविंद सिंह ने धर्म में महत्वपूर्ण परिवर्तन किये। उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि वह मुस्लिम शासन के अधीन रहने से नाखुश थे और उन्होंने सिख पुजारियों के बीच भ्रष्टाचार देखा था। उनके सुधार, जिन्हें 'खालसा' परंपरा के रूप में जाना जाता है, ने सिख धर्म के तौर-तरीकों को बदला तथा उन्हें अनुयायियों को नये ढंग से संगठित किया। इसका एक राजनीतिक उद्देश्य भी थाः पंजाब में सिख शासन स्थापित करना। जब भारत को आजादी मिली, तो कुछ सिख अपना अलग देश बनाना चाहते थे, लेकिन उनकी संख्या ज्यादा नहीं थी। 1941 की जनगणना के अनुसार ब्रिटिश काल के भारतीय पंजाब प्रांत में सिक्खों की संख्या लगभग 15 प्रतिशत थी। अंग्रेजों ने पंजाब को दो भागों में बांट दिया, कुछ हिस्सा भारत को और कुछ पाकिस्तान को दे दिया। पाकिस्तान की ओर रहने वाले अधिकांश सिखों ने भारत आने का फैसला किया। इसके खालिस्तान बनाने का विचार दूर नहीं हुआ। यह 1970 के दशक के अंत और 1980 के दशक की शुरूआत में ब्रिटेन और केनेडा जैसे देशों में सिख समुदायों द्वारा संचालित होकर वापस आया। 1980 में, लंदन में जगजीत सिंह चौहान नाम के एक डॉक्टर ने 'खालिस्तान गणराज्य' का अध्यक्ष होने का दावा किया। भारत सरकार पहले खालिस्तान को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं थी क्योंकि वे भारत के एक राज्य पंजाब की राजनीति को लेकर ज्यादा चिंतित थे। 1970 के दशक में, पंजाब में लोग अधिक स्व-शासन और सिखों के पक्ष में नीतियों की मांग कर रहे थे। उस समय भारत में सत्तारूढ़ दल, कांग्रेस ने सोचा कि ये अनुरोध भारत से अलग होने की दिशा में एक कदम था। 1980 के दशक में पंजाब में स्वशासन की यह मांग हिंसात्मक आंदोलन में बदल गई। कुछ हिंसा इसलिए हुई क्योंकि अधिक से अधिक लोग जरनैल सिंह भिंडरावाले का अनुसरण कर रहे थे, जो एक चरमपंथी विचार वाले उपदेशक थे।

# भारत के लिए आसान नहीं है मुद्रास्फीति से लड़ना

डॉ.अजीत रानाडे

**भारत** की राजकोषीय स्थिति स्वीकार की गई स्थिति से कहीं अधिक गंभीर है। यदि हम ऋण सेवा अनुपात की तुलना करते हैं यानी सरकार के राजस्व का कितना हिस्सा कर्ज के बढ़ते पहाड़ जैसे ब्याज का भुगतान करने के लिए जाता है तो हम पाते हैं कि भारत का औसत सभी देशों के औसत से ऊपर है। उच्च घाटे के कारण ब्याज दर भी उच्च बनी रहती है जिससे आवास, अचल संपत्ति और वास्तव में सभी औद्योगिक परियोजनाओं जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को नुकसान होता है। अगस्त महीने के लिए भारत की आधिकारिक मुद्रास्फीति दर 6.83 प्रतिशत है जो पिछले महीने की दर से 7.44 प्रतिशत से नीचे है। यह अभी भी 6 प्रतिशत की अधिकतम दर से ऊपर है जो भारतीय रिजर्व बैंक की रेडलाईन है। जब से मौद्रिक नीति 2016 में मुद्रास्फीति लक्ष्य पर स्थानांतरित हुई है, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के लिए मुद्रास्फीति का स्वीकार्य बैंड 2 से 6 प्रतिशत के बीच है। पिछले बारह महीनों में यह सातवीं बार है जब मासिक मुद्रास्फीति दर 6 फीसदी से ऊपर है। क्या यह आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के लिए चिंताजनक नहीं होगा? उन्हें मुद्रास्फीति को कम करने के लिए धन की आपूर्ति और सख्त करने की आवश्यकता है लेकिन इस उम्मीद में कि मुद्रास्फीति अपने आप कम हो जाएगी उन्होंने ब्याज दर को अपरिवर्तित रखने का विकल्प चुना है। रिजर्व बैंक के गवर्नर ने भी संकेत दिया है कि मुद्रास्फीति कुछ समय तक ऊंची बनी रहेगी। भारत के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में उपभोग टोकरी में लगभग 450 विभिन्न वस्तुओं का भारित औसत शामिल है जो ग्रामीण और शहरी उपभोक्ताओं के लिए अलग-अलग है परन्तु इसका लगभग 49 प्रतिशत भोजन और संबंधित वस्तुओं में चला जाता है। इसलिए यदि खाद्य मुद्रास्फीति अधिक है तो स्वाभाविक रूप से समग्र मुद्रास्फीति अधिक होती है। खाद्य मुद्रास्फीति जो लगभग 49 प्रतिशत है, वर्तमान में 10 प्रतिशत पर चल रही है। इसका कारण सब्जियों, तिलहनों, दालों, दूध और यहां तक कि अनाज की बढ़ती कीमतें हैं। भारत ने निर्यात पर प्रतिबंध लगाने या विभिन्न कृषि उत्पादों पर भारी निर्यात कर लगाने के संयोजन



का उपयोग किया है। इनमें गेहूं, चावल, चीनी और प्याज शामिल हैं। यह उन किसानों की कमाई को प्रभावित करता है जो निर्यात से आकर्षक मुनाफे पर नजर रख रहे थे। उदाहरण के लिए भारत ने 2022 में 70.40 लाख टन उबला हुआ चावल निर्यात किया था लेकिन अब इस पर 20 फीसदी का जबरदस्त निर्यात शुल्क है।दुनिया के चावल निर्यात में भारत का हिस्सा 40 प्रतिशत है और भारत के प्रतिबंधों ने दुनिया में चावल की अतिरिक्त कमी पैदा कर दी है। भारत से निर्यात प्रतिबंधों ने चीन, फिलीपींस, बांग्लादेश, इंडोनेशिया और नाइजीरिया जैसे आयातक देशों को प्रभावित किया है। फिलीपींस में चावल की भारी कीमतों के कारण एक मंत्री को इस्तीफा देना पड़ सकता है। क्या प्रतिबंध या निर्यात कर ने भारत में चावल की मुद्रास्फीति को कम कर दिया है? वास्तव में नहीं, क्योंकि स्पष्ट रूप से टूटे हुए चावल (जिस पर निर्यात कर लागू होता है) का उपयोग इथेनॉल उत्पादन के लिए हो रहा है। कारों के लिए ईंधन बनाने के लिए खाद्यान्न का उपयोग करना एक विवादास्पद नीति है, खासकर उस समय जब दुनिया उच्च खाद्य मुद्रास्फीति का सामना कर रही है। फूड एंड एग्रीकल्चर आर्गेनाईजेशन (एफएओ) का चावल मूल्य सूचकांक अगस्त में 9.8 प्रतिशत बढ़ा है और अब यह 15 साल के उच्च स्तर पर है। इस तरह भारत में महंगाई फैलनी तय है। इथेनॉल नीति कीमती डॉलर को बचाने की कोशिश से प्रेरित है जिसे हम कच्चे तेल के आयात पर खर्च करते हैं। तो भी अगर घरेलू खाद्य मुद्रास्फीति डॉलर भुगतान करने की कीमत है तो हमें ईंधन उत्पादन के लिए खाद्य फसलों का उपयोग करने के बारे में सावधानीपूर्वक सोचना होगा। खाद्य मुद्रास्फीति से परे कच्चे तेल के बारे में हमारा नजरिया भी उच्च कीमतों की आशंका बढ़ाता है। रूस और सऊदी अरब द्वारा आपूर्ति में कटौती के कारण तेल की कीमतें पहले ही 85 डॉलर को पार कर गई हैं और ऊंची ही बनी रहेंगी। चूंकि यह भारत के आयात पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है इसलिए संभावना है कि भारतीय रुपया 83 से 85 तक गिर जाएगा। तेल आयात बिल को केवल सॉफ्टवेयर और आईटी सेवाओं के उम्मीद से अधिक निर्यात से हराया जा सकता है। ऐसा कहना आसान है लेकिन इसे अमल में लाना कठिन है क्योंकि सॉफ्टवेयर क्षेत्र में स्पष्ट रूप से मंदी नजर आ रही है। बेशक, भारत की सॉफ्टवेयर सेवाओं के लिए मध्यम से दीर्घकालिक दृष्टिकोण बहुत मजबूत बना हुआ है।

उद्योग निकाय नैसकॉम द्वारा ऐसा ही संकेत दिया गया है। खाद्य मुद्रास्फीति तेल की कीमतों और डॉलर की विनिमय दर में गिरावट के अलावा राजकोषीय घाटे का आकार मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति का प्रमुख योगदान है। भारत उच्च घाटे में चल रहा है और राष्ट्रीय ऋण भी बढ़ रहा है। घाटे को नियंत्रित करने के सभी प्रयास व्यर्थ प्रतीत होते हैं। बेशक, महामारी के दौरान घाटे को बढ़ाना पड़ा क्योंकि सरकार को मुफ्त भोजन, सब्सिडी वाले ऋण और पर्याप्त तरलता के रूप में आपातकालीन बचाव उपायों का उपयोग करना पड़ा लेकिन कुछ फैसलों से भौंहें तन सकती हैं। उदाहरण के लिए, 48 महीने से अधिक समय से चल रही मुफ्त खाद्यान्न योजना से सरकारी खजाने पर कुल 4.5 लाख करोड़ रुपये का बोझ पड़ रहा है। कर्ज में डूबी दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड के लिए मंत्रिमंडल ने हाल ही में 10.7 खरब रुपये के पुनरुद्धार पैकेज की घोषणा की। एक संसदीय प्रश्न के उत्तर के अनुसार पिछले 9 वर्षों में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने लगभग 14.56 लाख करोड़ रुपये के खराब ऋणों को बट्टे खाते में डाल दिया है।

इसके राजकोषीय निहितार्थ हैं क्योंकि केंद्र सरकार द्वारा इक्विटी पूंजी बैंकों में डाली जानी है। बट्टे खाते में डालना एक कारक हो सकता है जिससे फंसे कर्ज का अनुपात कम होगा और बैंकिंग क्षेत्र की सेहत सुधरेगी लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि राजकोषीय खर्च बहुत बढ़ा हुआ है और मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ रहा है। भारत की राजकोषीय स्थिति स्वीकार की गई स्थिति से कहीं अधिक गंभीर है। यदि हम ऋण सेवा अनुपात की तुलना करते हैं यानी सरकार के राजस्व का कितना हिस्सा कर्ज के बढ़ते पहाड़ जैसे ब्याज का भुगतान करने के लिए जाता है तो हम पाते हैं कि भारत का औसत सभी देशों के औसत से ऊपर है। उच्च घाटे के कारण ब्याज दर भी उच्च बनी रहती है जिससे आवास, अचल संपत्ति और वास्तव में सभी औद्योगिक परियोजनाओं जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को नुकसान होता है। एक निश्चित सीमा को पार करने को अवैध बनाने की कोशिश करके भारत ने घाटे के खर्च की प्रवृत्ति को कम करने के बहुत प्रयास किए हैं।

2003 में संसद द्वारा पारित राजकोषीय उत्तरदायित्व कानून ने राजकोषीय घाटे की सीमा के रूप में सकल घरेलू उत्पाद के 3 प्रतिशत से अधिक को अवैध बना दिया। फिर भी, हकीकत यह है कि ऐसा एक वर्ष भी नहीं है जब भारत ने इस सीमा को पार नहीं किया है। इसका नतीजा यह है कि राजकोषीय जवाबदेही एवं बजट प्रबंधन कानून (फिस्कल रिस्पॉन्सिबिलिटी एंड बजट मैनेजमेंट लॉ- एफआरबीएम) दंतहीन हो गया है। महामारी से ठीक पहले कानून की समीक्षा की गई थी और इसका भी कोई खास फायदा नहीं है क्योंकि कर्ज और घाटे का स्तर अर्थव्यवस्था के लिए निर्धारित स्वस्थ स्तर से कहीं अधिक है। यह सच है कि हंगामाखेज और प्रतिस्पर्धी लोकतंत्र में मुखर समूहों और निहित स्वार्थों द्वारा अधिक खर्च करने की मांग की जा रही है। इसके शीर्ष पर मुफ्त की पेशकश करने की बढ़ती प्रवृत्ति है।

इसके अलावा नई औद्योगिक नीति भी है जो उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन और आयात से सुरक्षा जैसी योजनाएं प्रदान करती है। अच्छे हों या बुरे हों, इन सभी उपायों के राजकोषीय निहितार्थ हैं जो न केवल ऋ ण और राजकोषीय रुख की स्थिरता को खतरे में डालते हैं बल्कि मुद्रास्फीति के दबाव को भी बढ़ाते हैं। भारत के बारहमासी राजकोषीय प्रभुत्व और बोझ के बड़े और भारी वजन को केवल मौद्रिक नीति को कड़ा करके घटाया नहीं जा सकता है। यहां तक कि यह भी सहनशीलता दिखा रहा है। भारत के लिए मुद्रास्फीति की लड़ाई वास्तव में बहुत कठिन है।

# गीता मुखर्जी ने की थी महिला आरक्षण विधेयक की शुरूआत

बिनॉय विश्वम

**भारतीय** कम्युनिस्ट पार्टी और वामपंथी ताकतें हमेशा महिला आरक्षण विधेयक के प्रति दृढ़ता से प्रतिबद्ध रही हैं और उन्होंने देश में प्रगतिशील महिला आंदोलन के साथ-साथ अपना संघर्ष जारी रखा है। नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वीमेन (एनएफआईडब्ल्यू) इस संघर्ष को जनहित याचिका के रूप में 2021 में सुप्रीम कोर्ट तक ले गया। इस महत्वपूर्ण मामले में सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने भी कड़ा रुख अपनाया । काफी लंबे इंतजार के बाद महिला आरक्षण बिल संसद से पास हो गया है। जो कोई भी महिला आरक्षण विधेयक को लागू करने के लिए संघर्ष के इतिहास के बारे में जानता है, वह जीत के इस क्षण में कॉमरेड गीता मुखर्जी को याद करेगा। वह अविस्मरणीय कम्युनिस्ट नेता और महिलाओं के अधिकारों के लिए एक सतत सेनानी थीं, जिन्होंने महिला विधेयक को पारित करने को एक जीवन मिशन के रूप में लिया। वह एक सच्ची कम्युनिस्ट थीं जिनका मानना था कि देश की महिलाओं की मुक्तिके बिना भारतीय क्रांति के कार्य पूरे नहीं हो सकते। संसद और राज्य विधानमंडलों में महिलाओं की तैंतीस प्रतिशत भागीदारी उस दिशा में पहला कदम है। उस पहले कदम को पूरा करने के लिए भी, देश की लोकतांत्रिक ताकतों को दशकों तक लगातार लड़ाई लड़नी पड़ी। विधेयक का पारित होना महिला संगठनों और अन्य लोकतांत्रिक ताकतों के भविष्य के संघर्षों के लिए एक प्रेरणा होगी। भाजपा सरकार देश में महिला सशक्तिकरण की चैंपियन बनने की कोशिश कर रही है। उनके सभी प्रचार उपाय इसी के अनुरूप हैं और वे प्रचार करते हैं कि नरेंद्र मोदी महिलाओं के अधिकारों के योद्धा हैं। चलाये जा रहे ऐसे प्रचार के विपरीत, सच्चाई यह है कि नरेंद्र मोदी और उनकी पार्टी महिला आरक्षण विधेयक को लागू करने के प्रति बिल्कुल भी ईमानदार नहीं हैं। वे वैचारिक और राजनीतिक तौर पर महिला सशक्तिकरण के पक्ष में नहीं हैं। उनका आरएसएस द्वारा नियंत्रित एक पुरुषवादी संगठन है जिसमें महिलाओं को प्राथमिक सदस्यता से भी वंचित रखा जाता है। उनकी विचारधारा मनुस्मृति द्वारा निर्देशित है, जो 'न स्त्री स्वतंत्रयंअर्हति' (महिलाओं को स्वतंत्र नहीं होना चाहिए) का उपदेश देती हैं। अचानक, उनकी सरकार नारी शक्ति की पैरोकार बन गई और इस विधेयक के साथ उसे ताज पहनाना चाहती थी। चुनावी मजबूरियां भाजपा के अंदर वैचारिक प्रतिबद्धता पर हावी हो रही थीं। अन्यथा, वे इस विधेयक को शुरू करने के लिए 2014 से 2023 तक नौ साल की लंबी अवधि को कैसे उचित ठहरा सकते हैं? महिला आरक्षण विधेयक की विषयवस्तु को 1996 में संयुक्त मोर्चा सरकार द्वारा आकार दिया गया था, जिसमें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी भी महत्वपूर्ण पदों पर थी। तब ओबीसी के लिए आरक्षण को लेकर मतभेद के कारण इसे पारित नहीं किया जा सका था। इस हेतु गीता मुखर्जी के नेतृत्व में एक संयुक्त संसदीय समिति का गठन किया गया। हालांकि इसने रिकॉर्ड समय में अपनी रिपोर्ट पेश की, लेकिन यह कदम आगे नहीं बढ़ सका क्योंकि विधेयक लोकसभा के विघटन के साथ समाप्तअवधि वाला हो गया था। वाजपेयी सरकार के कार्यकाल में इस मामले में कोई खास प्रगति नहीं हुई। यूपीए-1, जिसमें वामपंथी दलों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, ने मामले को गंभीरता से लिया और महिला आरक्षण विधेयक को न्यूनतम साझा कार्यक्रम में महत्वपूर्ण स्थान मिला। डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली इस सरकार के दौरान, विधेयक 6 मई, 2008 को पेश किया गया था। स्थायी समिति की जांच के बाद, राज्यसभा ने 9 मार्च, 2010 को विधेयक पारित कर दिया। उस समय से, राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण इस विषय में कोई गंभीर विकास नहीं हुआ। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और वामपंथी ताकतें हमेशा महिला आरक्षण विधेयक के प्रति दृढ़ता से प्रतिबद्ध रही हैं और उन्होंने देश में प्रगतिशील महिला आंदोलन के साथ-साथ अपना संघर्ष जारी रखा है। नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वीमेन (एनएफआईडब्ल्यू) इस संघर्ष को जनहित याचिका के रूप में 2021 में सुप्रीम कोर्ट तक ले गया। इस महत्वपूर्ण मामले में सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने भी कड़ा रुख अपनाया और सरकार को आगाह किया कि अगर विधेयक को लागू करने में और देरी की गई तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। 2024 के आने वाले लोक सभी चुनावों के साथ-साथ, विभिन्न कारकों ने भाजपा सरकार को कानून के साथ आगे आने के लिए मजबूर किया। हालांकि महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह एक ऐतिहासिक मोड़ है, लेकिन भाजपा इसके कार्यान्वयन के प्रति बिल्कुल भी ईमानदार नहीं है। आगामी जनगणना और निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के नाम पर, सरकार ने इसके कार्यान्वयन को किसी और समय के लिए विलंबित करने का प्रयास किया है। इसका विरोध किया जाना चाहिए। देश की लोकतांत्रिक ताकतों ने सरकार से आग्रह किया कि महिला आरक्षण विधेयक को मौजूदा लोकसभा के भंग होने के बाद ही अविलंब लागू किया जाये। पंचायतों और स्थानीय शहरी निकायों में कुल सीटों में से एक तिहाई (33प्रतिशत) में आधी पर ही महिलाओं के लिए आरक्षण के अनुभव ने हमें दिखाया है कि शासन में महिलाओं को आरक्षण देने से कैसे सकारात्मक परिणाम आ सकते हैं। हमारे राजनीतिक परिदृश्य में परिवर्तन के लिए यह लैंगिक-समावेशी राजनीति के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का ईंधन होना चाहिए।

# बात बिगड़ेगी तो फिर दूर तलक जाएगी

पुष्परंजन

**जस्टिन ट्रूडो** ने अपने इस खेल में जो बाइडेन प्रशासन को भरोसे में ले लिया है, जो उल्टा भारत को सहयोग देने की नसीहत दे रहे हैं। 18 जून को सिख चरमपंथी निज्जर की हत्या हुई। कोई खुफिया इनपुट नहीं। सब कुछ हवा-हवाई। क्या यह संभव नहीं कि स्वयं जस्टिन ट्रूडो ने इस हाई प्रोफाइल खेल को रचा हो? 4 जून 2023 की बात है। कनाडा के ब्रैंपटन शहर में खालिस्तान समर्थकों ने 5 किलोमीटर लंबी एक परेड निकाली थी। छह जून 2023 को ऑपरेशन ब्लू स्टार की 39वीं बरसी थी। मगर, उससे दो दिन पहले 'शोभा यात्रा' निकालकर माहौल गमार्ने का प्रयास किया गया था। इस शोभा यात्रा में एक चलती हुई गाड़ी पर इंदिरा गांधी की हत्या का दृश्य दिखाया गया था। इसमें खून से सनी साड़ी पहने हुए इंदिरा गांधी का एक पुतला था। दो सिख जवानों के पुतले इंदिरा गांधी के पुतले पर गोलियां बरसाते दिख रहे थे। उस झांकी में एक पोस्टर भी लगाया गया था जिसमें लिखा था, 'दरबार साहिब पर हमले का बदला।' 8 जून 2023 को विदेशमंत्री एस. जयशंकर इस आपत्तिजनक झांकी के हवाले से कनाडा के विरूद्ध कड़ा प्रतिरोध व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यहां बड़ा मुद्दा कनाडा की जमीन का भारत विरोधी चीजों के लिए इस्तेमाल का है। उन्होंने कहा कि भारत विरोध के लिए कनाडा का इस्तेमाल होना, न हमारे रिश्तों के लिए ठीक है, और न उनके लिए ठीक है। एस. जयशंकर ने एक दायित्व बोध के साथ इस विषय को उठाया था। हमारे मतभेद चाहे जितने रहे हों, मगर देश के पूर्व प्रधानमंत्री का इस तरह अपमान क्यों कोई भारतीय बर्दाश्त करे। जयशंकर ने जो किया, उसकी सराहना होनी चाहिए। लेकिन इस समय भारत और कनाडा के बीच जो कुछ चल रहा है, इंडिया गठबंधन को अपनी स्थिति साफ कर देनी चाहिए। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉडी थॉमस ने एक बयान में कहा था कि, भारत उनके देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करता है। वो कौन से आतंरिक मामले हैं? जस्टिन ट्रूडो की राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार को स्पष्ट कर देना चाहिए था। आप अतिवाद को ऊर्जा दो, और उल्टा चोर कोतवाल की तरह व्यवहार करो। कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ऐसा इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें अपनी कुर्सी 2025 चुनाव तक बचानी है। पूरे देश का ध्यान उन्होंने बांट लिया है। जस्टिन ट्रूडो के साथ मुश्किल यह है कि सरकार को सुचारू रूप से चलाने की बजाय देश का ध्यान भटकाने के लिए कभी चीन से, तो कभी भारत से कूटनीतिक संबंध बिगाड़ने में लगे हुए हैं। अक्टूबर 2025 तक सत्ता में बने रहने के लिए जस्टिन ट्रूडो एक कठपुतली प्रधानमंत्री की भूमिका में हैं। सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी को 338 सदस्यीय हाउस ऑफ कॉमंस में 170 सभासदों का समर्थन चाहिए। 2019 के आम चुनाव परिणाम के समय न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) के लीडर जगमीत सिंह किंग मेकर की भूमिका में अवतरित हुए थे।

# नारी शक्ति वंदन उर्फ महिला आरक्षण

**चुनावी** साल में हार की आशंकाओं के बीच जूझ रही भाजपा ने 19 सितम्बर को फिर एक चुनावी दांव चला। दांव पुराना था, लेकिन मोदी सरकार ने अपने चलन के अनुरूप उस पर नया मुलम्मा चढ़ाकर इस तरह पेश किया, मानो यह उसी की पहल हो। 19 सितम्बर, 2023 को संसद के विशेष सत्र के दूसरे दिन संसद के नए भवन से कामकाज शुरू हुआ। मोदी सरकार ने इसके लिए गणेश चतुर्थी का दिन ही क्यों चुना, ये समझना कठिन नहीं है। हिंदुओं के लिए गणेश चतुर्थी का दिन खास मायने रखता है। पहले गणेश उत्सव महाराष्ट्र के अलावा कुछ गिने-चुने राज्यों में ही धूमधाम से मनाया जाता था। लेकिन सिनेमा और टीवी की पहुंच और प्रभाव के कारण धीरे-धीरे सारे देश में इसका दायरा बढ़ने लगा। लेकिन फिर भी इस दिन को राजनैतिक तौर पर भुनाने की कोशिश अब तक किसी सरकार ने नहीं की। श्री मोदी यहां भी कीर्तिमान स्थापित कर गए। गणेश चतुर्थी के दिन संसद में प्रवेश से पहले, वे सेंट्रल विस्टा का उद्घाटन पंडितों की मौजूदगी में मंत्रोच्चार के बीच कर चुके हैं और दोनों ही अवसरों पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का न होना कई सवालों को खड़े कर देता है। राष्ट्रपति महोदया को इन महत्वपूर्ण अवसरों पर मोदी सरकार ने क्यों शामिल नहीं किया, इसका जवाब वही दे सकते हैं। लेकिन एक बात दीवार पर लिखी इबारत की तरह स्पष्ट है कि संसद के कामकाज में भगवान और पूजा पाठ शामिल कर मोदी सरकार ने संविधान की भावना का अनादर किया, जो धर्मनिरपेक्षता की व्याख्या करता है। मोदी सरकार ने लोकतंत्र के लिए सबसे जरूरी इस मंच को एक धर्म तक समेटने की कोशिश की, ताकि इसका लाभ उन्हें चुनाव में मिल सके। श्री मोदी के पास जनवरी में राम मंदिर के उद्घाटन का मौका अभी बचा है, लेकिन ऐसा लग रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी को अपनी सत्ता के हिलने का अहसास होने लगा है और इसलिए वे इस वक्त किसी भी मौके को चूकना नहीं चाहते। संसद में कई दशकों से महिला आरक्षण पर कानून बनाने की मांग हो रही है। मोदी सरकार ने अपने 9 सालों के कार्यकाल में तो अब तक इस पर कुछ नहीं किया था, लेकिन लोकसभा चुनाव में जब साल भर भी नहीं बचे हैं, तो श्री मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम नाम का जिक्र संसद में किया और कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इसे सदन के पटल पर रखा। इस विधेयक के पारित होने के बाद लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या बढ़कर 181 हो जाएगी। मौजूदा समय में लोकसभा में कुल सदस्य संख्या 543 है। और इस वक्त महिला सांसदों की संख्या 82 है। विधेयक में संविधान के अनुच्छेद- 239 एए के तहत राजधानी दिल्ली की विधानसभा में भी महिलाओं को 33प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। यानी, दिल्ली विधानसभा में भी 70 में से 23 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगी। अन्य राज्यों की विधानसभाओं में भी महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जाएगा। जो लोकसभा या विधानसभा सीट महिलाओं के एक चुनाव में आरक्षित होगी अगले चुनाव में वही सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित नहीं होंगी। बल्कि अन्य 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जाएंगी। इसके बाद जो तीसरा चुनाव होगा उसमें बची हुई 33 प्रतिशत सीटों को महिलाओं के लिए आरक्षित किया जाएगा। इस विधेयक के ऐसे प्रावधानों को सुनकर लगता है कि देश में कोई अभूतपूर्व क्रांति होने वाली है। महिलाओं को एकदम से शक्ति मिलने वाली है। एक झटके में सारी व्यवस्था सुधर जाएगी, महिला विरोधी मानसिकता ठीक हो जाएगी। लेकिन हकीकत फिलहाल ऐसी नहीं है। विधेयक के मसौदे पर में यह लिखा है कि इसे 'संविधान (एक सौ आईसवां संशोधन) अधिनियम 2023 के प्रारंभ होने के बाद होने वाली पहली जनगणना के प्रासंगिक आंकड़े प्रकाशित होनेइ के बाद लागू किया जा सकेगा। इसे निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन या पुनर्निर्धारण के बाद लागू किया जाएगा। लागू होने के बाद अधिनियम 15 वर्ष तक प्रभावी रहेगा। अगली जनगणना कब तक होगी, इसका कोई ठिकाना नहीं है, क्योंकि सरकार की प्राथमिकता में शायद जनगणना के आंकड़े जुटाना है ही नहीं। जब तक जनगणना नहीं होगी, तब तक महिला, पुरुष, अजा, जजा, ओबीसी इन सब के ताजा आंकड़े नहीं आएंगे और जब आंकड़े ही नहीं होंगे, तो आरक्षण की व्यवस्था किस तरह होगी, ये बड़ा सवाल है। यह निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन और कानून लागू होने के बाद पहली जनगणना के बाद ही संभव हो पाएगा। इसका यही मतलब है कि संसद के नए भवन में प्रवेश के साथ ही मोदी सरकार ने जिस तरह महिला आरक्षण को एक नए नाम नारी शक्ति वंदन अधिनियम के साथ पेश किया, वो सभी दलों से विचार-विमर्श के बाद पूरी तैयारी के साथ पहले या बाद में भी पेश हो सकता था, लेकिन सरकार ने इसी दिन को चुना ताकि अपना नाम इतिहास में दर्ज करा सके।

श्री मोदी ने इस विधेयक के बारे में बोलते हुए कहा भी कि ईश्वर ने इस शुभ काम के लिए शायद मुझे चुना है। इस वक्तव्य में श्रेय बटोरने की हड़बड़ी साफ दिखाई देती है। क्योंकि मोदी सरकार ये जानती है कि महिला आरक्षण का विचार राजीव गांधी के प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल से ही पनपना शुरू हुआ है, और बाद की तमाम सरकारों ने अपने-अपने स्तरों पर इसे पारित करवाने की कोशिश की। 2010 में सोनिया गांधी के प्रयासों से राज्यसभा तक में महिला आरक्षण विधेयक पारित हो गया, लेकिन तब राजद, सपा जैसे दलों की कुछेक आपत्तियों के कारण लोकसभा में लटक गया। महिला आरक्षण विधेयक के लटकने-अटकने का इतिहास तो सबको ज्ञात है, लेकिन अब मोदी सरकार ने इसके नाम पर भटकाने का रास्ता भी प्रशस्त कर दिया। सरकार ने यही इशारा दिया है कि केवल वही महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रयासरत है, जबकि यह पूरा सच नहीं है। आधे-अधूरे सच और आधी-अधूरी तैयारियों के साथ महिला आरक्षण या नारी शक्ति वंदन अधिनियम किस दिशा में बढ़ता है और किस दशा को प्राप्त होता है, ये जानने के लिए इंतजार करना होगा।

## 25 क्वार्टर शराब समेत एक गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द की अगुवाई में दरोगा कमलेश कुमार की टीम ने चंद्रभवन प्रजापति पुत्र रघुराज निवासी लूक मजरा पतौड़ा को 25 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा कमलेश कुमार, सिपाही अजीजुद्दीन शामिल रहे।

## दिल्ली में दो ऑटो-रिक्शा चालकों ने नाबालिग से किया बलात्कार

**नई दिल्ली। उत्तरपूर्वी** दिल्ली में दो भाइयों ने 15 वर्षीय एक लड़की के साथ बलात?कार किया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, गुरुवार को जनता कॉलोनी निवासी नाबालिग ने आरोप लगाया कि नंद नगरी निवासी जाहिद (22) और उसके भाई जुबैर (24) ने उसके साथ बलात्कार किया।

## प्रधान-सचिव की मिलीभगत से भंभेट में हुई धांधली, पीएम आवास में भी हुआ खेल

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। रामनगर ब्लाक के भंभेट गांव में विकास कार्यों के नाम पर मनमानी हो रही है। प्रधान-सचिव की मिलीभगत से सरकारी धन का बंदरबांट हो रहा है। सचिव सगे रिश्तेदार की फर्म के नाम पर बिना कार्य के ही भुगतान कर रहा है।

शनिवार को भंभेट गांव में प्रधान-सचिव की मनमानी का खुलासा हुआ। बताया गया कि भंभेट की प्रधान उमा देवी हैं, मनीष पाण्डेय सचिव हैं। सचिव मनीष पाण्डेय सगे मामा हरी नारायण पाण्डेय के दामाद विपिन पाण्डेय की फर्म श्री बालाजी ट्रेडर्स के नाम पर मनमानी ढंग से भुगतान करते हैं। शासनादेश हैं कि किसी भी सगे संबंधियों की फर्मों के नाम पर भुगतान नहीं हो सकते। सचिव मनीष पाण्डेय सरकारी निदेशों का उल्लंघन कर रहा है। भंभेट में मनरेगा से पुरानी गौशाला निर्माण कार्य को अंत्येष्टि स्थल निर्माण दिखाकर श्री बालाजी ट्रेडर्स के नाम पर 201383.81 निकाला है, जबकि मौके पर अंत्येष्टि स्थल नहीं है। इस कार्य की कोई एमबी नहीं हुई। ग्राम पंचायत सचिवालय के निर्माण के नाम पर 94689.17 निकाले हैं। इस सचिवालय का निर्माण तालाब के भीटे पर हो रहा था, नींव भर गई थी, रोक लग गई है। प्रधान-सचिव की मिलीभगत से बिना कार्य कराए व बिना एमबी के सरकारी धन का भुगतान कर गबन किया है। गांव में कायाकल्प योजना से विद्यालयों के मरम्मतीकरण में धांधली मिली है, मानकविहीन कार्य कराकर सरकारी धन का बंदरबाट हुआ है। भंभेट स्थित प्राथमिक विद्यालय हरिजन बस्ती में कायाकल्प के नाम पर धांधली की गई है। विद्यालयों में दिव्यांग शौचालयों के निर्माण व बाउंड्रीवाल निर्माण में सरकारी धन का बंदरबाट हुआ है। प्रधानमंत्री आवास में अपात्रों को पात्र दिखाकर मनमानी ढंग से आवास का लाभ दिया गया है। मुख्यमंत्री आवास योजना में दिव्यांगो को दिए आवासों में फर्जी ढंग से दिव्यांग दिखाकर आवास आवंटित किए हैं।

# भाजपा व मोदी से सचेत रहें सपाई: जिलाध्यक्ष

## धर्म-जाति के नाम पर नफरत फैलाती है भाजपा: मान सिंह



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा जिला कार्यालय में सपा बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी जिलाध्यक्ष आरके कुरील व पार्टी जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने संयुक्त रूप से बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी जिला कमेटी घोषित कर मनोनीत पदाधिकारियों को मानोनयन पत्र सौंपा। सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि/जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कार्यकताओं और बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के मनोनीत पदाधिकारियों से कहा कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव डॉ अंबेडकर व डॉ राममनोहर लोहिया के सपनों का भारत बनाना चाहते हैं।

शनिवार को सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहा कि सपा बिना जाति-धर्म-मजहब संप्रदाय देखे बिना केवल विकास व विकास के मुद्दे पर काम किया है। सपा का इतिहास संघर्षों का इतिहास रहा है। बाबा साहब के संविधान पर पूर्ण निष्ठा पार्टी रखती है। सपा का मानना है कि भारत एक पंथनिरपेक्ष देश है। हम लोग समता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और वसुधैव कुटुंबकम की विचारधारा पर काम करते हैं। मौजूदा भाजपा सरकार देश में नफरत का माहौल बना रही है। धर्म-जाति और संप्रदाय के नाम पर लोगों को एक-दूसरे का दुश्मन बना रही है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा शातिर-मायावी पार्टी है। कार्यकर्ता भाजपा व प्रधानमंत्री मोदी से सावधान रहें। सपा की रीति व अखिलेश यादव के किये विकास कार्यों को बूथ, जन-जन तक पहुंचायें। पार्टी व संगठन को मजबूत करें। आगामी 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा व मोदी का सफाया करने का जनता मन बना चुकी है। पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक व महिलायें भाजपा व मोदी की कारगुजारियों से दुखी व खुद को ठगा महसूस कर रही है।

बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मान सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा व प्रधानमंत्री मोदी को विकास और तरक्की से कोई लेना-देना नहीं है। भाजपा का काम नफरत फैलाना, धर्म-जाति संप्रदाय के नाम पर लोगों को उकसाकर आपस में लड़ाकर राज करना है। किसान, नौजवान, महिलायें, मजदूर सब परेशान हैं। महंगाई व बेरोजगारी अपने चरम पर है। समारोह का संचालन महासचिव सत्यनारायण पटेल ने किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव, मोहम्मद गुलाब खां, जगदीश यादव, सीताराम कश्यप, प्रवक्ता सुभाष पटेल, लवलेश यादव, मुलायम सिंह, यूथ ब्रिगेड के पूर्व जिलाध्यक्ष निजाम सिद्दीकी, रुद्र यादव, राजा यादव, ऋतुराज वर्मा, अयूब खान, शिवपूजन पटेल, शीलू यादव, मोहम्मद जलाल खान, गोपीचंद यादव, मुन्नालाल सोनकर, लवकुश अग्रहरि, उपाध्यक्ष उमाकांत यादव, पूर्व लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष अमर पटेल, जलाल खान आदि मौजूद रहे।

## शार्ट-सर्किट से आग से गृहस्थी स्वाहा



**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** बीती देर रात शार्ट सर्किट से आग लगने से मजदूर के घर में रखी घरेलू खाद्य सामग्री एवं सामान समेत गृहस्थी का सारा सामान व रुपये जल गए।

ये घटना शुक्रवार की रात एक बजे हुई। बताया गया कि मऊ तहसील के मवईकला गांव के दर्शन पासी पुत्र घसीटा सपरिवार घर में सो रहे थे। इसी बीच शार्ट सर्किट से घर में आग लग गई। घर में रखा अनाज समेत गृहस्थी का पूरा सामान स्वाहा हो गया। कुछ रुपये भी जल गए। शार्ट-सर्किट से आग लगने की सूचना ग्रामीणों को मिली तो ग्रामीणों ने पावर हाउस में फोन कर लाइट कटवाकर आग को बुझाया।

अग्निकांड का मुआयना हल्का लेखपाल ने कर पीड़ित को मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी इंद्रेश त्रिपाठी ने भी पीडित को हरसंभव मदद देने का भरोसा दिया।

## प्रधान-बेटे पर चुनावी रंजिश में जानलेवा हमला, बेटा प्रयागराज रेफर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी ब्लाक के इटखरी गांव में प्रधान व बेटे पर गौशाला में छह लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। दोनों को बेरहमी से लाठी-डण्डों से पिटाई की। प्रधान व बेटे को बेहोशी दशा में सीएचसी शिवरामपुर में भर्ती कराया। पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज किया है।

ये घटना शनिवार को सवेरे भरतकूप थाने के इटखरी गांव में हुई। बताया गया कि कर्वी ब्लाक के इटखरी गांव में पिछले माह तीन सदस्यीय संचालन समिति गठित हुई है। प्रधान के वित्तीय अधिकार सीज हैं। दो सप्ताह पहले डीएम अभिषेक आनन्द ने प्रधान सुरेश प्रसाद के वित्तीय अधिकारी बहाल किये हैं। दूसरा पक्ष लामबन्द होकर प्रधान सुरेश प्रसाद व उसके बेटे जितेन्द्र (18) को पानी का टैंकर गौशाला लेकर जाने पर हमला बोल दिया। लाठी-डण्डों व धारदार हथियारों से हमला किया। बेटे को डॉक्टरों ने प्रयागराज रेफर कर दिया है। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घटना की सूचना थाना प्रभारी भरतकूप सूबेदार बिन्द को दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनो पक्षों के बीच चुनावी रंजिश का मामला है। घटना की जांच की जा रही है।

## धनुष चैराहे में नेताओं ने लगाये वृक्ष



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला प्रभारी/प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष देवेश कोरी, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी, डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल, पालिका परिषद अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, पूर्व अध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे आदि जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में ट्रैफिक चैराहा में वृक्षारोपण हुआ।

शनिवार को वृक्षारोपण में दीपांशी गुप्ता व शकुंतला देवी ने भी वृक्ष लगाये। कहा कि जो वृक्ष लगाये गये हैं, जिनके घरों के सामने लगे हैं, वह वृक्षों की सिंचाई व देखरेख करेंगे। भाजपा नेताओं ने ट्राफिक चैराहा/धनुष चैराहे को सुन्दर बनाने को वृक्ष लगाये हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि वृक्षों की सुरक्षा लोग करें, ताकि बडे होकर ये वृक्ष लोगों को छाया दें।

## हैण्डपम्प रीबोर में अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी ब्लाक के गांवों में हैंडपम्प मरम्मतीकरण व सामग्री के नाम पर खेल हो रहा है। लाखों रुपए खर्च होने के बाद भी लोग बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। कई जगहों पर हैंडपम्प नहीं लगे थे, फिर भी रीबोर के नाम पर भुगतान हो गया।

शनिवार को हैण्डपम्प मरम्मतीकरण व सामग्री के नाम पर खेल का खुलासा हुआ है। प्रधानों ने चहेते लोगों के घरों पर हैंडपम्प लगवाये हैं। लोग निजी उपयोग कर रहे हैं। कहीं पर हैंडपंप रीबोर के नाम पर फजीर्वाड़ा तो कहीं सामग्री के नाम पर खेल हुआ है। हैंडपम्प रीबोर व सामग्री के नाम पर फर्जी भुगतान में जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध है।

## कायाकल्प योजना की पोल खोलता उच्च प्राथमिक विद्यालय

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विद्यालयों को स्वच्छ व सुन्दर बनाने को योगी सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। दूसरी ओर प्रधान व सचिव की मिलीभगत से कायाकल्प योजना में मनमानी हो रही है। परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले नौनिहाल सरकारी सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं।

शनिवार को ऐसा ही मामला उच्च प्राथमिक विद्यालय ऐचवारा में देखने को मिला। बताया गया कि मानिकपुर ब्लाक के ऐचवारा गांव में कायाकल्प योजना में कार्यों में धांधली देखी गई। विद्यालय आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। ऐचवारा के उच्च प्राथमिक विद्यालय की दशा दयनीय है। शौचालय ध्वस्त होने के चलते छात्र-छात्राओं को शौचक्रिया को खुले मैदान में जाना पड़ रहा है। इस मामले में प्रधान व सचिव कोई ध्यान नहीं दे रहे। योगी सरकार परिषदीय विद्यालयों को स्वच्छ एवं सुन्दर व सुविधा युक्त बनाने को प्रयास कर रही है। बीडीओ भी कोई ध्यान नहीं दे रहे। बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी भी ध्यान नहीं दे रहे। इससे विद्यालयों में कायाकल्प के नाम पर कागजी खानापूरी की जा रही है।

## रैपुरा थाने का सही करायें आरओ: एसपी



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला ने थाना रैपुरा का औचक मुआयना किया। मुआयना दौरान कार्यालय में रजिस्टरों को देखकर दुरुस्त करने के निर्देश दिये। शनिवार को पुलिस कप्तान श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने रैपुरा थाना कार्यालय, बन्दीगृह, मालखाना, कार्यालय बैरक, भोजनालय, थाना परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई के थाना प्रभारी रैपुरा को निर्देश दिए। थाने में बाउण्ड्रीवाल बनवाने, खराब पड़े आरओ की मरम्मत को, शौचालय की छत में पानी की टंकी लगवाने बाबत निर्देश दिये। निरीक्षण दौरान पीआरओ गुलाब त्रिपाठी, थाना प्रभारी रैपुरा आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने सुविधा केन्द्र व अटल भू-जल योजना के देखे कार्य

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने छिवलहा गांव में पर्यटन सुविधा केंद्र रुर्बन मिडवे व ताड़ी में अटल भूजल योजना के तहत तालाब निर्माण का औचक निरीक्षण किया। कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम से पूंछा कि पर्यटन सुविधा केंद्र के तहत म्यूरल वॉल, ग्लास कब तक पूरा हो जाएगा। चार-पांच अक्टूबर तक इसे जल्द पूरा करायें।

शनिवार को जिलाधिकारी ने ग्रील वॉल व रिटर्निंग वॉल भी पूरा कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कार्यदाई संस्था को निर्देश दिया कि बिजली कनेक्शन को जल्द अप्लाई कर कनेक्शन लें। फाउंटेनवाल को जल्द पूरा करायें। बाउंड्रीवॉल को ऊंचा करायें। फाउंटेन का मटेरियल न होने पर अन्य कार्यों को पूरा करायें। कार्यदायी संस्था से कहा कि मैनपावर बढ़ाकर शासन की मंशानुसार कार्य करायें। जिलाधिकारी ने भूजल योजना के तहत बदलुआ तालाब ताड़ी का निरीक्षण कर बीडीओ दिनेश मिश्र व प्रधान दरबारीलाल को निर्देश दिये कि तालाब तक जाने को एप्रोच रोड बनवायें। तालाब तक जाने को सीढियां भी बनवायें।

जिलाधिकारी ने कहा कि तालाब के लिए स्लो स्टेप भी बनवायें, ताकि उतरने में परेशानी न हो। बीडीओ को निर्देश दिये कि जो मोरंग रोड में है, उसे भरें। जिलाधिकारी ने बदलुआ तालाब पर वृक्षारोपण भी किया। बदलुवा में ही प्रधान ने जिलाधिकारी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर एसडीएम मऊ राकेश पाठक, डीडीओ राजकुमार त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, बीडीओ दिनेश मिश्रा व कार्यदायी संस्था आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# बूथ तक संवाद कर विपक्ष को करना है ध्वस्त: देवेश

## बूथ सशक्तिकरण कार्यशाला सम्पन्न



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बूथ सशक्तिकरण अभियान की जिला कार्यशाला भाजपा ने चित्रकूट इण्टर कालेज कर्वी में बतौर मुख्य अतिथि/प्रदेश उपाध्यक्ष/जिला प्रभारी देवेश कोरी व भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी की अध्यक्षता में हुई।

कार्यशाला में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल, पूर्व विधायक आनंद शुक्ल, दिनेश मिश्र, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, ब्लॉक प्रमुख सुशील द्विवेदी, गंगाधर मिश्र, नगर पंचायत चेयरमैन संजीव मिश्र, अमित द्विवेदी की मौजूदगी मे कार्यशाला में देवेश कोरी ने कहा कि बूथ मजबूती ही जीत का आधार है। बूथ जीता तो चुनाव जीता। बूथ तक संवाद करके विपक्ष को धूल-धूसरित करना है। कार्यकर्ता विराट विजय का शंखनाद करेंगे। भाजपा की डबल इंजन सरकार के काम गांव-गांव घर-घर जन-जन तक पहुंचे हैं। भाजपा की कथनी-करनी में अंतर नहीं है। लोककल्याण भाजपा सरकारों की पहचान बन गया है।

जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी ने कहा कि मंडल प्रवासी कार्य अवश्य करें। मण्डल, शक्ति केंद्र व बूथ की बैठक करके व्यापक संवाद करें। आयुष्मान भवः अभियान में घर-घर गांव-गांव जाकर जनसंवाद कर जागरूक करें। सेवा पखवाड़ा अभियान के सभी कार्यक्रम सहभागिता से सफल बनाना है। चन्द्र प्रकाश खरे ने कहा कि समाज के सभी वर्गों को लेकर चलना है। अशोक जाटव ने कहा कि समाज के हर क्षेत्र में भाजपा का विस्तार कार्यकर्ताओ ने सुनिश्चित किया है। चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि कार्यकर्ता संकल्पित होकर संगठन के सभी कार्य करें। भैरों प्रसाद मिश्र ने कहा कि मोदी सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं। आनंद शुक्ल ने कहा कि सब मिलकर संगठन को मजबूत करेंगे। रंजना उपाध्याय ने कहा कि मातृशक्ति वंदन अधिनियम पारित करवाकर मोदी ने देश की महिलाओ को सशक्त करने का काम किया है। कार्यक्रम में राजेश जायसवाल, राघवेन्द्र सिंह, तीरथ तिवारी, आलोक पाण्डेय, अश्विनी अवस्थी, विपुल सिंह, ब्रजेश पाण्डेय, भागवत त्रिपाठी, अनूप त्रिपाठी, शिवशंकर सिंह, अखिलेश, राघव, रवि गुप्त, अभिषेक, सुरेश अनुरागी, राजेश्वरी द्विवेदी, मनोज तिवारी, प्रेमलाल, शंकर दयाल निषाद, पप्पू पाल, हेमंत सिंह, दिव्या त्रिपाठी, लवलेश निषाद, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भरतकूप पुलिस ने गांजा समेत एक दबोचा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द की अगुवाई में वरिष्ठ दरोगा यदुवीर सिंह की टीम ने शिव विलास उर्फ उदल पुत्र स्व प्रहलाद पटेल निवासी मानपुर के कब्जे से एक किलो 940 ग्राम गांजा व दो किलो पांच सौ ग्राम सूखे गांजा समेत गिरफ्तार किया है। टीम ने एनडीपीएस एक्ट में उसे जेल भेजा है। टीम में वरिष्ठ दरोगा यदुवीर सिंह, सिपाही लवलेश व महिला सिपाही करुणा शामिल रहीं।

## स्वागत से अभिभूत हुए जिला प्रभारी-जिलाध्यक्ष



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** युवा समाजसेवी एवं भाजपा नेता कुणाल प्रताप सिंह सरकार ने रामकृपा इन में भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी व प्रदेश उपाध्यक्ष/जिला प्रभारी देवेश कोरी का स्वागत-अभिनंदन किया।

शनिवार को होटल मालिक/समाजसेवी विवेक अग्रवाल व कुणाल प्रताप सिंह सरकार ने अतिथियों का माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रमुख द्वार पर गाजे-बाजे समेत स्वागत-अभिनंदन देख प्रदेश प्रभारी व जिलाध्यक्ष ने युवाओं को शाबाशी दी। कहा कि ऐसे ही होनहार एवं युवा उत्साही देश-प्रदेश के भावी कर्णधार हैं। युवाओं के कंधे पर देश की जिम्मेदारी है। 2024 में युवा एकजुट होकर भाजपा की पूर्ण बहुमत से तीसरी बार केंद्र में मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का काम करेंगे, ताकि मोदी की अगुवाई में भारत विश्व गुरु का दर्जा प्राप्त कर सके। देश की उन्नति पूरी दुनिया में अलग तरह से दिखाई दे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिस उम्मीद व विश्वास से पार्टी हाई कमान ने जिला संगठन की बागडोर सौंपी है, उस पर खरा उतरेंगे। संगठन की मजबूती पर ध्यान देंगे। जिले के विकास में निरंतर सहयोग करेंगे।

इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, कोऑपरेटिव बैंक बांदा-चित्रकूट के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, महामंत्री आलोक पांडेय, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, मुन्ना करवरिया, लवलेश निषाद, भागवत त्रिपाठी, तीरथ तिवारी आदि मौजूद रहे। समाजसेवी विवेक अग्रवाल व कुणाल प्रताप सिंह सरकार ने अतिथियों को अंगवस्त्र भेंटकर माल्यार्पण किया।

# जनता के सहयोग से दिव्य होगी रामलीला: नरेन्द्र



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रामलीला भवन में नगर के व्यापारियों व रामलीला प्रेमियों के साथ नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस वर्ष भव्य एवं दिव्य रामलीला करने पर चर्चा हुई। संचालन समिति गठित की गई। रामलीला में सहयोग करने वाले पुराने साथियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। तय हुआ कि छह से 24 अक्टूबर तक रामलीला होगी।

शनिवार को अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि रामलीला भारतीय संस्कृति की पहचान रही है। रामलीला से राम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना है। रामलीला दया भक्ति भावना के साथ शुरू की जायेगी। नगर पालिका के कर्मचारियों का व्यवस्था में सहयोग लिया जायेगा। रामलीला संचालन के अगुवा बसंतराव गोरे की अगुवाई में भव्य और दिव्य बनाया जाएगा। अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि रामलीला को प्रांतीयकृत करने का प्रयास जारी है। इस वर्ष नगरवासियों के सहयोग से ही रामलीला कराई जाएगी। उन्होने कहा कि अगले आयोजन में सरकार की ओर से भी आर्थिक मदद मिलने की उम्मीद है। रामलीला की सांस्कृतिक परंपरा को गौरवशाली व वैभवशाली बनाने को नगर पालिका संकल्पबद्ध है। बैठक में वरिष्ठ व्यापारी/समाजसेवी विवेक अग्रवाल, अशोक गुप्ता, जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी, विजय मिश्रा, महेंद्र अग्रवाल, रतन पटेल, अभिषेक मिश्रा, पूर्व सभासद किशन श्रीवास्तव, नरेश केसरवानी, राकेश केसरवानी, शैलेंद्र सोनी, शंकर यादव, विनीत पयासी, शुभम केशरवानी, राजा साहू, ओमकार यादव, बद्री, नगर पालिका के ईओ लालजी यादव, सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, वरिष्ठ लिपिक कर्मोत्तम सिंह, सुभाष गुप्ता, अशरफ खान, रवि, ज्ञानेंद्र, कौशल, राजेंद्र राम, ज्ञानचंद गुप्ता, छोटा गुप्ता, जितेंद्र केसरवानी, अंकित केसरवानी, हरे कृष्ण सोनी, देवेंद्र उर्फ कल्लू केसरवानी, नीतू दादा, अब्दुल अहमद, आमिर खान, अंकित केसरवानी, अभिषेक लंबरदार, अशोक श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## फरियादियों की समस्यायें गम्भीरता से सुनें: डीएम



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला की मौजूदगी में थाना समाधान दिवस मऊ कोतवाली में हुआ। उन्होंने समाधान दिवस में फरियादियों की समस्यायें सुनी। जमीनी विवाद के मामले राजस्व/पुलिस टीम को मौके पर भेजकर निस्तारित कराये।

शनिवार को जिलाधिकारी ने कहा कि उप्र सरकार की मंशानुसार थाना समाधान दिवस में आये हर फरियादियों की समस्यायें गम्भीरता से सुनी जाये। समय सीमा के भीतर निस्तारण कराया जाये, ताकि फरियादियों को इधर-उधर भटकना न पडे। शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जॉच फरियादियों के मोबाइल पर बात कर की जायेगी। निस्तारण फर्जी मिला तो निस्तारित करने वाले अधिकारी/कर्मचारी के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

थाना समाधान दिवस में आये जमीनी मामलों को सूचीबद्ध कर राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर बिना किसी पक्षपात के निस्तारित करने के निर्देश दिये।

## लक्स इंडस्ट्रीज के पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और नई दिल्ली स्थित ठिकानों पर आयकर का छापा

**नई दिल्ली।** अंडर गार्मेन्ट्स बनाने वाली मशहूर कंपनी लक्स इंडस्ट्री के ठिकानों पर आयकर विभाग ने छापा मारा है। ये छापेमारी पश्चिम बंगाल के कोलकाता, तमिलनाडु और नई दिल्ली स्थित




ठिकानों पर हो रही है। सूत्रों ने बताया कि 200 करोड़ रुपये से अधिक की कर चोरी के मामले में आयकर विभाग ने छापा मारा है। ये छापेमारी कंपनी के टॉप अधिकारियों के घरों और दफ्तरों पर भी हो रही है। लक्स इंडस्ट्री को पहले विश्वनाथ होजरी मिल्स के नाम से जाना जाता था। इसकी स्थापना गिरधारी लालजी टोडी ने साल 1957 में की थी। यह कंपनी पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के अंतःवस्त्र (अंडरगार्मेंट्स) का निर्माण करती है।

## कसीनो कंपनी डेल्टा कॉर्प को झटका, जीएसटी महानिदेशालय ने थमाया 11,139 करोड़ का नोटिस

**नई दिल्ली।** जीएसटी महानिदेशालय ने कसीनो चलाने वाली कंपनी डेल्टा कॉर्प को 11,139 करोड़ रुपये का नोटिस जारी किया है। कंपनी को ब्याज और जुर्माने के साथ यह रकम चुकानी है। नोटिस के मुताबिक, कंपनी ने जुलाई, 2017 से मार्च, 2022 के दौरान कम टैक्स भरा था। कंपनी ने सफाई दी है कि नोटिस की राशि अन्य



मामलों के साथ जुड़ी अवधि में कसीनो में खेले गए सभी खेलों के सकल दांव मूल्य पर आधारित है। डेल्टा कॉर्प ने कहा, हमने कानूनी सलाह ली है। नोटिस और कर की मांग मनमानी और कानून के विपरीत है। कंपनी ऐसी कर मांग और संबंधित कार्यवाही को चुनौती देगी।भारत की सबसे बड़ी कसीनो कंपनी मानी जाने वाली डेल्टा कॉर्प ने कहा, कुल गेमिंग राजस्व के बजाय सट्टेबाजी मूल्य पर जीएसटी की मांग का मुद्दा इस उद्योग ने पहले ही उठाया है।

बीते जुलाई महीने में हुई जीएसटी परिषद की 50वीं बैठक में ऑनलाइन गेमिंग, घुड़दौड़ और कसीनो की फुल वैल्यू पर 28 फीसदी जीएसटी लगाने का फैसला हुआ था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बैठक की अध्यक्षता की थी।

## धान के रकबे तीन फीसदी का इजाफा, दलहन में गिरावट

**नई दिल्ली।** चालू खरीफ सत्र में अब तक धान का रकबा करीब 3 फीसदी बढ़कर 411.52 लाख हेक्टेयर पहुंच गया।?= हालांकि, दलहन का रकबा 5 फीसदी घटकर 122.57 लाख हेक्टेयर रह गया। कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, मोटे अनाज का रकबा 183.73 लाख हेक्टेयर से मामूली बढ़कर 186.07 लाख हेक्टेयर पहुंच गया। गन्ने का क्षेत्रफल सालाना आधार पर 55.66 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 59.91 लाख हेक्टेयर पहुंच गया।? हालांकि,



तिलहनों की बुवाई 196.08 लाख हेक्टेयर के मुकाबले घटकर 192.91 लाख हेक्टेयर रह गई।? कपास खेती का रकबा भी घट गया है।सरकार ने खुला बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत 13 ई-नीलामी में थोक ग्राहकों को केंद्रीय भंडार से 18.09 लाख टन गेहूं बेचा है। इससे गेहूं व इसके आटे के दाम घटाने में मदद मिली है। खाद्य मंत्रालय ने कहा, साप्ताहिक ई-नीलामी में गेहूं 2,125 रुपये प्रति क्विंटल के मूल्य पर बिक रहा है। यह न्यूनतम समर्थन मूल्य के बराबर है।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 94 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 94 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 91 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के भाव में कोई बदलाव नहीं किया है। समीक्षा के लिए जिला स्तरीय एनसीओआरडी समिति बैठक की अध्यक्षता की

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक शनिवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल



102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के अंतिम दिन ब्रेंट क्रूड 0.03 डॉलर यानी 0.03 फीसदी की गिरावट के साथ 93.27 डॉलर प्रति बैरल पर बना हुआ है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.40 डॉलर यानी 0.45 फीसदी की बढ़त के साथ 90.03 डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 86.7 करोड़ डॉलर घटकर 593.04 अरब डॉलर पर

**मुंबई/नई दिल्ली।** देश के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार दूसरे हफ्ते गिरावट आई है। विदेशी मुद्रा भंडार 15 सितंबर को समाप्त हफ्ते में 86.7 करोड़ डॉलर घटकर 593.04 अरब डॉलर रह गया है, जो चार महीने का निचला स्तर है। इससे पिछले हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार 4.99 अरब डॉलर घटकर 593.90 अरब डॉलर रहा था।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि 15 सितंबर को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार 86.7 करोड़ डॉलर घटकर 593.04 अरब डॉलर रहा है। इससे पिछले हफ्ते देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 4.99 अरब डॉलर घटकर 593.90 अरब डॉलर रहा था। इस दौरान विदेशी मुद्रा भंडार का अहम घटक माने जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 51.1 करोड़ डॉलर घटकर 525.91 अरब डॉलर रह गई।आंकड़ों के मुताबिक स्वर्ण भंडार का मूल्य भी 38.4 करोड़ डॉलर घटकर 44 अरब डॉलर रह गया। रिजर्व बैंक के मुताबिक विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 3.2 करोड़ डॉलर घटकर 18.09 अरब डॉलर रहा है। वहीं, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास रखा देश का मुद्रा भंडार 40 लाख डॉलर घटकर



5.03 अरब डॉलर रह गया है। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर, 2021 में देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था।

## लगातार चौथे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ बाजार, 19,700 से नीचे गिरा निफ्टी

**नई दिल्ली।** वैश्विक दबाव के कारण घरेलू शेयर बाजार सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन भी कमजोरी के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत सपाट स्तर पर हुई थी। खरीदारों ने कई बार लिवाली का जोर लगा कर बाजार को सहारा देने की कोशिश की। इसके बावजूद बिकवाली के जबरदस्त दबाव के कारण शेयर बाजार की चाल बार-बार टूटती रही। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.33 प्रतिशत और निफ्टी 0.34 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार के दौरान कंज्यूमर ड्युरेबल्स, फार्मास्यूटिकल्स, कमोडिटी और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक बिकवाली होती रही। इसके साथ ही मेटल, इंफ्रास्ट्रक्चर, एनर्जी और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों पर भी दबाव बना रहा। ऑटोमोबाइल, पीएसयू बैंक और टेलीकम्युनिकेशंस सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लिवालों और बिकवालों के बीच लगातार खींचतान की स्थिति बनी रही, जिसके कारण स्मॉलकैप और मिडकैप इंडेक्स मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.14 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.04 प्रतिशत की मामूली तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। बाजार में आज आई गिरावट के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 12 हजार करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 317.78 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 317.90 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 12 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,781 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,786 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,847 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, 148 शेयर बिना



किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,017 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 931 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में और 1,086 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 13 शेयर बढ़त के साथ और 17 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 20 शेयर हरे निशान में और 31 शेयर लाल निशान में बंद हुए।बीएसई का सेंसेक्स आज 15.20 अंक की मामूली कमजोरी के साथ 66,215.04 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारों की लिवाली से इस सूचकांक की चाल में कुछ देर के लिए तेजी आई। थोड़ी देर बाद ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये सूचकांक तेजी से गिरता चला गया। हालांकि सुबह 10 बजे के बाद खरीदारों ने एक बार फिर जोर लगाया, जिसके कारण ये सूचकांक लाल निशान से रिकवरी करके 215.23 अंक की मजबूती के साथ 66,445.47 अंक के स्तर तक पहुंच गया। दोपहर 1 बजे के बाद एक बार फिर बिकवाली का दबाव तेज हो गया, जिसकी वजह से ये सूचकांक ऊपरी स्तर से 492.64 अंक टूट कर 277.41 अंक की कमजोरी के साथ 65,952.83 अंक के स्तर पर पहुंच गया। पूरे दिन हुई खरीद-बिक्री के बाद सेंसेक्स ने 221.09 अंक की कमजोरी के साथ 66,009.15 अंक के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया। सेंसेक्स के विपरीत एनएसई के निफ्टी ने आज 2.50 अंक की सांकेतिक बढ़त के साथ 19,744.85 अंक के स्तर पर कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही इस सूचकांक में भी कुछ देर के लिए तेजी आई लेकिन उसके बाद बिकवाली के दबाव की वजह से ये सूचकांक भी नीचे लुढ़क गया। बाजार में पूरे दिन खरीदारों और बिकवालों के बीच खींचतान चलती रही, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में भी उतार-चढ़ाव होता नजर आया। खरीदारी के सपोर्ट से निफ्टी 19,798.65 अंक तक पहुंचा, वहीं बिकवाली का दबाव बनने पर 19,657.50 अंक के स्तर तक लुढ़क भी गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद इस सूचकांक ने 68.10 अंक की कमजोरी के साथ 19,674.25 अंक के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया।

बाजार में पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से इंडसइंड बैंक 2.95 प्रतिशत, मारुति सुजुकी 2.44 प्रतिशत, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया 1.70 प्रतिशत, महिंद्रा ऐंड महिंद्रा 1.51 प्रतिशत और बजाज फिनसर्व 1.15 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए।

## वित्त मंत्रालय को चालू वित्त वर्ष में 6.5 फीसदी की आर्थिक वृद्धि दर का भरोसा

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने भरोसा जताया है कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 6.5 फीसदी की आर्थिक वृद्धि दर हासिल की जा सकती है। वित्त मंत्रालय को यह भरोसा कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और मानसून की कमी के जोखिमों के बावजूद है। वित्त मंत्रालय ने जारी अगस्त महीने की मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा कि देश चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 6.5 फीसदी की आर्थिक वृद्धि दर हासिल कर लेगा। वित्त मंत्रालय ने रिपोर्ट में कहा कि कंपनियों की लाभप्रदता, निजी पूंजी निर्माण और बैंक ऋण वृद्धि में सुधार के कारण ये वृद्धि दर हासिल की जा सकती है। मंत्रालय की मासिक समीक्षा रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत वित्त वर्ष 2022-23 की तरह मौजूदा वित्त वर्ष का सामना पूरे भरोसे के साथ करने को तैयार है। आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल-जून तिमाही में




7.8 फीसदी की वृद्धि दर के पीछे मजबूत घरेलू मांग, खपत और निवेश मुख्य वजह थी। इसके अलावा जीएसटी संग्रह, बिजली खपत, माल ढुलाई आदि जैसे विभिन्न उच्च-आवृत्ति संकेतकों में भी वृद्धि दर्ज की गई। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 6.5 फीसदी की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान लगाया है।

## सरकार ने कीमतें नियंत्रित करने को खुले बाजार में 18.09 लाख टन गेहूं बेचा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कीमतों को नियंत्रित करने के लिए खुले बाजार में 18.09 लाख टन गेहूं बेचा है। ये गेहूं खुले बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत 13 ई-नीलामी में थोक ग्राहकों को केंद्रीय पूल से बेचा गया। इससे गेहूं और गेहूं के आटे की कीमतों को कम करने में मदद मिली है।

खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने जारी बयान में बताया कि 21 सितंबर तक ओएमएसएस के तहत कुल 13 ई-नीलामी के जरिए 18.09 लाख टन गेहूं बेचा गया है। मंत्रालय ने कहा कि साप्ताहिक ई-नीलामी के जरिए गेहूं 2,125 रुपये प्रति क्विंटल के आरक्षित मूल्य पर बेचा जा रहा है, जो मौजूदा न्यूनतम समर्थन मूल्य के बराबर है। मंत्रालय ने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान देश भर में भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के 480 से



अधिक डिपो से प्रत्येक साप्ताहिक नीलामी में दो लाख टन गेहूं की पेशकश की जा रही है। ई-नीलामी में गेहूं का भारांश औसत बिक्री मूल्य अगस्त महीने में 2,254.71 रुपये प्रति क्विंटल था, जो 20 सितंबर को घटकर 2,163.47 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने नौ अगस्त को घोषणा की थी कि वह थोक ग्राहक को ओएमएसएस के तहत अतिरिक्त 50 लाख टन गेहूं और 25 लाख टन चावल बेचेगी।

## निरमा का होगा ग्लेनमार्क लाइफ साइंसेज

**नई दिल्ली।** डिटर्जेंट साबुन बनाने वाली कंपनी निरमा ने ग्लेनमार्क लाइफ साइंसेज में 7,500 करोड़ रुपये के उद्यम

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

इसके अलावा, निदेशक मंडल लेनदेन को अंतिम रूप देने से पहले 2,250 करोड़ रुपये के







अंतरिम लाभांश की घोषणा पर विचार कर रहा है। इस सौदे के लिए अपेक्षित समापन तिथि वित्त वर्ष 24 में है, जो आवश्यक नियामक और शेयरधारक अनुमोदन प्राप्त करने के अधीन है। सौदे के बाद ग्लेनमार्क फार्मा अब भी ग्लेनमार्क लाइफसाइंसेज में 7.84 प्रतिशत हिस्सेदारी बनाए रखेगी। इसके अतिरिक्त, ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स के वर्तमान प्रमोटर समूह के सदस्यों को सार्वजनिक शेयरधारकों के रूप में फिर से वर्गीकृत किया जाएगा, जो अपनी दो बोर्ड सीटों को त्याग देंगे। हिस्सेदारी बिक्री के अलावा ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स और ग्लेनमार्क लाइफसाइंसेज ने अपने कारोबारी संबंधों को अगले पांच साल के लिए बढ़ा दिया है। ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स ने 1 अप्रैल, 2024 से ग्लेनमार्क लाइफसाइंसेज के लिए एपीआई खरीदने की प्रतिबद्धता के साथ अपने एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रेडिएंट (एपीआई) आपूर्ति और खरीद समझौते में संशोधन किया है। इसके अलावा, एक संशोधन सेवा समझौता स्थापित किया गया है, जिसके तहत ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स और इसकी सहायक कंपनियां एक परिभाषित अवधि के लिए ग्लेनमार्क लाइफसाइंसेज को सहायता सेवाएं प्रदान करेंगी।

## त्रिपुरा सरकारः 1.97 लाख कर्मचारियों को मिला दुर्गा पूजा का तोहफा, अनुग्रह राशि और फेस्टिवल एडवांस का एलान

**नई दिल्ली।** त्रिपुरा के वित्त मंत्री प्रणजीत सिंह रॉय ने आगामी दुर्गा पूजा उत्सव के लिए राज्य सरकार के 1.97 लाख कर्मचारियों के लिए अनुग्रह राशि और त्योहार अग्रिम की घोषणा की है। समूह सी और डी के कर्मचारियों के लिए त्योहार अनुदान या अनुग्रह राशि 1,500 रुपये से बढ़ाकर 1,800 रुपये कर दी गई है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि ग्रुप ए, बी और सी के कर्मचारियों के लिए फेस्टिवल एडवांस 2000 रुपये होगा। वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार को इस उद्देश्य के लिए 36




करोड़ रुपये खर्च करने होंगे। उन्होंने दावा किया कि त्रिपुरा की राजकोषीय स्थिति विवेकपूर्ण है और भाजपा-आईपीएफटी सरकार ने पिछले वित्त वर्ष से लोगों पर ऋण के बोझ को कम करना शुरू कर दिया है। उन्होंने सिविल सचिवालय में संवाददाताओं से कहा कि एफआरबीएम (राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम, स्त्रक्रक्र) के तहत राज्य 2022-23 के दौरान 2,664 करोड़ रुपये का कर्ज ले सकता है लेकिन कोई कर्ज नहीं लिया गया क्योंकि राजकोषीय बोझ बढ़ाने की कोई जरूरत नहीं है।

## भारतीय वाहन बीमा प्रौद्योगिकी स्टार्टअप रोडजेन नैस्डैक में सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से संचालित एक प्रमुख वैश्विक वाहन बीमा प्रौद्योगिकी कंपनी के रूप में उभरी भारतीय स्टार्टअप रोडजेन को नैस्डैक में सूचीबद्ध किया गया है। कंपनी ने गुरुवार को नैस्डैक पर अपनी शुरुआत की, इसके सामान्य शेयर 'आरडीजेडएन' प्रतीक के तहत नैस्डैक ग्लोबल मार्केट पर कारोबार करते थे और इसके वारंट 'आरडीजेडएनडब्ल्यू' प्रतीक के तहत नैस्डैक कैपिटल मार्केट पर कारोबार कर करते दिखे। कंपनी 22 सितंबर, 2023 को न्यूयॉर्क शहर के नैस्डैक में समापन घंटी बजाएगी। एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया है कि वैश्विक दृष्टिकोण के साथ भारत में निर्मित, रोडजेन ने 683 मिलियन अमरीकी डालर के प्री-मनी इक्विटी मूल्य को हासिल करके एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया है। 'सार्वजनिक रूप से जाना रोडज़ेन की यात्रा में एक महत्वपूर्ण क्षण है, फिर भी यह विश्व स्तर पर ड्राइवरों को सरल, स्मार्ट और सुरक्षित बीमा प्रदान करने के हमारे मिशन में केवल एक मील का पत्थर है। रोडजेन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन मल्होत्रा के हवाले से एक अन्य विज्ञप्ति में कहा गया है, 'हम 800 अरब डॉलर के ऑटो बीमा बाजार को नया आकार देने में एआई की परिवर्तनकारी क्षमता के बारे में अविश्वसनीय रूप से उत्साहित हैं और एआई, मोबिलिटी और बीमा के चौराहे पर रोडजेन को अग्रणी बनाने के लिए अपना ध्यान केंद्रित करने जा रहे हैं। लिस्टिंग से पहले मल्होत्रा ने कहा कि यह भारत के लिए एक महान क्षण है और उन्हें उम्मीद है कि भारतीय कंपनियां वैश्विक बाजारों पर हावी होंगी।